ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 22 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 169 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

रैंप वॉक के लिए नेटिजेंस ने एक्ट्रेस आलिया ... पेज 12 पर

युवाओं के सपने हो रहे साकार सारथी बन रही झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत

बिरसा योजना

(Block Level Institute for Rural Skill Acquisition)

एवं रोजगार प्रोत्साहन भत्ता/परिवहन भत्ता वितरण का

शुभारंभ

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

डॉ महुआ माजी
माननीया सांसद, राज्यसभा

श्री संजय सेठ
माननीय सांसद, लोकसभा, रांची

श्री सी. पी. सिंह
माननीय विधायक, रांची

दिनांक : 22 जुलाई, 2023 | समय: अपराह्न 1 बजे
स्थान : आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय

योजना हेतु पात्रता (आयु)-
- सामान्य वर्ग: 18-35 वर्ष
- एससी/एसटी/ओबीसी वर्ग: 18-50 वर्ष तक

बिरसा केंद्र-
- प्रथम चरण में 80 प्रखण्डों में केंद्र की शुरुआत
- प्रखण्ड स्तर पर नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था

रोजगार प्रोत्साहन भत्ता-
- युवकों को ₹1,000 प्रतिमाह
- युवतियों/दिव्यांग/परलैंगिक को ₹1,500 प्रतिमाह
(प्रशिक्षण के बाद सफल प्रशिक्षणार्थियों को तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में भत्ता अधिकतम एक वर्ष के लिए DBT के जरिए)

परिवहन भत्ता-
- ₹1,000 प्रतिमाह
(गैर-आवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र आने-जाने के लिये भत्ता DBT के जरिए)

टोल फ्री नम्बर: 1800-123-3444

PR No. 302946 (Labour Employment and Training) 2023-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

मध्यम वर्ग तक सिमट कर रह गई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

अब धुआं रहित चूल्हा बना गरीब महिलाओं का सहारा

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सिर्फ मध्यम वर्ग की महिलाओं तक सिमट कर रह गई। गांव के गरीब परिवारों ने गैस का उपयोग करना ही बंद कर दिया। महिलाओं का कहना है कि उनके पास इतने पैसे नहीं हैं कि हर महीने 12 सौ रुपये देकर गैस सिलेंडर खरीद सकें। यही कारण है कि आज दूर-दराज की गरीब महिलाएं जंगलों से लकड़ियां लाकर भोजन बनाती हैं। इससे महिलाओं की सेहत पर धुएं का दुष्प्रभाव पड़ने लगा। इसको देखकर गांव की महिलाएं अब धुआं रहित चूल्हे का उपयोग कर रही हैं। खूंटी जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित है मुरहू प्रखंड के कुंजला पंचायत का गांव सिंघा दुलवा।

गांव में सिर्फ अनुसूचित जनजाति के लोग रहते हैं। गांव में 34 परिवार के 238 लोग निवास करते हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्र रहने के कारण गांव के लोगों को स्वच्छ ऊर्जा समाधान की जानकारी का अभाव था। लोग खाना बनाने के लिए परंपरागत चूल्हे का उपयोग करते हैं। इसमें लकड़ी, गोबर के उप्पले और केरोसिन से चूल्हा जलाया जाता था। इसके कारण पूरा घर धुआं से भर जाता था। इसका दुष्प्रभाव परिवार पर पड़ता था। साथ ही लकड़ी भी अधिक लगती थी और फिर जंगलों और पेड़ों की कटाई शुरू हो जाती थी। बाद में गांव की महिलाओं को स्वयंसेवी संस्था लीड्स की रेस परियोजना की जानकारी मिली। महिलाओं के आग्रह पर रेस परियोजना के तहत लीड्स संस्था ने गांव में ग्राम स्वच्छ ऊर्जा समिति का गठन किया। इसकी मासिक बैठक में लोगों को स्वच्छ ऊर्जा के बारे में जानकारी दी जाती और उन्हें धुआं रहित चूल्हों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाने लगा। बाद में उन्हें धुआं रहित चूल्हा के निर्माण की जानकारी दी गई। आज गांव के 38 परिवारों में से 28 परिवारों में धुआं रहित चूल्हे का उपयोग हो रहा है। गांव की महिला ललिता भेंगरा और जौनी मुंडाइन बताती हैं कि ग्राम स्वछ ऊर्जा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया की गांव के सभी परिवार को धुआं से मुक्त करने के लिए सभी कोई धुआं रहित चूल्हे का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया धुआं रहित चूल्हे का निर्माण एक सांचे में किया जाता है।

खूंटी में 29 और 30 जुलाई को निकलेगा मोहर्रम का जुलूस

खूंटी। सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार से मुलाकात की और मोहर्रम जुलूस को लेकर उनसे बातचीत की। कमेटी ने एसपी से शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती का आग्रह किया। एसपी को मोहर्रम कमेटी के अधिकारियों ने बताया कि सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष जमील अख्तर, महासचिव सयूम अंसारी, ज्वाइंट सेक्रेट्री अकरम हुसैन, इरफान अंसारी और इम्तियाज अंसारी के नेतृत्व मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। महासचिव सयूम अंसारी ने बताया कि योमें असुरा में मोहर्रम का जुलूस 20 तारीख से असुरा का दिन शुरू होता है 1445 हिजरी के मुताबिक 25 जुलाई को पांचवीं का निशान शिवाजी चौक में फहराया जाएगा और सातवीं का निशान 27 जुलाई को सभी अखाड़ों में कराया जाएगा।

मोहर्रम को लोग महीने से नहीं बल्कि इमाम हुसैन से जानते हैं : मौलाना तहजीबुल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मस्जिद जाफरिया रांची में मजलिस जिक्र शहीदाने करबला की दूसरी मजलिस को ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने संबोधित करते हुए कहा कि मोहर्रम किसी पर्व का नाम नहीं बल्कि एक अमल का नाम है। मोहर्रम को लोग महीने से नहीं बल्कि हजरत इमाम हुसैन से जानते हैं। जब आप हिंदू या मुस्लिम से पूछेंगे कि मोहर्रम किस बात को बताता है तो सभी यही कहेंगे यह कुर्बानी इमामे

हुसैन की याद है। हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी हुकूमत बचाने के लिए नहीं बल्कि इंसानियत और हक को बचाने के लिए है। इमामे हुसैन की कुर्बानी से यह सबक मिलता है की सच्चाई और हक के रास्ते पर चलकर जान की बाजी लगाना बहादुरी का काम है। इमामे हुसैन का मदीने से चला हुआ काफिला 2 मोहर्रम को करबला पहुंचा और इमाम हुसैन ने जमीन ए कर्बला को उनके मालिक से खरीदा और वहां खेमा(टेंट) लगाया। इमामे हुसैन ने जमीन को खरीद कर जमाने को यह पैगाम(संदेश) दिया कि दूसरों की जायदाद, जमीन पर जबरन कब्जा करना बुजदिली है। नैहा खानी हाशिम अली व कासिम अली ने की। पेश खानी आमोद अब्बास, हसनैन रांची, आगा जफर ने पेश की। यह मजलिस अंजुमन जाफरिया रांची के तत्वधान में किया जा रहा है।

पंचायत स्वयंसेवकों के बकाए का जल्द भुगतान करे सरकार : रघुवर दास

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रघुवर दास आज पंचायत स्वयंसेवकों से मिले। ये पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर

राजभवन के पास धरने पर हैं। उन्होंने कहा कि जब सिंडिकेट के इशारे पर चलने वाले मुख्यमंत्री अपने दागी प्रतिनिधि को हटाने की हिम्मत नहीं दिखा पाए, तो क्या वे पंचायत स्वयंसेवकों को मांगे पूरी करेंगे? नहीं। मैं मुख्यमंत्री से अपील करता हूं कि आपको स्वयंसेवक शब्द से परेशानी है, तो नाम बदल दीजिए, लेकिन इन बच्चों का बकाया जल्द दे दीजिए। धरने पर बैठे पंचायत स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप संघर्ष जारी रखें। अगली बार भाजपा सरकार के आने पर गांवों में एक बार फिर पंचायत सचिवालयों को मजबूत किया जाएगा। साथ ही पोषण सखी और जल सहिया बहनों को भी उनका अधिकार मिलेगा। हेमंत सोरेन जी 2019 के चुनाव में आप बड़ी-बड़ी बातें करके चुनाव जीते। जनता ने आपको जनादेश दिया है। पर आज कहां गए वह वादे। राज्य में सरकार नाम की कोई भी चीज नहीं है सभी जगह भ्रष्टाचार फैला हुआ है ब्लॉक से लेकर सीएमओ तक। जनता सब देख रही है, इन चुनावों में इस सरकार को इसका नतीजा भुगतना होगा।

वन विभाग की ओर से लगाए जा रहे हैं पौधे

सिल्ली। सिल्ली वन विभाग की और से वन क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जा रहे हैं। विभाग के वनरक्षी गौतम बॉस ने बताया कि पूरे प्रखंड में विभिन्न वन क्षेत्र

में 35 हजार पौधे लगाए जाएंगे। जिसकी शुरूआत टेटेबंदा वन क्षेत्र से की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि वन विभाग जंगल में ऐसे पौधे लगाने जा रहा है जिनसे, न सिर्फ हरियाली आएगी बल्कि, जंगल की सुंदरता बढ़ेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के साधन भी मिलेंगे।पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा तथा पेड़ लगाना होगा।

सुब्रतो कप फुटबॉल का आयोजन हुआ संपन्न

सिल्ली। प्रखंड स्तरीय प्री सुब्रतो कप फुटबॉल का आयोजन शुक्रवार को सिल्ली स्टेडियम परिसर में किया गया. प्रतियोगिता का उद्घाटन सिल्ली के प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, जिला परिषद सदस्य वीना चौधरी एवं बीडीओ पावन आशीष लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया. प्रतियोगिता में सिल्ली प्रखंड के 57 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया. अंडर 17 की बालिका वर्ग की 13 एवं बालक वर्ग के 14 टीम के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. इस मौके पर बीईईईओ बीके झा, बीपीओ मनोज समेत अन्य मौजूद थे।

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री से चयनित दिव्यांगजन खिलाड़ियों ने की मुलाकात

खिलाड़ियों को हर संभव मदद करेगी सरकार : मुख्यमंत्री

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मलेशिया में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में चयनित झारखंड के सात दिव्यांगजन खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने खिलाड़ियों को अपनी और से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि हमारे राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों से चयनित दिव्यांग खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि मलेशिया में आयोजित

इस प्रतियोगिता में झारखंड से चयनित इन सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने यहां के खिलाड़ियों के विकास के लिए एक बेहतर खेल नीति बनाई है। इस नई खेल नीति का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मदद पहुंचाकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहचान देना है।

इस अवसर पर मुलाकात करने पहुंचे पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ी प्रतिमा तिर्की, अनीता तिर्की, तारामणि लकड़ा, असुंता टोप्पो, महिमा उरांव, जयश्री, सनोज महतो एवं कोच मुकेश कंचन से मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत परिचय लिया। मुख्यमंत्री ने चयनित खिलाड़ियों से कहा कि राज्य सरकार की ओर से आप सभी को हर संभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप प्रतियोगिता में अपना शत-प्रतिशत दें, राज्य सरकार आपके साथ सदैव खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको आने वाले दिनों में कोई भी समस्या हो तो राज्य सरकार के साथ अवश्य समन्वय बनाएं, नई खेल नीति के तहत आपकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पैरा थ्रो बॉल एसोसिएशन झारखंड की सचिव सरिता सिन्हा एवं सोदाग पंचायत के मुखिया पतरस तिर्की उपस्थित थे।

खेती से ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधरेगा : बंधु तिर्की

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

पूर्व मंत्री,झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शुक्रवार को बेड़ो प्रखण्ड के विभिन्न गाँवों में धान रोपाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अपेक्षित वर्षा न होने से निराश महिला-पुरुष किसानों से मुलाकात किया। इस दौरान किसानों ने उन्हें कहा कि वर्षा न होने के कारण खेती पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। किसानों ने कहा कि धान के बिचड़े तैयार हैं परंतु अपर्याप्त बारिश के कारण किसान किसी भी तरह से रोपनी की तैयारी कर रहे हैं। श्री तिर्की ने आज विशेष रूप से बेड़ो प्रखण्ड के करगे,पतराटोली, बेड़ो बैरटोली व जामटोली आदि गाँवों में खेतों का भ्रमण कर खेती की हालचाल को जाना। उन्होंने किसानों को सांत्वना भी दिया। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी ही हमारा आधार है। भले ही झारखण्ड की खनिज या वन संसाधन इसकी प्रचुरता के लिये जाना जाता हो। लेकिन खेती की उपेक्षा का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। इसीलिए सबसे बड़ी जरूरत यही है कि हम कभी भी खेती-किसानी को उपेक्षा की दृष्टि से ना देखें। उन्होंने बेड़ो प्रखण्ड के विभिन्न गाँवों में किसानों से मुलाकात के दौरान लोगों की मूलभूत समस्याओं की जानकारी लिया।

दुकान आवंटन के लिए पूर्व विधायक ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड कार्यालय परिसर में पंचायत समिति फंड द्वारा निर्मित दुकानों के आवंटन में देरी को लेकर भाजपा की तरफ से लगातार ज्ञापन दिया जा रहा है। वही प्रशासन द्वारा अभी तक दुकान का आवंटन नहीं किया जा सका है। जहां मांडर की पूर्व विधायक सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजुर ने उपायुक्त रांची को ज्ञापन दिया है। जिसमें प्रशासन द्वारा 26 जून को 2023 तक आवंटन हेतु आवेदन मांगा गया था।लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में लोगों को इसकी जानकारी नहीं हो पाई। जिसके कारण जरूरतमंद व बेरोजगार लोग आवेदन जमा नहीं कर पाएं। पूर्व विधायक ने दोनों दुकानों के आवंटन निष्पक्ष व पारदर्शिता के लिए लोगो को जानकारी देकर व प्रचार प्रसार करके आवंटन की प्रकिया कराये जाने की मांग की है।

रक्तदान शिविर आयोजनकर्ताओं को रिम्स में किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) ने शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजनकत्ताओं को सम्मानित किया। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने शिविर आयोजनकत्ताओं के उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अरुण सिंह ने कहा कि रक्त की आवश्यकता हमेशा होती है। ऐसे में लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना जरूरी है। विभागीय स्तर पर हमारी कोशिश होगी की रक्तदान अभियान राज्यभर में चले। ग्रामीण क्षेत्रों में रक्त की आवश्यकता को देखते हुए कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में रक्त भंडारण यूनिट की शुरूआत जल्द की जाएगी। रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजीव कुमार

गुप्ता कहा कि रिम्स ब्लड बैंक में जितने रक्त की आवश्यकता होती है उतना रक्तदान नहीं होता है। इस वजह से रक्त की कमी होती है और लोगों को परेशानी होती है। इसलिए ज्यादा रक्तदान शिविर लगाने और जागरूकता लाने की आवश्यकता है। सम्मान समारोह में रिम्स डीन डॉ विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेन्द्र बिरुआ, उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, जेएससीए के उपाध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संजय पांडेय मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची
फीड बेस्ड फिशरीज योजना 2023–24 अंतर्गत

सूचना

एतद् द्वारा राँची जिला के मत्स्यकृषकों/केज मत्स्यपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश संख्या – 07, रा0(वि0) दिनांक 13.06.2023 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजना 2023–24 अंतर्गत राँची जिला के मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों/आर0ए0एस0/बॉयोफ्लॉक/बॉयोफ्लॉक तालाब के मत्स्य पालकों को अतिरिक्त मछली के उत्पादन हेतु अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड के क्रय पर निम्नांकित तालिका के अनुरूप अनुदान उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान किया गया है। योजना का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है :–

क0 सं0	क्रय किये जाने वाले फीड का प्रकार	इकाई वार लक्ष्य (टन में) 796	789	सुसंगत विवरण
1	झारखोफिष/विभागीय फिष फीड मिल/P.M.M.S.Y. अंतर्गत निर्मित फिष फीड मिल से फ्लोटिंग फीड का क्रय	10	05	1) मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 50 प्रतिषत् अथवा 22/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर कम–से–कम 24% प्रोटिन गुणवतायुक्त 2 एम0एम0 से बड़े 4 एम0एम0 तक का फिष फीड उपलब्ध कराया जाएगा। 2) विभाग द्वारा स्थापित फिष फीड मिल अथवा झारखोफिष से उत्पादित फिष फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिष फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही यह लाभ कृषकों को फीड के रूप में ही दिया जाएगा।
2	2 एम0एम0 अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फिष फीड का क्रय	50	–	1)राँची जिला के मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों को 2 एम0एम0 अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फिष फीड (खुले बाजार से) क्रय पर अधिकतम 18/– रू0 प्रति किलोग्राम फिष फीड के दर से अनुदान देय होगा। 2) एक लाभुक को अधिकतम कुल 700 किलोग्राम फिष फीड के क्रय पर अधिकतम 12,600/– रू0 का समानुपातिक लाभ देय होगा, जिसका भुगतान डी0बी0टी0 के माध्यम से किया जाएगा।
3	2 एम0एम0 से बड़े एवं 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फिष फीड का क्रय	70	–	1) राँची जिला के केज मत्स्य पालकों को दुसरे crop से मछली उत्पादन के लिए 2 एम0एम0 से बड़े 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर अधिकतम 1200 कि0ग्रा0 के लिए 50 प्रतिषत् अथवा अधिकतम 18/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अधिकतम 21600/– रू0 अनुदान की राषि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान की जाएगी।
4	4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फिष फीड का क्रय	कॉलम कमांक 2 एवं 3 के अंतर्गत	–	1) रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में दुसरे (Second) crop के मछली उत्पादन हेतु एक लाभुक को 90m³ के 1 टैंक (अधिकतम 08 टैंक) के लिए अधिकतम कुल 650 कि0ग्रा0 प्रति टैंक 4 एम0एम0 तक साईज के फैक्टी उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 18/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राषि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी। 2) बॉयोफ्लॉक टैंक में दुसरे (Second) crop के मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को 10m³ के प्रति टैंक (अधिकतम 50 टैंक) के लिए अधिकतम 100 कि0ग्रा0 प्रति टैंक के दर से 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 18/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राषि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान की जाएगी। 3) बॉयोफ्लॉक तालाब (0.1 हे0) में दुसरे crop के मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को अधिकतम 2000 कि0ग्रा0 प्रति तालाब (0.1हे0) के दर से 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 18/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राषि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान की जाएगी।

दुसरे Crop के लिए अनुमान्य अनुदान के लिए लाभुक को अपने पिछले Crop के आंकड़े यथा मत्स्य बीज संचयन का विवरण संचित मत्स्य बीज की संख्या मछलियों की वृद्धि एवं उतरजीविता तथा उपलब्ध एवं बिक्री की गई मछलियों के आंकड़े प्रस्तुत करने होंगे।

अनुदान का लाभ (जहाँ अनुदान नगद भुगतान के रूप में देय है) G.S.T. Billing के माध्यम से वास्तविक रूप से फिश फीड क्रय के पश्चात् ही देय होगा।

उक्त योजना का लाभ लेने के इच्छुक राँची जिला के मत्स्य कृषक/केज मत्स्य पालक विहित प्रपत्र में जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय अवधि में आवेदन जमा कर सकते है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – 05.08.2023 (कार्यालय अवधि तक)

आवेदन जमा करने का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, राँची।

आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में निःशुल्क उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 302959 Fish (23-24)D

मांग केंद्रीय रेल मंत्री से नई दिल्ली में सांसद ने की मुलाकात

बहुत जल्द दौड़ेगी रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने केंद्रीय मंत्री से रांची लोकसभा क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार, नई ट्रेनों के परिचालन और कई ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का आग्रह किया। सांसद श्री सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री को रांची पटना वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए धन्यवाद कहा। इसके साथ ही रांची हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस पर चर्चा की। इस चर्चा में केंद्रीय रेल मंत्री ने सांसद को बताया कि इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है और बहुत जल्द वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन रांची और हावड़ा के बीच आरंभ कर दिया जाएगा। श्री सेठ ने रांची और बनारस के बीच भी वंदे भारत ट्रेन का परिचालन करने का आग्रह किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि बनारस देश की सांस्कृतिक राजधानी है और बड़ा व्यवसायिक केंद्र भी है। झारखंड से प्रतिदिन

हजारों की संख्या में लोग बनारस आवागमन करते हैं परंतु ट्रेन सेवा नहीं होने के कारण कई बार लोगों को समस्याएं होती है। वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन रांची और बनारस के संबंधों को भी मजबूत करेगा। व्यवसायिक दृष्टिकोण से भी दोनों शहर लाभान्वित होंगे। इसके अतिरिक्त विगत 10 वर्षों से चलने वाली साप्ताहिक और विभिन्न ट्रेनों के फेरों को बढ़ाए जाने का आग्रह भी सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री से किया। सांसद ने केंद्रीय रेल मंत्री को बताया कि ऐसी कई ट्रेनें हैं, जो रांची से चेन्नई, बेंगलुरु, एनार्कुलम, वेल्लोर, पुणे, मुंबई जैसे शहरों को जाती हैं। इन ट्रेनों का परिचालन 10 वर्ष से अधिक समय से होता रहा है। इन 10 वर्षों में आबादी भी बढ़ी है और लोगों की यात्राएं भी बढ़ी है। ऐसे में यह आवश्यक है कि इन ट्रेनों का फेरा बढ़ाया जाए ताकि लोगों की यात्रा और सुगम हो सके।

सांसद ने बताया कि इन्हीं ट्रेनों के माध्यम से लोग रोजी रोजगार, उपचार, शिक्षा जैसे आवश्यक कार्यों के लिए महानगर को जाते हैं। ऐसे में फेरा बढ़ाया जाना आवश्यक है। सांसद ने जिन ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाने का आग्रह किया है; उनमें हटिया रेलवे स्टेशन से हटिया बेंगलुरु के लिए 12835/ 12836 और 18637/18638, हटिया से मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए 12812/12811, रांची से मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए 18609/18610, हटिया से पुणे के लिए 22846/22845, धरती आबा एक्सप्रेस 22837/22838 शामिल हैं।

दो वाहनों से 2630 किलो अवैध अफीम डोडा बरामद

खूंटी। पुलिस ने शुक्रवार को तड़के सायको थानांतर्गत गिड्डम कूड़ापूर्ति गांव के समीप पक्की सड़क पर अभियान चलाकर एक 709 ट्रक और एक पिकअप वाहन से 2630 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा बरामद किया। दोनों वाहनों में 134 प्लास्टिक बोरियों में भरकर अफीम डोडा को तस्कर अन्यत्र ले जा रहे थे, लेकिन पुलिस को देखते ही वाहन के चालक और उस पर सवार तस्कर वाहन को खड़ा कर जंगल झाड़ी तथा अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने शुक्रवार शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि गुरुवार देर रात एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि कूड़ापूर्ति के जंगली क्षेत्र से डोडा तस्कर वाहनों से अवैध डोडा को अन्यत्र ले जाने वाले हैं। इस सूचना पर एसपी द्वारा गठित छापामार टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्करी के लिए ले जाए जा रहे अफीम डोडा को पकड़ लिया। वाहन सहित अफीम डोडा को जब्त कर लिया गया है।

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 22 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 169 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

रैंप वॉक के लिए नेटिजेंस ने एक्ट्रेस आलिया ... पेज 12 पर

स्थानीय लोगों को 75 फीसदी आरक्षण न देने पर नोटिस

कानून न मानने पर प्राइवेट सेक्टर की 268 कंपनियों को भेजा नोटिस, 18 पर जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार ने राज्य में प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों में 75 फीसदी स्थानीय लोगों की नियुक्ति का कानून लागू किया है। इस कानून का पालन न करने के आरोप में सरकार ने कुल 268 कंपनियों को नोटिस भेजा है, जबकि 18 कंपनियों पर 30-30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जिन कंपनियों पर जुर्माना लगाया गया है, वह सभी कोडरमा जिले की हैं।

ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि इन कंपनियों ने विधानसभा में नियुक्ति संबंधी कानून पास होने के तीन महीने बाद भी लेबर डिपार्टमेंट के पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। 40 हजार तक की तनख्वाह वाली नौकरियों में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को नियुक्त करने के इस कानून के प्रावधान को नहीं मानने पर सबसे ज्यादा गिरिडीह जिले में 86 कंपनियों को नोटिस भेजा गया है।

गौरतलब है कि नौकरी देने के मामले में श्रम विभाग की ओर से जारी किए गए पोर्टल में राज्य की 5046 कंपनियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें सबसे अधिक पूर्वी सिंहभूम की 1136 कंपनियों ने पोर्टल में जानकारी दी है। वहीं, रांची की 319, सरायकेला-खरसावां की 537, बोकारो की 645, धनबाद की 608 कंपनियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

श्रम विभाग के पोर्टल में 85 हजार से ज्यादा कंपनियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनसे संबंधित जानकारी विभाग को उपलब्ध करायी है। इसमें 1128 कर्मियों का श्रम विभाग ने भौतिक सत्यापन भी किया है। इस कानून के अनुपालन की स्थिति पर निगरानी के लिए झारखंड विधानसभा की एक विशेष कमेटी बनाई गई है, जिसके सभापति नलिन सोरेन हैं। जबकि, प्रदीप यादव और नारायण दास सदस्य हैं। यह कमेटी समय-समय पर इस बात की समीक्षा कर रही है कि राज्य की प्राइवेट कंपनियां 75 फीसदी स्थानीयों के आरक्षण के कानून का कितना पालन कर रही हैं।

प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के दो उग्रवादी हुए गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

मुरहू थानांतर्गत ग्राम एतरे तपिंगसरा की ओर जाने वाली सड़क पर शुक्रवार को पुलिस ने अभियान चलाकर ठेकेदारों से लेवी वसूली के लिए मोटरसाइकिल में भ्रमणशील प्रतिबंतिध संगठन पीएलएफआई के दो उग्रवादी को खदेड़कर पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों उग्रवादी अनुज बोदरा और सुधीर बोदरा सहोदर भाई हैं और पश्चिम सिंहभूम के बंदगांव थानांतर्गत माटागड़ा गांव के निवासी हैं। मौके पर पुलिस ने आरोपितों के पास से पांच जिंदा गोली, पीएलएफआई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

दशरथ चंद्र को राजस्व पर्षद के सचिव का अतिरिक्त प्रभार

रांची। झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (भाप्रसे) के अधिकारी विशेष सचिव भू राजस्व विभाग दशरथ चंद्र दास को अपने कार्यों के अलावा राजस्व परिषद के सचिव के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

किशोरी से दुष्कर्म में रिश्ते के चाचा को आजीवन कारावास

दुमका। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, द्वितीय राकेश मिश्रा की अदालत ने शुक्रवार को आठ साल पहले तालझारी में किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले रिश्ते के चाचा मोहन मरांडी को दोषी पाकर आजीवन कारावास और 20 हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि जमा नहीं करने पर अभियुक्त को दो साल अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

चारा घोटाला मामले में सीबीआई कोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला 28 को

रांची। चारा घोटाला से जुड़े एक और बड़े मामले आरसी 48 ए/96 में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने दोनों ओर से बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में अदालत ने फैसले की तिथि 28 अगस्त निर्धारित की है। यह मामला डोरंडा कोषागार से वर्ष 1990 से 1995 की अवधि में फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर लगभग 36 करोड़ की सरकारी राशि की अवैध तरीके से निकासी किए जाने से संबंधित है। इस मामले में तत्कालीन आपूर्तिकर्ता एवं पूर्व विधायक गुलशन लाल अजमानी सहित 125 आरोपइथ फिलहाल ट्रायल फेस कर रहे हैं। ट्रायल के दौरान 62 आरोपितों का निधन हो चुका है। सीबीआई के वकील रविशंकर ने इस मामले में कुल 616 गवाहों का बयान दर्ज कराया है।

सीएम ने वरीय पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण को लेकर दिए निर्देश, बोले

अपराध पर लगाएं लगाम

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर राज्य के वरीय पुलिस अधिकारियों को तलब किया। मुख्यमंत्री ने वर्तमान समय में राज्य के भीतर हो रही छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने अगले 15 दिन के अंदर राज्य में विधि-व्यवस्था संधारण की स्थिति में सुधार लाने का निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि पुलिस अपनी कार्यशैली में सुधार करते हुए अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाएं, अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित पुलिस अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अपराधियों ने विधि व्यवस्था संधारण को धत्ता बताते हुए कई जघन्य अपराध को अंजाम देने का काम किया है। किसी भी हाल में ऐसे अपराध स्वीकार्य नही है। वर्तमान समय में हो रही अपराधिक घटनाएं राज्य के लिए चिंता का विषय है। अपराधिक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस निमित्त पुलिस बिना किसी दबाव के अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

मौके पर राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद राव लाटकर, आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर, एसपी एटीएस सुरेंद्र झा सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डीजीपी अजय कुमार सिंह को साफ लहजे में कहा कि आपको अपराध पर नियंत्रण के लिए मेरे द्वारा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

राज्य के 10 हजार गांव में खेल मैदान बनाएं : सीएम

मुख्यमंत्री कहा कि हमारी सरकार लगातार राज्य के विकास और जनहित के कार्यों में तेजी लाने के प्रयास में जुटी हुई है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोजगार सृजन हो सके इस निमित्त राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा योजना अंतर्गत राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में जहां कार्य लिया जा सकता है, वैसे क्षेत्रों में मानव दिवस का सृजन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत ली हुई सभी लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण करें। ये बातें हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश देते हुई कही।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य में पीएम आवास निर्माण से संबंधित विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे पीएम आवास जो किन्ही कारणवश लंबित हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास सचिव से जानकारी ली कि झारखंड के 8 लाख पीएम आवास योजना के पात्र लाभुक जिनको केंद्र सरकार की ओर से पीएम आवास आवंटित किया जाना है, उस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा आवास आवंटित किए जाने की दिशा में क्या कार्यवाही की गई है? इस संबंध में ग्रामीण विकास सचिव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य के वंचित 8 लाख पीएम आवास लाभुकों के लिए आवास आवंटन संबंधी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है, इस पर मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्री आलमगीर आलम से आग्रह किया कि इस संबंध में वे दिल्ली जाकर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात कर उनके समक्ष राज्य के वंचित 8 लाख लाभुकों को पीएम आवास आवंटन की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध करें।

68 लाख रुपये की ठगी करने वाला दिल्ली से गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के एक बड़े कारोबारी से 68 लाख की ठगी करने वाले एक व्यक्ति को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। रांची पुलिस की टीम ने विशाल कुमार पांडे नामक शख्स को गिरफ्तार किया है विशाल कुमार पांडे के खिलाफ रांची के कारोबारी अजय कुमार सिंह ने पंडरा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।

क्या है पूरा मामला : पूरा मामला साल 2021 का है। रांची में कारोबार करने वाले अजय सिंह से विशाल कुमार पांडे ने रेलवे में ठेके के नाम पर 68 लाख रुपये की ठगी कर ली थी। साथ मिलकर ठेकेदारी करने का दावा करने वाले विशाल कुमार पांडे ने जब अजय सिंह से ठगी की तब वह अपने पैसे वापस मांगने लगे। लेकिन विशाल कुमार पांडे हर बार कोई ना कोई बहाना बनाकर मामले को खींचता चला गया। जब अजय कुमार सिंह ने विशाल पर पैसे देने का दबाब और बढ़ा दिया तब वह अजय सिंह को जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसके बाद अजय सिंह ने रांची के पंडरा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई। मामले की तफ्तीश के दौरान अजय सिंह के द्वारा पैसे के लेनदेन के जो सबूत पुलिस को दिए गए थे वह जांच में सही निकले जिसके बाद रांची पुलिस की टीम विशाल की तलाश में जुटी हुई थी। इस दौरान रांची पुलिस ने दर्जनों बाद बिहार के आरा जिले में विशाल के घर पर छापेमारी की लेकिन हर बार वह पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहता था।

फोटो डाल फंसा विशाल : दो दिन पहले ही विशाल पांडे ने चिराग पासवान के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर डाली। जिसमें उसने लिखा था कि वह दिल्ली में लोजपा ज्वाइन कर रहा है। तस्वीर को देखकर रांची पुलिस को यह जानकारी मिल गई कि विशाल दिल्ली में ही है जिसके बाद रांची पुलिस की एक टीम दिल्ली के द्वारका पहुंची और वहां से विशाल को धर दबोचा।

ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया जा रहा गिरफ्तार विशाल पांडे रांची पुलिस की टीम ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आ रही है। रांची में उसे अदालत में पेश किया जाएगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। पंडरा थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में विशाल का भाई भी आरोपी है हालांकि वह अभी पुलिस के गिरफ्त में नहीं आ सका है उसकी तलाश भी की जा रही है।

हाईकोर्ट को राज्य सरकार ने बताया, 162 भू-माफियाओं के खिलाफ 190 केस दर्ज

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में राज्य सरकार ने बताया कि 162 भू-माफियाओं के खिलाफ 190 केस दर्ज किये गये हैं। भू-माफियाओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बने बाउंड्रीवाल को तोड़े जाने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई के दौरान शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से हा कोर्ट को यह जानकारी दी गयी। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता प्रत्युष चित्रेश ने कोर्ट को रांची शहर की पेट्रोलिंग प्लान की जानकारी दी।

कोर्ट को बताया गया कि शहर में 30 पीसीआर वैन 62 टाइगर मोबाइल, 15 हाई पेट्रोलिंग वाहन, 18 शक्ति कमांडो आदि सुरक्षा की व्यवस्था में लगाये गये हैं। पेट्रोलिंग

पार्टी की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। साथ ही जगह-जगह पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पूरी रात नाइट पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। पूरी रांची में 17 जगहों पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग को लेकर बैरिकेडिंग की गयी है। रांची जिले में 646 सीसीटीवी लगे हैं जबकि 536 स्मार्ट सीसीटीवी भी लगाये गये हैं। ट्रैफिक पुलिस सेल को 118 कॉलर कैमरा मुहैया कराया गया है, जिसमें एचडी कैमरा एवं ऑडियो विजुअल सुविधाएं सुविधा उपलब्ध करायी गयी हैं। सुरक्षा के मद्देनजर रांची जिले में 30 पीसीआर वैन, 62 टाइगर मोबाइल, 15 हाई पेट्रोलिंग वाहन, 18 शक्ति कमांडो तैनात रहते हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त निर्धारित करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई में क्राइम रिपोर्टिंग डाटा प्रस्तुत किया जाये। साथ ही सेक्सुअल ऑफेंस की घटनाओं के बारे में भी जानकारी देने को कहा है। मामले में रांची एसएसपी एवं गृह सचिव की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। उल्लेखनीय है कि 25 जून को चर्च रोड के विक्रांत चौक (डॉक्टर फतेहउल्लाह रोड) के सामने स्थित सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को भूमाफियाओं ने तोड़ दिया।

अमन श्रीवास्तव गिरोह के अपराधी गिरफ्तार

रांची। एटीएस ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गिरोह के दो अपराधी एजाज अंसारी और मिंकू खान उर्फ शहरयार को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से लेवी के 49.83 लाख रुपये की बरामदगी भी हुई है। एटीएस के द्वारा जारी प्रेस बयान के मुताबिक, अपराधियों के फंडिंग व आर्थिक स्रोतों का पता लगाने को लेकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के तहत 20 जुलाई को कांके- पिठौरिया रोड से एजाज व मिंकू को गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से नकदी के अलावे एक स्कार्पियो व चार मोबाइल फोन भी बरामद किया गया था। रंगदारी के पैसों की बरामदगी के बाद एटीएस ने रांची जेल में बंद अमन श्रीवास्तव, रवि सरदार, फिरोज खान, जहीर अंसारी, नेपाली उर्फ महमूद समेत अन्य अपराधियों पर भी केस दर्ज किया है।

सुप्रीम कोर्ट में दायर होगा वाद, बाल विवाह से जुड़े आंकड़े सरकार ने मांगे

भारत सरकार के पत्र पर सीआईडी ने सभी जिलों से मांगे आंकड़े

तीन साल का रिकार्ड हो रहा तैयार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार के महिला, बाल विकास व समाज कल्याण विभाग के द्वारा राज्यभर में तीन साल में बाल विवाह के आंकड़े तैयार किए जा रहे हैं। सरकार के आदेश पर सीआईडी ने सभी जिलों से इससे जुड़े आंकड़े मांगे हैं। सीआईडी ने सभी जिलों को पत्र भेजकर तीन साल में हुए बाल विवाह के दर्ज मामले, तीन सालों में सामने आए वैसे मामले जब बाल विवाह को रोका गया हो साथ ही

बाल विवाह के मामलों में दर्ज केस की जानकारी मांगी गई है।

भारत सरकार के महिला व बाल विकास मंत्रालयों ने सुप्रीम कोर्ट के एक वाद में हलफनामा दायर करने के लिए सभी राज्यों से बाल विवाह से जुड़े आंकड़े मांगे थे। मंत्रालय ने सभी राज्यों के महिला, बाल विकास व समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव, सचिव स्तर के अधिकारियों को पत्र लिखकर 21 अप्रैल 2023 को आंकड़े मांगे थे। बाद में दो बार 2 मई व 6 जून को भी आंकड़ों के संबंध में रिमाइंडर भेज गए थे। मंत्रालय ने फिर से 18 जुलाई को पत्र लिखकर नए सिरे से आंकड़ों की मांग की। पत्र में लिखा गया है कि राज्यों से मिले आंकड़े सही से नहीं भेजे गए हैं। इसलिए तीन बिंदुओं पर आंकड़े यथाशीघ्र भेजने के लिए मंत्रालय ने पत्राचार किया।

ज्ञानवापी व मथुरा मंदिर-मस्जिद मुद्दे के दो मामलों में आदेश से हिन्दू पक्ष को उम्मीद बनी

कोर्ट का एएसआई से सर्वे कराने का आदेश

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय सुने : सुप्रीम कोर्ट

ब्यूरो। नई दिल्ली

मंदिर -मस्जिद विवाद के कई मुद्दों पर दो न्यायालयों के फैसले आये । दोनों से ही हिन्दू पक्ष को उम्मीद बढ़ी है। पहला है ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में वाराणसी की एक अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वे , आर्कियोलॉजिकल सर्वे आई इंडिया से कराने का आदेश दिया। मुस्लिम पक्ष ने सर्वे का विरोध किया था। न्यायालय ने विवादित हिस्से (पुराना वजू खाना एरिया जिसे सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर बैरिकेड करके रखा गया है) को छोड़कर पूरे मस्जिद परिसर के एएसआई सर्वे का आदेश दिया। इस सर्वे को 4 अगस्त तक पूरा कर रिपोर्ट पेश

करने को भी कहा है।

दूसरा मामला है मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह का। इस मामले की सुनवाई में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इस विवाद से जुड़े सभी सिविल मुकदमों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ही सुने तो ये संबंधित सभी पक्षों के हित में होगा ,क्योंकि ये केस बहुत संवेदनशील है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि धार्मिक स्थलों से जुड़े विवादों की सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय सही व बेहतर जगह हैं। मालूम हो कि शाही ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मई में आए एक फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट में चल रहे एक मामले को हिंदू पक्ष की मांग के बाद उच्च न्यायालय में ट्रांसफर करने का आदेश दिया था। इसी फैसले को ट्रस्ट ने सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है। ट्रस्ट ने दलील दी है कि उच्च न्यायालय में कोई भी ट्रांसफर एप्लीकेशन दाखिल नहीं हुई थी, इसके बावजूद उच्च न्यायालय ने केस ट्रांसफर का ऑर्डर दिया।

सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस संजय किशन कौल व सुधांशु धुलिया की बेंच ने कहा कि बेहतर होगा कि ऐसे मामलों की सुनवाई उच्च न्यायालय करे। जस्टिस कौल ने सवाल किया कि मामले की प्रकृति को देखते हुए क्या इसकी सुनवाई सिर्फ हाई कोर्ट को नहीं करना चाहिए? ऐसे मामले संवेदनशील हैं और समाज में अशांति पैदा कर सकते हैं। जस्टिस कौल ने कहा कि उन्हें लगता है कि यदि इस मामले को उच्च न्यायालय सुने तो ये सबके हित में होगा। सुनवाई के दौरान मस्जिद ट्रस्ट के वकील ने कहा कि कोई भी ट्रायल में देरी नहीं चाहता।

उन्होंने पूछा कि क्या सभी पक्षों को अब सुनवाई के लिए प्रयागराज (जहां इलाहाबाद उच्च न्यायालय है) जाना होगा? इस पर जस्टिस कौल ने कहा कि हाई कोर्ट इसके लिए बेहतर जगह हो सकती है। वहीं, जस्टिस धुलिया ने कहा कि आखिरकार तो सबको इलाहाबाद आना ही होगा। सुनवाई के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई को 3 सप्ताह के लिए टाल दिया। न्यायालय ने इस मामले में दाखिल सभी सिविल सूट की डीटेल भी मांगी है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'हम समझते हैं कि उच्च न्यायालय रजिस्ट्रार के लिए ये उचित होगा कि वह तमाम सूट से जुड़े डिटेल हमें भेजे। इस मामले में हिंदू पक्ष ने शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की है। पूरा मामला मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद से जुड़ा है। हिंदू पक्ष का दावा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

आतंकी फैजान एनआईए के 7 दिनों की रिमांड पर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड के लोहरदगा से गिरफ्तार आईएसआईएस के आतंकी फैजान अंसारी को पूछताछ के लिए सात दिनों के रिमांड पर लिया है। एनआईए ने शुक्रवार को एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत से पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सात दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी। रिमांड की अवधि शनिवार से शुरू होगी। इससे पूर्व एनआईए के कोर्ट में गुरुवार को फैजान को पेश किया गया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा जेल भेज दिया गया था। उल्लेखनीय है कि एनआईए ने फैजान को 19 जुलाई को लोहरदगा जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित न्यू रोड मिल्लत कॉलोनी से गिरफ्तार किया था। इस पर डार्क नेट या डार्क वेब के जरिये आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से जुड़े होने का आरोप है।

गिरफ्तारी से पूर्व 16 और 17 जुलाई को फैजान के लोहरदगा शहरी क्षेत्र के न्यू रोड मिल्लत कॉलोनी स्थित घर और अलीगढ़ में किराये के मकान की एनआइए ने तलाशी लीथी। दोनों जगहों से इलेक्ट्रानिक उपकरण लैपटॉप, मोबाइल आदि के अलावा मिल्लत कॉलोनी से किया आपत्तिजनक सामग्री एवं दस्तावेज जब्त किये गये थे। फैजान अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवसिटी में इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष का छात्र है। उसने रांची के संत जेवियर कॉलेज से इंटरमीडिएट और लोहरदगा से मैट्रिक की पढ़ाई की है।

जामाडोबा वाटर प्लांट से 5 लाख के पार्ट्स लूटे, लोहे से लदे कार समेत चालक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। जामाडोबा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के 9 एमजीडी फिल्टर प्लांट के गोदाम में गुरुवार 20 जुलाई की देर रात लुटेरों ने धावा बोलकर लगभग 5 लाख रुपए के लोहे के पाट्र्स लूट लिये. अपराधियों ने प्लांट में तैनात झमाडा के गार्ड व कर्मियों को बंधकर बनाकर घटना को अंजाम दिया. लेकिन थोड़ी ही देर बाद जोड़ापोखर पुलिस ने लूटे गये पाट्र्स से लदे ओमिनी कार को ड्राइवर सहित पकड़ लिया. बाकी सभी लुटेरे भागने में सफल हो गए. प्लांट के कर्मियों ने बताया कि गुरुवार रात 1 बजे एक दर्जन लुटेरों के एक दल ने धावा बोलकर सुरक्षा सुपरवाइजर ललन सिंह सहित तीन कर्मियों को कब्जे में ले लिया. जिसके बाद स्टोर का ताला तोड़कर कर मोटर बैरिग सहित कई पाट्र्स लूट लिया और कार में लोड कर लहारगोड़ा के रास्ते भागाबांध की ओर भागने लगे. तभी प्लांट के कनिय अभियंता आशुतोष राणा को कर्मियों ने सूचना दी. जिसके बाद राणा ने जोड़ापोखर पुलिस को सूचना दिया. थाना प्रभारी विनोद उरांव ने तत्परता दिखाते हुए कार को रोक लिया. पुलिस को देखकर सभी अपरपाधी कार छोड़कर फरार हो गये. कार का ड्राइवर पुलिस के हत्थे चढ़ गया. पुलिस ने लूटे गये पाट्र्स के साथ ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं. प्लांड के जेई आशुतोष राणा ने जोड़ापोखर थाना पहुंच कर पाटर्स की पहचान की. थाना प्रभारी विनोद उरांव ने बताया कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी चल रही है.

बेरमो : नावाडीह में फायरिंग करने का आरोपी कुतुबुद्दीन पिस्टल के साथ गिरफ्तार

बोकारो। बेरमो अनुमंडल के नावाडीह में पिछले दिनों रंगदारी के लिए हवाई फायरिंग करने के आरोपी कुतुबुद्दीन अंसारी को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया. फुलवाडाही बस्ती के पास उसे घेरकर पकड़ा गया. यह जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश चंद्र झा ने 21 जुलाई शुक्रवार को प्रेसवार्ता दी. बताया कि 13 जुलाई की मध्य रात्रि में नावाडीह थाना क्षेत्र के चिरुड़ीह में नव निर्मित आईटीआई कॉलेज के पास रंगदारी के लिए फायरिंग की घटना हुई थी. इस संबंध में पीड़त विभूति शर्मा ने थाना में मामला दर्ज कराया था. एसडीपीओ के निर्देश पर पुलिस की टीम गठित कर मामले की जांच शुरू हुई. टीम में बेरमो के अंचल निरीक्षक नूतन मोदी, नावाडीह थाना प्रभारी मनीष कुमार, पेक नारायणपुर थाना प्रभारी सुमन कुमार, नावाडीह के पुलिस अवर निरीक्षक सरवन कुमार सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे.

सीआईआई यंग इंडियंस रांची चैप्टर का उद्योग 4.0 पर कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के सहयोग से सीआईआई यंग इंडियंस रांची चैप्टर ने यूथ 20 एंगेजमेंट ग्रुप के सहयोग से विचार मंथन का आयोजन किया। विचार मंथन में युवा भारतीय उपलब्धि हासिल करने वालों और बिजनेस नेटवर्किंग संगठनों के बीच एक संवाद किया गया। सत्र में वक्ताओं ने युवाओं के लिए रोजगार, जीवन के तरीके के रूप में अनुसंधान और नवाचार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार साझा किए। डॉ. मयंक मुरारी, सीनियर डिप्टी। महाप्रबंधक, सीएसआर, पीआर, उषा मार्टिन लिमिटेड ने कहा कि हमें 21वीं सदी के कौशल हासिल करने की जरूरत है और खुद को बेहतर बनाने में संकोच नहीं करना चाहिए। सीसीएल के कार्मिक, मानव संसाधन विकास विभाग के मुख्य प्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि किसी भी काम के लिए योजना योजना बनानी चाहिए। आपके पास एक दृष्टि होनी चाहिए, जो उस काम को पूरा करने में मदद करें। रवि निवास, एजीएम, सीएसआर, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड ने बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया और कहा कि झारखंड के युवाओं ने एक लंबा सफर तय किया है। रोजगार योग्य होने के लिए, व्यक्ति में यह सीखने की इच्छा होनी चाहिए कि लचीला होना और खुला दिमाग होना महत्वपूर्ण है। चिराग परमार, जीवनव्रती कार्यकर्ता, विवेकानन्द केन्द्र ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में बात की। आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. एकबाल रशीद ने कहा कि व्यक्ति को हमेशा विकास और नवप्रवर्तन का प्रयास करना चाहिए। विकास सिन्हा, तत्काल पूर्व अध्यक्ष, वाइ रांची ने स्वागत भाषण दिया और प्रतिभागियों को सीआईआई यी मिशन के बारे में जानकारी दी। उनके द्वारा जी20 वाइए और वाइ20 के साथ जुड़ाव पर विवरण साझा किया गया। सत्र में उद्योग प्रतिनिधियों, संकाय और छात्रों सहित 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मधुबन में कॉमरेड एके राय को किया गया याद

धनबाद। मधुबन कोल वाशरी में बीसीकेयू से जुड़े कर्मियों ने शुक्रवार 21 जुलाई को पूर्व सांसद सह मजदूर नेता और सादगी के प्रतीक कामरेड एके राय की चौथी पुण्यतिथि मनाई. कार्यक्रम की अध्यक्षता नकुल महतो ने की. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कामरेड जेके झा ने कहा कि कॉमरेड एके राय शोषित, पीड़ित, किसान, मजदूरों के मसीहा कहे जाते थे. कंपनी प्रबंधन द्वारा मजदूरों पर हो रहे जुल्म के खिलाफ उन्होंने इंजीनियर पद से नौकरी छोड़कर आंदोलन बुलंद किया था. लोकनायक जयप्रकाश के आह्वान पर सांसद पद का भी त्याग किया. तत्कालीन सरकार ने उन्हें मीसा कानून लगा कर जेल में डाल दिया. हम सभी उनके पद चिह्नों पर चलें यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी. कार्यक्रम का संचालन धनंजय महतो ने किया. कार्यक्रम में सीताराम कर्मकार, दिलीप नोनिया, मनोज सेन, संतोष रजक, केएम राव, कैलाश राय, रामेश्वर मांझी, गूंजा देवी, कपिलदेव पाण्डेय, संतोष माझी, कपिल चांद चौहान, पांवती देवी, लखी देवी सहित अन्य मौजूद थे.

मजदूर की गिर कर हुई मौत

धनबाद। तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत कतरास रोड में शुक्रवार 21 स्त्रॅल्लीफ को साइकिल से कोयला बेचने जा रहे मजदूर मौत सड़क किनारे गिर कर हो गई. साइकिल से गिरने पर आसपास के लोगों की मदद से उसे साहुबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर श्वेता गुंजन ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृत व्यक्ति की शिनाख्त बरोरा पंचायत के दिनेश सिंह (65) के रूप में हुई है. बताया जाता है कि दिनेश सिंह बरोरा पंचायत में रहते थे. परिवार के अन्य सदस्य बिहार में रहते हैं. वह कोयला बेच कर अपने परिवार का भरन पोषण करते थे. मौत की सूचना पाते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट गया है. खबर मिलते ही तोपचांची पुलिस साहोबहियार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की आवश्यक कार्रवाई में जुट गई.

कर्मियों को बंधक बनाकर लाखों के केबुल की लूट

धनबाद। बीसीसीएल कतरास क्षेत्र की रामकनाली कोलियरी के तीन नंबर सिम में गुरुवार 20 जुलाई की देर रात हथियारों से लैस अपराधियों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को बंधक बना लिया. कर्मचारियों ने बताया कि अपराधियों ने उन्हें डराया-धमकाया और लगभग दो लाख रुपये मूल्य के केबुल लूट लिये. है. केबुल लूट के बाद बिजली आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो गई है. बिजली के अभाव में पेयजलापूर्ति की घोर समस्या उत्पन्न हो गई है. समाचार लिखे जाने तक प्रबंधन की ओर से स्थानीय थाने में कोई शिकायत भी नहीं की गई है. इधर कोलियरी में कार्यरत कर्मियों में भय का माहौल है और वे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं.

नाबालिग लापता, मामला दर्ज

जमशेदपुर। पटमदा थाना अंतर्गत गोबरघुसी गांव निवासी 15 वर्षीय नाबालिग लापता हो गई है. वह घर से 18 जुलाई को बैंक जाने की बात कहकर घर से निकली थी फिर वापस नहीं लौटी. परिजनों ने काफी खोजबीन की पर उसका कोई पता नहीं चला. अंत में परिजनों ने पटमदा थाना में मामला दर्ज कराया. नाबालिग के मां-पिता मजदूरी करने शहर जाते है. पिता ने पुलिस को बताया कि 18 जुलाई को वे लोग काम पर गए थे. रात को वापस लौटे तो बेटी को घर पर नहीं पाया.

बैद्यनाथ धाम के लिए मुफ्त बस कल करेगी प्रस्थान

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। पिछले वर्ष की तरह 40 कांवरियों और 10 सेवादल के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर के लिए शहरपुरा शिव मंदिर से निःशुल्क वातानुकूलित बस 23 जुलाई को रवाना होगी. यह जानकारी जय माता दी मंदिर कमेटी व जन अधिकार मंच के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में प्रेसवार्ता कर दी. कांवरियों की उपस्थिति में जन अधिकार मंच अध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि बस को आइएसएम आइआइटी धनबाद के उप निदेशक प्रो धीरज कुमार हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. कार्यक्रम में सभी सिंदरीवासियों को आमंत्रित किया गया है. इस वर्ष सिंदरी के सभी मंदिरों के पुजारियों को जय माता दी मंदिर में बस प्रस्थान से पहले अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया जाएगा. इसके बाद सभी पुजारियों के शंखनाद के साथ बस प्रस्थान करेगी. पांच दिनों की यात्रा में कांवरियों के लिए हर तरह की व्यवस्था की गई है. सिंह ट्रैवल्स द्वारा पिछले वर्ष की तरह बस की व्यवस्था की गई है. प्रेसवार्ता में जय माता दी मंदिर कमेटी अध्यक्ष अविनाश सिंह, सचिव चांद करण रजक, सिंह ट्रेवल्स के संचालक राजुल सिंह, अंकित सिंह, नीरज सिंह, उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, प्रशांत चंद्र हुई उर्फ भाई दा, किशोर प्रसाद, कुमार राजेश, बाबू दा, प्रिय रंजन सिंह, असीम बनर्जी, नवीन कुमार रजक, मनीष सिन्हा, गौरव सिंह, जितेन्द्र कुमार, इन्द्र मोहन सिंह सहित कई कांवरिए मौजूद थे.

गिरिडीह : बच्ची से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गिरिडीह। जिले के देवरी थाना क्षेत्र के एक गांव में एलकेजी में पढ़ने वाली बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. पीड़िता की उम्र पांच से छः वर्ष के बीच है. मासूम के साथ दुष्कर्म की यह घटना बीते रविवार (16 जुलाई) के शाम की बतायी गयी है. जानकारी के मुताबिक उक्त बच्ची रविवार की शाम में घर महज पचास मीटर की दूरी पर अवस्थित दुकान में कुरकुरे खरीदने गयी थी. कुरकुरे खरीदने के बाद वह वापस अपने घर लौट रही थी. इसी दौरान उसी दुकान के बगल स्थित घर में रहने वाला बीस वर्षीय युवक ने चॉकलेट देने की बात बोलकर उक्त बच्ची को पकड़कर अपने घर के अंदर ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. इधर, बच्ची के दुकान से नहीं लौटने पर उसकी छोटी बहन ने खोजबीन की तो आरोपी युवक बच्ची को छोड़ कर फरार हो गया. युवक के चंगुल से मुक्त होने के बाद घर पहुंच कर बच्ची ने परिजनों को घटना की जानकारी दी. इधर आरोपी गांव छोड़कर फरार हो गया. इस मामले में पीड़ित बच्ची की मां ने देवरी थाना में शिकायत दर्ज करवाया है. मुकदमा दर्ज होने के बाद देवरी पुलिस ने आरोपी को दिल्ली के अरुण बिहार इलाके से गिरफ्तार कर लिया है. डीएसपी संजय राणा ने गिरफ्तारी की पुष्टी की है.

21 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दंपती गिरफ्तार

जमशेदपुर। मानगो पुलिस ने कुमरूम बस्ती में छापेमारी कर 21 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तुलसी कालिंदी और उसके पति बहादुर कालिंदी को गिरफ्तार किया है. इस मामले में मानगो थाना के एसआई शंकर कुमार सिंह के बयान पर बहादुर कालिंदी, तुलसी कालिंदी, निशा कालिंदी और सूरज कालिंदी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुमरूम बस्ती में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है. सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया. बता दे कि दोनों आरोपी पूर्व में भी जेल जा चुके है.

तेनुघाट डैम में छलांग लगाकर दिव्यांग ने दी जान

बोकारो। तेनुघाट डैम के स्पेलवे गेट से 21 जुलाई को एक अज्ञात दिव्यांग व्यक्ति ने कूदकर जान दे दी. स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे अनुमंडलीय अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि एक पैर से दिव्यांग उक्त व्यक्ति ऑटो से डैम पहुंचा था. अचानक ऑटो से उतरकर वह डैम के स्पेलवे के पास गया और नीचे कूद गया. करीब 90 फीट नीचे सीमेंट की फर्श से टकराकर उसका सिर फट गया और खून बहने लगा. किसी के गिरने की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और तेनुघाट ओपी प्रभारी सुनील कुमार को फोन कर घटना की सूचना दी.

किसान की वज्रपात से मौत

जमशेदपुर। धान रोपनी कर रहे एक किसान की शुक्रवार को वज्रपात से मौत हो गई. मामला बहरागोड़ा प्रखंड की खंडमौदा पंचायत अंतर्गत खूंनती गांव है. बताया जाता है कि किसान स्वपन सीट (42) अपने खेत में धान रोपनी कर रहे थे, धान रोपनी करने के दौरान अचानक हुए वज्रपात से वह घायल हो गए. घटना के बाद खेत में काम कर रहे अन्य किसानों ने उन्हें तत्काल खेत से बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी. स्थानीय लोगों की सहायता से 108 एंबुलेंस द्वारा परिजनों ने तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया.

काला हीरा महोत्सव शुरू रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। कोयला नगर के कम्युनिटी हॉल में 21 जुलाई शुक्रवार को काला हीरा का सातवां महोत्सव शुरू हो गया. चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम में कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे. मुख्य अतिथि बीसीसीएल के डायरेक्टर पर्सनल मुरलीकृष्णा रमैया ने समारोह का उद्घाटन किया. इसके बाद हुनर संस्थान आजमगढ़ ने गणेश वंदना की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया. पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने युगल नृत्य से सभी को झूमने पर विवश कर दिया. महोत्सव के पहले दिन लगभग 200 कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा। चार दिवसीय महोत्सव में 12 राज्यों के लगभग 1000 कलाकारों का जुटान होगा. 12 राज्य से 10 नाटक और 12 नृत्य समूह के कलाकार अपना हुनर दिखाएंगे. कोयलांचल भारत कोकिंग कोल नृत्य संगीत नाट्य संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि महोत्सव में बिहार, झारखंड, मणिपुर, उत्तराखंड, दिल्ली, ओडिशा, उत्तरप्रदेश, बंगाल, दिल्ली एवं अन्य राज्यों के कलाकार पहुंच रहे हैं. समारोह में मिताली मुखर्जी, हेमंत कुमार मंडल, नरेश राय, यूसी मिश्रा, आजमगढ़ से सुनील विश्वकर्मा, क्लब इंडिया के डायरेक्टर संतोष रजक, अष्टभुजा मिश्रा, अवधेश सिह, विजय श्रीवास्तव, विधानचंद्र दास, रामकृष्ण यादव, महेंद्र गिरी, रवि कुमार, शिवानी पंडित, दीक्षा कुमारी, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद थे.

घर घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं बीएलओ

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया. 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके मतदाताओं के अलावे छुटे हुए लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा. 21 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं का सत्यपान का कार्य करेंगे. इस अभियान के दौरान जिले के 1.7 लाख नए मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से जोड़ा जाएगा. अभियान की शुरूआत होते ही अपने बूथ क्षेत्र के बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है. इसके लिए बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 6 भरना होगा. जबकि नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 तथा एनआरआई मतदाता के लिए फॉर्म 6ए भरकर अपना नाम जोड़वा सकते हैं. किसी तरह के संशोधन के लिए फॉर्म 8 में आवेदन कर सकते हैं. वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता स्वयं आनलाइन आवेदन दे सकते हैं. यह ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा चुनाव आयोग के वेबसाइट पर भी आवेदन जमा कर सकते हैं. मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, नाम व पता आदि त्रुटियों को शुद्ध करने, फोटो अपडेट करने आदि से संबंधित कार्य किये जा रहे हैं.

अच्छी सोच | शिक्षा से होता है अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का मार्ग प्रशस्त : नसीम अनवर नदवी

ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा है फातिमा एकेडमी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

स्वस्थ और समृद्ध समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। सामाजिक नवनिर्माण में शिक्षित समाज की अहम भूमिका होती है। उक्त बातें इटकी के फातिमा नगर स्थित फातिमा एजुकेशनल एंड हेल्थ ट्रस्ट द्वारा संचालित फातिमा एकेडमी (ब्वायज एंड गर्ल्स स्कूल) के डायरेक्टर नसीम अनवर नदवी ने कही। पत्रकारों से एक मुलाकात के दौरान नदवी ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान और आधुनिकतम तकनीकों का सदुपयोग करते हुए हम जीवन पथ पर सफलतापूर्वक अग्रसर हो सकते हैं। आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा के बिना विकास की बातें बेमानी है। उन्होंने कहा कि ज्ञान-विज्ञान और तकनीक के अभाव में सफलता हासिल नहीं हो सकती है। सामाजिक-आर्थिक मजबूती के लिए शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें मॉडल एजुकेशन को अपनाकर जमाने के साथ और जमाने के अनुसार चलना होगा,तभी हम आर्थिक और सामाजिक स्थिति सुधारने में सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि विकास के लिए मजहबी तालीम के साथ-साथ मॉडल एजुकेशन भी जरूरी है। नदवी ने बताया की इटकी मुस्लिम और जनजातीय बहुल क्षेत्र है। यहां शिक्षा का अभाव है। अधिकतर अभिभावकों के बीच शिक्षा के प्रति नकारात्मक नजरिया है। इसके मद्देनजर इस क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने के उद्देश्य से वर्ष 1998 में फातिमा एकेडमी की स्थापना की गई। इसमें उनके परिवार जनों ने भी काफी सहयोग किया। तन-मन-धन से शिक्षा के विकास के प्रति सभी जुटे रहे। समाज को शिक्षित करने का बीड़ा उठाते हुए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। उन्होंने बताया कि स्थापना काल में स्कूल किराए पर चलता था। आगे चलकर जमीन खरीदी गई। भवन बनवाया। उन्होंने कहा कि ज्ञान ही एक ऐसी चीज है जिसे जितना बाटेंगे, उतना ही उससे परिपूर्ण होंगे। इसी भावना को आत्मसात कर शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण भाव से पूरा परिवार जुटा है। जिसका नतीजा आज सामने है। विद्यालय में प्रथम कक्षा से लेकर मैट्रिक और प्लस टू तक की शिक्षा की व्यवस्था है। फातिमा एकेडमी रेजिडेंशियल स्कूल है। यहां लड़कों और लड़कियों के पढ़ने और अलग-अलग छात्रावास की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से फातिमा एकेडमी काफी सुरक्षित है। चौबीसों घंटे यहां सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। बच्चों के अभिभावक भी स्कूल प्रबंधन को काफी सहयोग करते हैं। बच्चों को शिक्षित करने के अलावा खेलकूद, उनके सामाजिक और सांस्कृतिक विकास की दिशा में भी स्कूल प्रबंधन की ओर से सतत प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ एक नेकदिल इंसान बनने की प्रेरणा दी जाती है। स्कूल में बच्चों के लिए ड्रेस कोड लागू है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल से संबद्ध फातिमा एकेडमी में सीबीएसई पैटर्न पर अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई होती है। यहां पढ़ने वाले बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित की जाती है। मेडिकल, इंजीनियरिंग, साइंटिस्ट, सैन्य क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में कैरियर बनाने के लिए छात्रों का उत्साहवर्धन किया जाता है।

प्राचार्या तबस्सुम फातिमा की कलम से

‘बच्चों की प्रतिभा तराशने में शिक्षकों की अहम भूमिका’

फातिमा एकेडमी की प्राचार्या तबस्सुम फातिमा ने बताया कि इंग्लिश मीडियम फातिमा एकेडमी में सीबीएसई पैटर्न पर जैक बोर्ड के पाठ्यक्रम के आधार पर पढ़ाई होती है। यहां के बच्चे कक्षा में औसत 80 प्रतिशत अंक से अधिक प्राप्त करते हैं। स्कूल में लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग पठन-पाठन की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि स्कूल में 32 शिक्षकों और 22 गैर शिक्षणकर्मियों के माध्यम से लगभग 600 बच्चों के पठन-पाठन की सुविधा है। उन्होंने बताया कि स्कूल में लगभग पांच दर्जन अनाथ बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। उन्हें सारी सुविधाएं स्कूल प्रबंधन की ओर से मुहैया कराई जाती है। प्राचार्या ने बताया कि शिक्षा की जड़ें भले ही कड़वी लगती हो, पर इसके फल बहुत मीठे लगते हैं। उन्होंने कहा कि अंधकार से प्रकाश की ओर का मार्ग प्रशस्त करने में शिक्षा का बहुमूल्य योगदान है।

उपन्यास शरशय्या का भीष्म पितामह' पर आधारित महाकाव्य का हुआ लोकार्पण

उपन्यासकार ने जिस तर्कशक्ति कलात्मकता का उपयोग किया है वह अप्रतिम है : केदार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

महाभारत अनेक कथाओं और उपकथाओं का महाकाव्य है, जिनसे आज भी लोग सीख लेते हैं। महाभारत की कथा पर आधारित भवेशचंद्र मिश्र 'शिवांशु' का मैथिली उपन्यास शरशय्या पर पितामह इस महाकाव्य के एक प्रमुख नायक भीष्म पितामह पर केंद्रित है। लेकिन उपन्यासकार ने उन घटनाओं एवं उपकथाओं का तत्वान्वेषण किया है, जो साधारण लोगों को नहीं मालूम है। ये बातें शुक्रवार को रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राध्यापक डॉ नरेंद्र कुमार झा ने कहीं। मैथिली साहित्यकार कृष्णमोहन झा मोहन ने कहा कि महाभारत की कथाओं पर दुनिया भर की भाषाओं में अनेक पुस्तकें लिखी गई हैं, शिवांशु के इस उपन्यास को उसी शृंखला की अगली कड़ी माना जा सकता है। लेकिन उपन्यासकार ने जिस तर्कशक्ति और कलात्मकता का इसमें उपयोग किया है, वह अप्रतिम है। भारती मंडन पत्रिका के संपादक केदार कानन ने कहा कि शिवांशु जी के पास कहानी कहने की जो विशिष्ट शैली है, उसने इस उपन्यास को जीवंत बना दिया है और जिस कुशलता से उन्होंने इसके कथा-पात्रों का चित्र पाठकों के समक्ष खड़ा किया है, वह बिल्कुल सटीक और रोचक बन पड़ा है। यह उनके बारीक चित्रण और शोधपूर्ण दृष्टि का परिणाम है कि इस उपन्यास में संक्षिप्त में महाभारत की कथा को बारीक ढंग से समेटा जा सका है, लेकिन कहीं से भी नहीं लगता है कि कोई महत्वपूर्ण प्रसंग छूट गया है। रांची दूरदर्शन ने पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि इस उपन्यास की सबसे खास बात यह है कि भीष्म जैसे विरल चरित्र को चित्रित करने में उपन्यासकार ने उच्चतर मानवीय मूल्य को सुस्थापित करने का लक्ष्य रखा है, और उसे सफलतापूर्वक निभाया भी है। बेशक यह उपन्यास ऐतिहासिक उपख्यान पर आधारित है, लेकिन यह समकालीन जीवन मूल्यों और प्रश्नों से भी मुठभेड़ करता है। लोकार्पण समारोह में कथा लेखिका सुस्मिता पाठक, अमरनाथ झा, कृष्ण कुमार झा एवं झारखंड मैथिली मंच के महासचिव वैद्यनाथ झा सहित अनेक गणमान्य साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के अवसर पर स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक कार्यालय रांची द्वारा विश्व जनसंख्या माह और प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के अवसर पर शुक्रवार को एसएस हाई स्कूल ओरमांझी और एसएस प्लस टू हाई स्कूल ओरमंझी में दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान लेख प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता , फुटबॉल मैच आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि लोकसभा पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद रीता देवी , स्कूल सचिव, प्रधानाध्यापक आदि द्वारा विजयी प्रतिभागी को शनिवार को पुरस्कृत व सम्मानित होंगे। प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यक्रम संचालक शफीक आलम, दोनों स्कूल के प्रधानाध्यापक व अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

कोर्ट की खबरें

जिस दस्तावेज से ऑडिट हुआ है उसके संबंधित कोर्ट में आवेदन दें : हाई कोर्ट

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई हुई। खंडपीठ के समक्ष मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने आदेश दिया की इस दस्तावेज के आधार पर ऑडिट किया गया है उसे खोजा जाए। इसके लिए अनुसंधानकर्ता निचली अदालत में सर्च एंड वारंट के लिए आवेदन दें। कोट से अनुमति मिलने के बाद दस्तावेज खोजा जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया जिस दस्तावेज के आधार पर वर्ष 2016 से 2019 का जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन का ऑडिट हुआ है उसका मूल दस्तावेज एवं रजिस्टर नहीं मिल रहा है। यह दस्तावेज चार्टर्ड अकाउंटेंट अंजलि जैन एवं एसोसिएट के द्वारा रिसीव किया गया था लेकिन अब वह नहीं मिल पा रहा है। कोर्ट ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मौखिक कहा था कि एफआईआर दर्ज होने के बाद अबतक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई। साथ ही मामले के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि मामले में एफआईआर दर्ज हो चुका है। इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि एफआईआर होने के बावजूद भी अभी तक जांच नहीं हो रही है।

हाई कोर्ट ने भाजपा नेता अभय सिंह समेत अन्य को दी जमानत

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस सुभाष चंद की खंडपीठ में शुक्रवार को जमशेदपुर में दंगा भड़काने के आरोपित भाजपा नेता अभय सिंह और अन्य की जमानत याचिका पर फैसला सुना दिया है। अदालत ने अभय सिंह के साथ 30 से ज्यादा आरोपितों को जमानत की सुविधा प्रदान की है, जिसके बाद अब वह अदालत द्वारा जमानत के लिए दी गई शर्तों का पालन करने के बाद जेल से बाहर आ सकते हैं। इस केस से जुड़े सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने 12 जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रखा था।अभय सिंह की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता आर एस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने बहस की।राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोलानाथ ओझा ने बहस की। सरकार की ओर से की गई बहस में अदालत को बताया गया था कि केस डायरी में अभय सिंह पर दंगा भड़काने की साजिश में शामिल होने की बात सामने आयी है। निचली अदालत से जमानत नहीं मिलने के बाद अभय सिंह ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है।

झारखंड में कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिए किए गए अभिनव प्रयास : अरुण कुमार सिंह

रांची। जैसा कि हम सब ने देखा कि कोविड-19 न केवल झारखण्ड के लिए चुनौती थी बल्कि पूरे विश्व के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा थी। झारखण्ड की बात करें तो हमने पाया कि कोविड-19 के प्रसार को रोकन के लिए बड़े पैमाने पर ह्यगहन सार्वजनिक स्वास्थ्य सर्वेक्षणह्ल की आवश्यकता है जिससे कोविड-19 के प्रसार का सही- सही पता लगाया जा सके और उन मौतों को भी पहचाना जा सके जो हमारे संज्ञान में नहीं आ पा रही थीं। सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर, हमने कोविड 19 के प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक निगरानी के साथ होम आइसोलेशन बुनियादी ढांचा तैयार किया। इसमें लोकल प्रभावित व्यक्तियों का सहयोग और दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य मजबूत तंत्र शामिल थे। हमारी राज्य सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य उप-केंद्रों में ऑक्सीजन युक्त बेड की सुविधा सहित आवश्यक सुविधाओं उपलब्ध करने की प्रक्रिया शुरू की । जिला अस्पतालों और कोविड-19 देखभाल केंद्रों में जहाँ भी संभव हो, बेड की क्षमता में सुधार के लिए निजी अस्पतालों के साथ सहयोगात्मक प्रयास किए गए। राज्य सरकार ने हर जिले में न्यूनतम संख्या के साथ क्रिटिकल केयर यूनिट की स्थापना सुनिश्चित की जहां बेड और सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी समुदायों को प्रभावी ढंग से दी गई।

झामुमो ने हजारीबाग जिला समिति को किया भंग

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति ने हजारीबाग जिला समिति सहित सभी स्तर की समितियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। साथ ही सात सदस्यीय हजारीबाग जिला संयोजक मंडली का गठन किया गया है। इनमें संजीव बेदिया (मुख्य संयोजक), कमल नयन सिंह, टेको चंद महतो, सोना राम मांझी, राम किशोर मुर्मू, इजहार अंसारी और नीलकंठ महतो शामिल हैं। झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि नवगठित जिला संयोजक मंडली को कई निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि पत्र प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों के अन्दर प्रखण्ड समितियों एवं पंचायत समितियों का गठन करते हुए उसकी विस्तृत सूची केन्द्रीय कार्यालय को प्रेषित करने को कहा गया है ताकि जिला समिति का पूर्ण गठन किया जा सके।

नाबालिग के साथ गैंगरेप को लेकर एनएसयूआई ने किया पुतला दहन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

शुक्रवार को एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी की उपस्थिति में रांची जिला एनएसयूआई के द्वारा रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला दहन किया। जोधपुर में 16 जुलाई को एबीवीपी कार्यकर्ताओं के द्वारा नाबालिग के साथ गैंगरेप किया गया उसी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया एवं एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राजशरण शाही का पुतला दहन किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी ने कहा जब से भाजपा सत्ता में है छात्राएं एवं महिलाओं के साथ दुष्कर्म का मामला बढ़ गया है। गुनहगारों के सर पर भाजपा का हाथ उसके सर पर है। दरिंदगी करने वाले ऐसे गुनहगारों को फांसी की सजा होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा की छात्र हितैषी होने का ढोंग करने वाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का असली चेहरा सामने आ गया है, हर बार शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने का काम करने वाले छात्र संगठन के छात्र नेताओं ने नाबालिग के साथ बलात्कार कर छात्राओं में डर भय का माहौल बना दिया है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) सरकार से मांग करती है कि जल्द से जल्द बलात्कारियों को फांसी की सजा दी जाए और देश की बहन बेटियों को इंसाफ दिया जाए।

रिम्स में दो गुटों में मारपीट के बाद खाली कराया गया हॉस्टल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रिम्स हॉस्टल में देर रात पार्टी करने और आपस में मारपीट करने की घटना के बाद रिम्स प्रबंधन ने छात्रों से हॉस्टल खाली करा लिया है। करीब 900 एमबीबीएस छात्रों से हॉस्टल खाली कराया गया है। प्रबंधन ने बुधवार की रात नोटिस जारी किया था। सप्लीमेंट्री परीक्षा देने वाले कुछ छात्रों को परीक्षा तक हॉस्टल में रहने की अनुमति मिली है। छात्रों से हॉस्टल के रूम की चाबी भी जमा करा ली गई है। प्रबंधन के आदेश के बाद एमबीबीएस के विभिन्न बैच के छात्र निर्णय को लेकर निदेशक का घेराव करने पहुंचे थे। इसके बाद भी प्रबंधन अपने आदेश पर अड़ा रहा। प्रबंधन ने कहा कि छात्रों के सुरक्षा को देखते हुए ही निर्णय लिया गया है। अब छात्रों को माता-पिता के साथ आने को कहा गया है। इसके बाद ही उन्हें हॉस्टल आवंटित किया जायेगा। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने शुक्रवार को बताया कि रिम्स के हॉस्टल परिसर में लगातार उपद्रव और छात्रों के बीच मारपीट की घटना हो रही है। कुछ अनहोनी न हो इसलिए प्रबंधन ने गहन चिंतन के बाद क्लासेस बंद किये गये हैं और हॉस्टल खाली कराया है। एहतियात के तौर पर ऐसा निर्णय लिया गया है। रिम्स जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने भी प्रबंधन के फैसले का समर्थन किया है। जेडीए के प्रेसिडेंट डॉ जयदीप चौधरी ने बताया कि दो बैचों 2021 और 2022 में झड़प हुई थी। झगड़े में दो सीनियर बैच 2019 और 2020 भी आ गये। इसी में और मामला बढ़ा, जिसके बाद कुछ छात्र उग्र होकर निदेशक आवास में भी घुस गये थे। सभी को एक-एक कर समझाना मुश्किल होता। ऐसे में कुछ दिन कक्षाएं सस्पेंड रखा जायेगा और हॉस्टल को खाली कराया गया है। प्रबंधन का निर्णय छात्रहित में है। इसलिए प्रबंधन के फैसले का समर्थन किया जा रहा है। रिम्स प्रबंधन का कहना है कि स्टूडेंट्स लगातार मारपीट और देर रात पार्टी कर रिम्स की छवि को धूमिल कर रहे हैं। इस घटना के बाद कमेटी की आपात बैठक बुलायी गयी थी, जिसमें हॉस्टल खाली कराने पर निर्णय लिया गया है। नये सिरे से हॉस्टल के कमरा का आवंटन किया जायेगा, जिसमें 15-15 दिन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। कमेटी ने यह भी तय किया है कि विद्यार्थी जब दोबारा हॉस्टल में रहने आयेंगे, तो अपना और अपने माता-पिता या अभिभावक का शपथ पत्र साथ लाना होगा। शपथ पत्र में यह स्पष्ट लिखा होना चाहिए कि विद्यार्थी दोबारा मारपीट या किसी तरह की अनुशासनहीनता नहीं करेंगे। यदि उन्हें दोबारा ऐसी घटनाओं में संलिप्त पाया गया, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

वार्षिक पड़हा जतरा समारोह को राजकीय मेला घोषित करने की मांग

संबंधित विभाग को डीसी ने दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए अवस्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में वार्षिक पड़हा जतरा समाहरोह (बेड़ो बाजार प्रांगण एवं बारीडीह में संयुक्त रूप से) को राजकीय मेला/महोत्सव घोषित करने के संबंध में जिला विधायक, मांडर विधानसभा क्षेत्र, शिल्पी नेहा तिर्की, जिला योजना पदाधिकारी, विनय कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बेड़ो एवं अंचल अधिकारी बेड़ो, जिला खेल पदाधिकारी रांची, संजीत कुमार, संबंधित ग्राम पंचायत मुखिया और इससे संबंधित अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जिला स्तरीय समिति की बैठक करते हुए वार्षिक पड़हा जतरा समाहरोह (बेड़ो बाजार टाड़ प्रांगण) को राजकीय मेला/महोत्सव घोषित करने के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक में कहा की वार्षिक पड़हा जतरा समाहरोह (बेड़ो बाजार टाड़ प्रांगण एवं बारीडीह में संयुक्त रूप से कराने को लेकर संबंधित विभाग को प्रस्ताव बना कर देने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया। इस मेले से संबंधित सभी बिंदुओं पर विचार करने का भरोसा दिया।

लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने कराया जरूरतमंदों को भोजन

रांची। लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने अल्बर्ट एक्का चौक के समीप शुक्रवार को लायंस प्याऊ पर प्रसिद्ध समाजसेवी पूर्णमल जैन की पुण्यतिथि पर सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं उनकी धर्म पत्नी प्रेम लता जैन उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के अध्यक्ष नरेश कुमार, सचिव विजया केडिया एवं कोषाध्यक्ष नीरज कुमार शाहा ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायंस क्लब ऑफ रांची अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष रतन अग्रवाल, देवेश जैन, सुष्मिता जैन, आरती जैन सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे। यह जानकारी आशुतोष द्विवेदी ने दी।

योग वाणी सेमिनार 23 को राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची स्थित आईएमए सभागार में 23 जुलाई को योग वाणी सेमिनार का आयोजन किया जायेगा, जिसमें झारखंड के चिकित्सक और योग जिज्ञासु हिस्सा लेंगे। सेमिनार सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक दो सत्रों में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे. इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड राज्य समिति के नेतृत्व में रांची की मेडिकल एसोसिएशन, झारखंड न्यूरोसाइंस सोसाइटी और रॉकफील्ड हेल्थ केयर इसका आयोजन कर रहे हैं। योग वाणी सेमिनार में वीवाईएसए विश्वविद्यालय के कुलपति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग सलाहकार पद्मश्री डॉ. एचआर नागेंद्र और केवल्य धाम लोनावाला के अकादमिक व ट्रेनिंग अध्यक्ष डॉ. एन. गणेश राव तनाव योग के बारे में जानकारी देंगे। इस कार्यक्रम में फिजीसीयन डॉ. पीएन सिंह, आईएमए के सचिव डॉ. पंकज बोदरा, आईएमए रांची के अध्यक्ष डॉ. शेखर चौधरी काजल, सर्जन डॉ. रमेश दास, मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. अनुज कुमार के अलावा कई प्रसिद्ध चिकित्सक उपस्थित रहेंगे।

राजधानी रांची की पांच हजार आबादी चार घंटे रही अंधेरे में

रांची। राजधानी में विगत गुरुवार की शाम हुई बारिश के कारण डोरंडा तुलसी चौक पर जामुन का एक पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से एक महिला घायल हो गयी. वहीं, बिजली के दो पोल व तार टूट गये। इस कारण शाम पांच बजे से रात लगभग नौ बजे तक डोरंडा के बड़े इलाके में बिजली गुल रही। इस दौरान करीब पांच हजार आबादी अंधेरे में रही. इसके बाद उक्त इलाके के तीन ट्रांसफॉर्मर को छोड़ कर डोरंडा फीडर से बिजली बहाल कर दी गयी। वहीं, तीन में से दो ट्रांसफॉर्मर से देर रात बिजली बहाल की गयी। जबकि, एक ट्रांसफॉर्मर से शुक्रवार को बिजली बहाल की जायेगी। उक्त ट्रांसफॉर्मर के बंद रहने से कुम्हार टोली, बेलदार मोहल्ला सहित आसपास के अन्य इलाके के उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल रही है। इधर, पेड़ गिरने से एक बाइक व दो रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गये। इधर, पेड़ को नहीं हटाये जाने के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित है। राहगीर किसी तरह किनारे से आ-जा रहे हैं। वहीं, अनंतपुर फीडर से निवारणपुर में पेड़ की डाली गिर जाने के कारण एक घंटा तक बिजली गुल रही।

राजनीति झारखंड में इंडिया के विस्तार के लिए जुटे दल

झारखंड में कांग्रेस व झामुमो भी शामिल हैं : राजेश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बेंगलुरु में 26 विपक्षी पार्टियों ने गठबंधन का ऐलान कर दिया। इसका नाम 'इंडिया' यानी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल्स इंक्लूसिव एलायंस दिया गया है। विपक्षी दलों की कोशिश है कि एनडीए के सामने इंडिया को मजबूती और आपसी समन्वय से खड़ा किया जाए। ऐसे में सवाल उठता है कि इंडिया में झारखंड के सिर्फ वही तीन दल शामिल रहेंगे जो 2019 के लोकसभा के समय एक साथ थे या फिर इस बार झारखंड में 'इंडिया' का विस्तार होगा। वर्तमान संदर्भ में यह सवाल इसलिए भी वाजिब है क्योंकि बेंगलुरु में हुई बैठक में जो 26 विपक्षी दल एक साथ बैठे। उनमें सीपीआई, सीपीएम, सीपीआई माले, जदयू भी शामिल हुए थे। इन दलों का झारखंड में भी अच्छा जनाधार है। ऐसे में क्या 'झारखंड इंडिया' में इन तमाम दलों को भी जगह मिलेगी या राज्य में 2019 का महागठबंधन वाला स्वरूप ही 2024 में एनडीए के सामने खड़ी इंडिया में दिखेगा। भाजपा के खिलाफ मजबूत गठबंधन 'इंडिया' बनने के बाद राज्य में विपक्षी दलों के कुनबा बढ़ाने की संभावना पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में झारखंड इंडिया में कांग्रेस के अलावा शिबू सोरेन-हेमंत सोरेन की पार्टी झामुमो और राजद शामिल है। उन्होंने कहा कि उनकी नजर राज्य के उन छोटे दलों पर है जो इंडिया की संख्या 40 कर दें। राजेश ठाकुर ने इंडिया का राज्य में कुनबा बढ़ाने को लेकर कहा कि अगर सहयोगी दलों में सहमति बनेगी तो जरूर कुनबा बढ़ेगा। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी पार्टियों के साझा प्लेटफॉर्म इंडिया को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि अभी तो इसका प्रारंभिक चरण है। उन्होंने कहा कि झारखंड में यदि एनडीए के खिलाफ एक के सामने एक प्रत्याशी खड़ा करना है, तो सबसे जरूरी है जीत की संभावना। सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि किसी भी प्रत्याशी की जीत और हार के पीछे कई फैक्टर होते हैं। ऐसे में जब भाजपा-आजसू के उम्मीदवार के सामने विपक्ष के एक उम्मीदवार उतारने की बात होगी तो सबसे जरूरी होगा उस उम्मीदवार की जीत की संभावना को देखना। उन्होंने कहा कि यह ठीक है कि राज्य में वर्तमान सत्तारूढ़ महागठबंधन की 2019 की लोकसभा चुनाव में करारी हार हुई थी लेकिन यही महागठबंधन विधानसभा चुनाव 2019 का विजेता भी रहा है। सीपीआई स्टेट पोलित ब्यूरो के नेता अजय सिंह ने झारखंड में इंडिया का कुनबा बढ़ाने को बेहद जरूरी बताते हुए कहा कि राज्य में बिना लेफ्ट को साथ लिए कोई भी दल भाजपा को लोकसभा चुनाव में हराने में सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि लेफ्ट ही ऐसा दल है जिसका पंचायत से लेकर प्रदेश और देश स्तर पर अपना कैडर वोट है। सीपीआई नेता ने कहा कि अब राज्य में महागठबंधन के दलों को यह देखना है कि कैसे सामंजस्य बैठाकर झारखंड इंडिया को स्वरूप देते हैं।

आदिवासी संगठनों ने दी भारत बंद की चेतावनी

रांची। झारखंड के आदिवासी संगठनों ने मणिपुर की घटना को लेकर भारत बंद की चेतावनी दी है। शुक्रवार को मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने, मारपीट और दुष्कर्म के विरोध में आक्रोश रैली निकाली गयी। आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि बीजेपी के शासन काल में आदिवासी सुरक्षित नहीं है। आदिवासी समाज पर अत्याचार बढ़ रहा है। आदिवासी समाज पर हो रहा हमला नहीं रोका गया, तो भारत बंद आह्वान कर सड़क पर उतरेंगे। इससे पहले जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में सैकड़ों की संख्या में आदिवासी संगठनों के लोग जुटे। फिर आक्रोश मार्च करते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रधानमंत्री मोदी और मणिपुर के सीएम बिरेन सिंह का पुतला जलाया। आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि मणिपुर हिंसा घृणित राजनीति की महत्वाकांक्षा है। क्योंकि मैतेई समुदाय का वोट बैंक पक्का करने के लिए उन्हें लड़ाया गया है। केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुई अमानवीय घटना से पूरे देश को शर्मशार होना पड़ा है।

कुड़माली भाषा के साथ हो रहा अन्याय

सांसद ने कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता। रांची

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से गिरिडीह के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग उनसे नई दिल्ली में मिलकर की है । गिरिडीह सांसद ने उनको इस बात से अवगत कराया कि कुड़माली भाषा झारखंड, बिहार, बंगाल और उड़ीसा राज्य के कुड़मी द्वारा बोला जाता है। आगामी जनगणना में कुड़माली के स्थान पर पूर्ववत कुड़माली थार को ही रखा गया है जबकि कुड़माली को अन्य के तहत रखा जा रहा है जो भाषा राज्य के द्वितीय राजभाषा के रूप में दर्ज है। जिस भाषा का पठन-पाठन राज्य के पांच एवं पश्चिम बंगाल के समेत कुल 6 विश्वविद्यालयों में होता है। उन्होंने कहा कि यह बेहद ही पक्षपात पूर्ण अन्याय पूर्ण है। करीब 2 करोड़ से अधिक कुड़माली भाषा -भाषी के लिए बेहद ही निराशाजनक है। यह उन लाखों कुड़माली छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यह इंडो- आर्यन भाषा परिवार से संबंधित है और इसकी अपनी लिपि है जिसे 'कुर्मी कुदाली' कहा जाता है जो देवनागरी लिपि का एक संशोधित संस्करण है। लंबे समय से कुड़मी समुदाय की मांग रही है कि कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री को उन्होंने मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा।

जनवि. स्कूल क्षेत्रीय जूडो प्रतियोगिता में कोडरमा, चतरा और रांची का दबदबा

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। जवाहर नवोदय विद्यालय पटना संभाग के 21 जुलाई से 23 जुलाई तक जवाहर नवोदय विद्यालय पुत्तो में जूडो प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड, वेस्ट बंगाल के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं प्रतियोगिता के पहले दिन कोडरमा, चतरा और रांची के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका आयु वर्ग भार में अंडर-14 अंडर-17 एवं अंडर-19 के लिए प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन जवाहर नवोदय विद्यालय कोडरमा के प्राचार्य किशोर कुमार ने दीप प्रज्वलित एवं मशाल जलाकर किया। पहले दिन बालिकाओं के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई है। अंडर-14 के 44 किलो भार में नेहा कुमारी कोडरमा को स्वर्ण पदक, 32केजी भार में अन्नी कुमारी रांची को स्वर्ण पदक, 27 किलो भार में सुप्रिया साहनी चतरा को स्वर्ण पदक, 23 किग्रा में रिशु भारती कोडरमा को स्वर्ण पदक, 36 किग्रा में मेघा कुमारी कोडरमा को स्वर्ण पदक, अदिति सिंह मुज्जफरपुर रजत पदक, 40 किग्रा में नेहा उरांव रांची को स्वर्ण पदक, संगम कुमारी कोडरमा को रजत पदक,राखी कुमारी मुज्जाफारपुर को कांस्य पदक, 45 किग्रा से अधिक वजन में अनामिका कुमारी कोडरमा, ऋषिका आर्या रांची को रजत पदक मिला। अंडर 17 के 36 किग्रा वजन में सलोनी कुमारी कोडरमा को स्वर्ण पदक, मौसम शर्मा चतरा को रजत पदक, सभ्यता टोपो रांची को कांस्य पदक 40 किग्रा में वनिषा कोडरमा को स्वर्ण पदक, सुहानी कुमारी मुजफ्फरपुर को रजत पदक, बरखा कश्यप रांची को कांस्य पदक, 44 किग्रा गोल्डी रानी चतरा को स्वर्ण पदक, पुनीता कुमारी कोडरमा को रजत पदक, संजना कुमारी मुजफ्फरपुर को कांस्य पदक, 48 किग्रा ने स्वीटी कुमारी कोडरमा को स्वर्ण पदक, राखी कुमारी रांची को रजत पदक, खुशी राज चतरा को कांस्य पदक, 52 किग्रा ने अंजली कुमारी कोडरमा को स्वर्ण पदक, 57 किगा में निशा कुमारी कोडरमा को स्वर्ण पदक, 63 किग्रा में रति कुमारी कोडरमा को स्वर्ण पदक मिला। यह प्रतियोगिता प्रतियोगिता शिक्षक रणवीर कुमार राय, शारीरिक शिक्षिका सुनीता बिष्ट एवं कोडरमा जुडो संघ के महासचिव प्रिंस मिश्रा की देखरेख में चल रही है ' प्रतियोगिता के अंतिम दिन 23 जुलाई को विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक प्रिंस कुमार मिश्रा, रेफरी खुशी सिंह, कौशल कुमार, स्कोरर की भूमिका मिथिलेश कुमार ने निभाई।

ताइक्वांडो के बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में शामिल हुए कई खिलाड़ी

झुमरी तिलैया। कोडरमा जिला ताइक्वांडो संघ की ओर से कोडरमा थर्मल पावर में स्थित ताइक्वांडो एकेडमी (एक्रिएशन क्लब) में बेल्ट ग्रेडिंग प्रमोशनल की परीक्षा ली गयी, जिसमें कोडरमा जिला ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष सह-परीक्षक आकाश चंद्रा, महासचिव अशोक कुमार मुख्य परीक्षक एवं सीनियर प्रशिक्षक प्रवीण कुमार मौजूद थे। ताइक्वांडो संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि इन बच्चों का प्रशिक्षण विगत कई महीने से चल रहा था और इन बच्चों में काफी प्रतिभा छुपी हुई है। जिससे आने वाले दिनों में इन बच्चों के प्रदर्शन में निखार आयेगा। वही खिलाड़ियों में येलो बेल्ट प्राप्त करने वाले कृतिका राय, अंशिका राय, सूर्यांश राय, रियांश रंजन, अमायरा, आराध्या कश्यप, अरनी सिंह, सौंर्या सिंह, दृष्टि कुशवाहा, अदिति प्रमाणिक, नीलांजना गोराई, संस्कृति सिन्हा, सुदीक्षा सिन्हा, आर्यन मंडल, सौम्यजीत साहा, विराट मौर्य, श्रेया कुमारी, समैयरा, साक्षी प्रसाद एवं मानवी को येलो बेल्ट प्रदान की गयी। बेल्ट प्राप्त करने के पश्चात कई बच्चे भावुक होकर खिल उठे और उन्हें अपनी प्रतिभा को पहचानने का मौका मिला। साथ-साथ खिलाड़ियों के माता-पिता भी बच्चों का प्रदर्शन देखकर काफी उत्साहित थे।

मेजर डोनर राजेंद्र मोदी का मनाया गया जन्मदिन

रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा करेगा 1000 फलदार पौधों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। रोटरी क्लब के साप्ताहिक मीटिंग में राष्ट्रगान के साथ सभा की शुरूआत हुई। स्वागत भाषण अध्यक्ष विकास सेठ ने दिया। सचिव नवीन जैन ने महत्वपूर्ण घोषणा की और कहा कि जुलाई- अगस्त महीने में रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा 1000 फलदार पौधे का वितरण किया जाएगा। फेलोशिप कार्यक्रम में रोटरी क्लब कोडरमा के मेजर डोनर रोटेरियन राजेंद्र मोदी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। रोटेरियन नवीन पांड्या ने जन्मदिवस गीत गाकर लोगों को आनंदित कर दिया। इस खुशी के अवसर पर उन्हें रोटरी कोडरमा के द्वारा प्रतीक चिन्ह, मोमेंटो और पौधे का गमला देकर सम्मानित किया

गया। रोटेरियन कैलाश चौधरी, संगीता शर्मा, जयकुमार गंगवाल, सुरेश जैन, अजय अग्रवाल ने बताया कि रोटेरियन राजेंद्र मोदी पूरे रोटरी क्लब कोडरमा में सबसे अधिक रोटरी इंटरनेशनल को दान देने वाले मेंबर हैं। सदस्यों के द्वारा दिए गए इसी दान के फंड से सेवा के कार्य रोटरी पूरे विश्व भर में करती है। उनके जन्मदिन पर हम सभी रोटेरियन बधाई धन्यवाद देते हैं। आपके द्वारा समय-समय पर गरीब जरूरतमंदों की सेवा प्रशंसनीय है। इस मौके पर रोटेरियन रामरतन महर्षि, रितु सेठ, सुनीता पांडेय, आरती आर्य, सुरेश शेट्टी, अमित कुमार, संदीप सिन्हा, अमर कुमार, नवीन आर्य, सुशील छाबड़ा आदि उपस्थित थे। यह जानकारी सेक्रेटरी नवीन जैन ने दी।

फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन की बैठक

झुमरी तिलैया। फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन झुमरी तिलैया इकाई की एक बैठक शुक्रवार को गुरुनानक भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता मनोज कुमार यदुवंशी ने की। बैठक में प्रभारी के रूप में विनोद प्रसाद वर्णवाल शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एक अगस्त से राज्यव्यापी आंदोलन के तहत होने वाले हड़ताल में झुमरी तिलैया के सभी विक्रेता शामिल होंगे। एक अगस्त से अपने-अपने दुकान को बंद रखेंगे। जब तक सरकार इनकी 10 सूत्री मांगों पर विचार नहीं करती है तब तक इनकी हड़ताल जारी रहेगी।

कोलेबिरा विधायक ने जलडेगा के शारुबहार जामटोली देवनदी में पुल का किया शिलान्यास

जलडेगा। शुक्रवार को कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने विशेष प्रमंडल से बन रहे 3 स्पेन के पुल का शिलान्यास किया विधायक ने कहा हमारी सरकार छोटे बड़े सभी विकास के कार्य के लिए प्रतिबद्ध है मै प्राथमिकता के आधार पर सभी विकास कार्यों को किया कराने का काम कर रहा हूं मेरे विधानसभा क्षेत्र में कई बड़े बड़े पुल तथा सड़कों का अनुशंसा किया हूं जल्दी ही वह काम आरंभ किया जाएगा तथा अन्य छोटे बड़े विकास कार्य मेरे विधायक मद से भी कर रहा हूं।वहां के ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए विधायक का धन्यवाद तथा आभार व्यक्त किया ग्रामीणो की ओर से कहा गया वर्षों से इस पुल की मांग हमलोग करते आ रहे हैं लेकिन सरकार या किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा ध्यान नहीं दिया गया अब वर्षों की मांग के बाद अब बन सकेगी हमें बहुत खुशी है ।पुल का निर्माण आनन्द कंस्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।कार्यक्रम में जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा सांसद प्रतिनिधि सुजान जोजो बीडीओ विजय राजेश बारला अंचलाधिकारी खगेन महतो जलडेगा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़ियां कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग बीस सूत्री अध्यक्ष गाबरियेल समद अवध साहू रहीम खान तथा उस छेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

कोलेबिरा पुलिस ने बुलेट चोरी मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

कोलेबिरा। कोलेबिरा थाना अंतर्गत दिनांक 09 जुलाई को रात्रि में अज्ञात चोरो के द्वारा कोलेबिरा बानों रोड स्थित कोचिंग सेन्टर के संचालक रौशन कुमार का ग्रे रंग का बुलेट मोटरसाईकल को अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कर ली गई थी। इस संदर्भ में कोलेबिरा थाना काण्ड 46/23 धारा 379 तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।था बताया गया कि विगत दो माह से सिमडेगा, मुफस्सील, कोलेबिरा, बानो थाना के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिमडेगा द्वारा काण्ड के उदभेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये लगातार इन निगरानी की जा रही थी इसी क्रम में कोलेबिरा थाना द्वारा दचोरी गई बुलेट मोटरसाईकिल को गुमला जिला के डुमरी थाना अंतर्गत नटावल से इस काण्ड के अप्राथमिकी अभियुक्त राजकुमार गोप के निशानदेही पर बरामद कर लिया है। एवं इन्होने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि सिमडेगा जिला के अलग अलग थाना क्षेत्र से चोरी गई मोटरसाकिल का मुख्य आरोपी शिवम गोप उर्फ शिवम यादव एवं सिमडेगा जिला के ही राजेश ठाकुर हैम इनके टीम के द्वारा ही चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। सिमडेगा थाना द्वारा भी कोलेबिरा थाना अंतर्गत दो स्कुटी बरामद करते हुए एक अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। इसके मुख्य साजिसकर्ता शिवम गोप की गिरफ्तारी के लिये लगातार छापामारी की जा रही है।

फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

केरसई। थाना क्षेत्र के केरसई लालपुर चौक में शुक्रवार की सुबह सच्चिदानंद दास नामक युवक ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या।सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची केरसई पुलिस। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सच्चिदानंद दास शाम में खाना खाकर अपने घर में सोया था और अचानक सभी लोगों के सोने के बाद पंखा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इधर परिवार वालों का कहना है कि किसी प्रकार के किसी के साथ कोई लड़ाई झगड़ा नहीं हुआ है हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से छानबीन कर रही है।

जलडेगा में फेल साबित हो रही मनरेगा योजना

जलडेगा। मजदूरों को 100 दिन का रोजगार गारंटी देने वाली मनरेगा योजना जलडेगा में पूरी तरह से सफल साबित नहीं हो पा रही है। ग्रामीण इलाकों में श्रमिकों को काम मुहैया करा गांव में ही रोजगार सुलभ कराने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना जनप्रतिनिधियों और प्रखंड के जिम्मेदार अधिकारियों के आपसी अंतर्द्वंद्व में फंस गई है। इस कारण जलडेगा प्रखंड के टाटी पंचायत अंतर्गत बरबेड़ा गांव में वर्षों से आवेदन देकर निवेदन करने ने बाबजूद अब तक एक कुंआ स्वीकृत नहीं की गई। जबकि योजना के अंतर्गत जॉबकार्ड धारकों (पंजीकृत मजदूर) को सौ दिन के रोजगार की गारंटी देने का प्रावधान है। वहीं रोजगार की तलाश में पंचायत के अधिकाश गांवों से मजदूरों का पलायन जारी है। गांव पहुंचने पर घरों में सिर्फ महिला व बच्चे ही नजर आते हैं। हम बात कर रहे हैं प्रखंड मुख्यालय से लगभग 30 किमी दूर टाटी पंचायत के ग्राम बरबेड़ा गांव में रहने वाले आदिवासियों ने सिस्टम से सहयोग न मिलने पर अपने परिवार के साथ मिलकर बंजर जमीन पर कुआं खोदे हैं। इनकी मेहनत भी रंग लाई है। दरअसल इन आदिवासियों की कोई सुनने वाला नहीं है।

ठेठईटांगर में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। प्रखंड में शुक्रवार को सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज साथ में विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी समीर कच्छप उपस्थित हुए, सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल मैच का शुभारंभ किया गया खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा हमारे शारीरिक विकास के लिए खेल बहुत आवश्यक है, साथ ही साथ आज खेल के माध्यम से भी आप अपना कैरियर बना सकते हैं अपना भविष्य उज्जवल कर सकते हैं ,खेल को खेल की भावना से खेलें, खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे आपसी एकता का परिचय दिखाने का मौका मिलता है।अंचलाधिकारी समीर कच्छप ने कहा पहले के समय में बड़े बुजुर्ग कहते थे खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब लेकिन आज यह कथन गलत साबित हो रहा है आज खेल के माध्यम से भी आप

आप अपना करियर बना सकते हैं आप लोगों ने महेंद्र सिंह धोनी का नाम सुना है उन्होंने किस तरफ से विश्व पटल में अपना छाप छोड़ा है हमारे छोटे से झारखंड रांची के खिलाडी.ने , इसलिए आप सभी को शुभकामनाएं खेल को खेल की भावना से खेलें, मौके पर अंडर 14 बॉयज में फ्लाथपुर करोंजो ने बंबलकेरा को 2-0 से हराया, रंगारी हाई स्कूल ने एसएस प्लस टू जोराम को 1-0 से हराया ,वहीं बालिका वर्ग में कस्तूरबा स्कूल ने एसएस प्लस टू जोराम को 1-0 से हराया फ्लाथपुर कोरोंजो ने बंबलकेरा को 1-0 से हराया बाकी मैच कल फाइनल के साथ होगा रेफरी की भूमिका मोहम्मद हाशिम ने निभाया इस आयोजन को सफल बनाने में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी महावीर बड़ाईक, मुकुट बिलुंग पंचायत सचिव, बीपीओ नीलिमा कुजुर, बीपीएन रजनी पूनम कुल्लू, सीआरपी रोजलिया डुंगडुंग, सीआरपी आशा मिंज, बीआरपी सुनीता कुल्लू, प्रतिनियुक्त शिक्षक राजेश कुजुर, थदेयुस किन्डो,मियुस डुंगडुंग, गोल्ड मिल्टन बाड़ा अजीत धान सुरीन, नेलसन मुंडू की भूमिका रही।

मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

जलडेगा। ओडगा ओपी थाना परिसर में मुहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 29 जूलाई को मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान अंचल अधिकारी ने ओडगा पुलिस को गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह सोशल मीडिया में न फैलायें, माहौल बिगड़ने पर ऐसे तत्वों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी मनीष कुमार ने लोगों से अपील की है कि किसी प्रकार की सूचना जिससे शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो उसे फौरन पुलिस को दें। मौके अम्बिका साहू, रामकिशून साहू, कमरुद्दीन खान, शाहजहां खान, मनोहर अग्रवाल सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक

सिमडेगा। डीडीसी, अरुण वाल्टर सांगा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक हुई। बैठक में जिले के विभिन्न नये पर्यटन स्थल आसनबेड़ा, शारदा धाम, कैरबेड़ा डैम, बसतपुर पिकनिक स्थल, राजाडेरा जल प्रपात, अलसंगा नदी धाम, कैलाश धाम, संगम स्थल, बुढ़ा महादेव मंदिर, लरबा डैम, शिव मंदिर, दुर्गा पहाड़ी मंदिर एवं हनुमान पहाड़ी मंदिर धार्मिक एवं पर्यटक स्थल की विस्तृत समीक्षा कर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने पर विचार किया गया। इस दिशा में सूचीबद्ध करने के संबंध में अनुमोदित कराने हेतु विचार विमर्श करते हुए आवश्यक निर्णय लिया गया। साथ ही डी श्रेणी में अधिसूचित वनदुर्गा मंदिर बोलबा एवं दनगद्दी पर्यटन स्थलों एवं योजना को सी श्रेणी में अधिसूचित करने का प्रस्ताव से संबंधित विचार किया गया। जिला में स्थित पर्यटन की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थलों, क्षेत्रों को पर्यटन स्थल के रूप में अधिसूचित करने तथा संबंधित स्थलों के विकास हेतु विभिन्न प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान करने पर विचार विमर्श किया गया।

प्रेरणा शाखा ने बच्चों के बीच बांटे खेलकूद सामग्री

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। मारवाड़ी युवा मंच के 22 वां स्थापना दिवस पर को लेकर आठ दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत सातवें दिन पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के सम्मान में प्रेरणा शाखा ने भालोटिया स्कूल के बच्चों के बीच खेलकूद सामग्री का वितरण किया। इस दौरान बच्चे काफी उत्साहित नजर आए और खेलकूद के जरिए अपना दमखम दिखाया । मौके पर बतौर मुख्य अतिथि संतोष हिसारिया ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है । खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणा शाखा का यह प्रयास काफी सराहनीय है । प्रेरणा शाखा व्यक्तित्व विकास और संगठन को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए एक नया इतिहास रच रही है। प्रेरणा शाखा की सचिव सारिका लड्ढा ने कहा की प्रेरणा शाखा का आधार ही जन सेवा है और जन सेवा से कोई बड़ा कार्य नहीं होता है। यह राज योग्य नहीं, बल्कि कांटों से भरा ताज होता है। प्रेरणा शाखा की टीम के जरिए सेवा का कार्य ख्याति प्राप्त करनी है । समाज के अंतिम पायदान तक बेटी बचाओ , बेटी पढ़ाओ , कन्या भ्रूण संरक्षण , पर्यावरण संरक्षण सहित कई कार्य करने हैं । कार्यक्रम की परियोजना निदेशक नेहा जैन ने कहा कि आज के दौर में सब कुछ है । भाग दौड़ की व्यस्तता में और मोबाइल ने खेलकूद को सीमित कर दिया है। ऐसे में बच्चों की प्रतिभा को बढ़ाने के उद्देश्य से इस तरह से सेवा का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा क्वालिटी प्रोजेक्ट का कार्य हो युवा शक्ति और नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति होती है। भालोटिया स्कूल के प्राचार्य विकास पांडेय ने कहा कि प्रेरणा शाखा भालोटिया स्कूल को समय-समय पर कई सामग्री उपलब्ध कराती है और इससे बच्चे लाभान्वित होते हैं ।

जागरूकता सामाजिक कार्यों में इनरव्हील क्लब निभा रही है महत्वपूर्ण भूमिका

17 टीबी मरीजों के बीच पोषहार कीट का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। भारत टीवी मुक्ति अभियान के तहत रोटरी भवन मे इंरव्हील क्लब ऑफ कोडरमा के तत्वाधान मे टीबी रोगियों के लिए पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमन कुमार उपस्थित थे। उन्होंने टीवी रोग के लक्षण एवं उससे बचने के उपाए बताये, कहाँ कि बीमारी के दौरान सभी पोषक तत्वों की मात्रा सामान्य आवश्यकता से अधिक पड़ती है इसलिए टीबी के मरीजो को खाना अधिक खाने की जगह अधिक पोषण युक्त तथा दिन में कई बार भोजन लेना चाहिए और मरीज के द्वारा लिए जाना वाला भोजन संतुलित होना चाहिए। उन्होंनें इंरव्हील क्लब ऑफ कोडरमा कि सराहना करते हुए कहाँ कि जिस तरह से टीवी रोगियों की मदद के लिए सामाजिक संस्थाएं आगे आई हैं उस से निश्चिंत है कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए वर्ष 2025 तक टीवी मुक्त भारत के क्रम में कोडरमा से भी टीवी मुक्त हो सकेगा.क्लब की अध्यक्ष आशा गुप्ता ने कहा कि क्लब का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है, क्लब का उद्देश्य कोडरमा मे टीवी को जद से उखाड़ना भी शामिल है.उन्होंने आगे कहाँ कि टीबी के संक्रमण से बेहतर तरीके से लड़ने में मदद करने के लिए बेहतर खानपान बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसी के तहत 17 मरीजो के लिए पोषण युक्त खाद पैकेट सभी मरीजो को अगले 6 महीनों तक दिया जाएगा जिस से इन्हे बीमारी से ठीक होने मे मदद मिल

सकेगी. कार्यक्रम का संचालन परियोजना निदेशक रंजीता सेठ व धन्यवाद ज्ञापन नीलम महर्षि ने किया मौके पर रोटरी क्लब के सचिव नविन जैन सदर अस्पताल के अखिलेश प्रसाद प्रकाश कुमार, दीपेश कुमार, संजय वर्मा के अलावा क्लब की सरिता विजय सरिता कन्वे, आशा खेतान,अमरजीत छाबड़ा , रश्मि भदानी, श्रुति भदानी व अन्य मौजूद थे।

एएनएम के न होने से परती कुशवानी वासी परेशान

उप स्वास्थ्य केंद्र में 1 वर्ष से लगा है ताला

नवीन मेल संवाददाता। केतार

सरकार की ओर से अंतिम पायदान तक के लोगों तक स्वास्थ्य सेवा का लाभ पहुंचाने का प्रयास दम तोड़ रहा है। केतार प्रखंड के आदिवासी बहुल परती कुशवानी पंचायत में एएनएम की पदस्थापना नहीं होने के कारण पिछले एक साल से उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला लगा है। इसके कारण नौनिहालों को प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को लगने वाला रोग प्रतिरोधक टीका भी नहीं लग पा रहा है।

स्वास्थ्य उप केंद्र के पोषक क्षेत्र में रहने वाली गर्भवती महिलाओं दस किलोमीटर दूर केतार स्वास्थ्य उप केंद्र में प्रसव कराने को मजबूर हैं, जबकि बच्चों को लगने वाला टीका एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी कार्य पूर्ण रूप से बंद पड़ा है। पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि इसके लिए हम सबों ने जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई, परंतु किसी ने हमारी समस्या का समाधान नहीं किया है। इसके कारण पूरे पंचायत क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ संबंधित समस्या को लेकर प्रतिदिन भागदौड़ करनी पड़ रही है। परती कुशवानी पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी ने बताया कि एक साल से उप स्वास्थ्य केंद्र बंद है अभी हमलोगों को केतार स्वास्थ्य उप केंद्र में महिलाओं को प्रसव कराने के लिए भाड़े के वाहन से जाना पड़ता है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य उप केंद्र परती कुशवानी में एएनएम की पदस्थापना अभी तक नहीं हुई है। जल्द ही एएनएम की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

अधर्मी भी चाहता है धर्म की व्यापकता का लाभ : जीयर स्वामी

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

धर्म सिर्फ आस्था की चीज नहीं, बल्कि एक मानक भी है। धर्म की सर्व व्यापकता का समयोचित लाभ सभी प्राप्त करना चाहते हैं। जिस व्यक्ति के जीवन में धैर्य, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, निग्रह, धी, सत्य का भाव एवं क्रोध पर नियंत्रण हो तो वह अपने को धार्मिक समझे। मनुस्मृति में धर्म के दस लक्षण दिए गए हैं। ये लक्षण जिस व्यक्ति में विद्यमान हो उसे अपने को धार्मिक समझना चाहिए। जिन नियमों पर व्यक्ति से लेकर विश्व की व्यवस्था टिकी हुई है, उनका निस्वार्थ पालन करना सामान्य धर्म है। सृष्टिकर्ता के प्रति कृतज्ञता, भक्ति अर्पित करना मानव का परम धर्म है।

उक्त बातें जीयर स्वामी ने पाल्हे जतपुरा ग्राम में प्रवचन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य में व्यास गद्दी पर बैठे सूत जी, सुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाकर मुक्त किए जाने की बात कहीं गयी। सूत जी ने मंगलाचरण करते हुए कहा कि जैसे कीमती वस्तु की सुरक्षा हेतु एक गांठ से विश्वास नहीं होता। इसलिए दूसरा गांठ बाँध दिया जाता है। उसी भाव से सूत जी ने दोबारा मंगलाचरण किया। जन्म, पालन, संहार और मोक्ष प्रदान करने वाले सर्व शक्तिमान, जिसके प्रकाश से संसार प्रकाशित है, वैसे सत्य स्वरुप का वंदन किया सत्य स्वरुप की सत्ता से अलग दुनिया के अस्तित्व की कामना संभव नहीं। वैसे भगवान वामन, नृसिंह, राम और श्रीकृष्ण के रुप में जाने जाने वाले परमात्मा का मैं वंदन करता हूं।

जीयर स्वामी जी ने कहा कि धर्म की व्यापकता की परिधि का समयोचित लाभ बालक, युवा, वृद्ध, चोर, अपराधी, जुआड़ी और शराबी भी उठाना चाहते हैं। बालक जब कोई खेल खेलता है, तो दोस्तों को ईमानदारी से खेलने की नसीहत देता है। जुआ खेलने वाला भी बेईमानी नहीं करने की हिदायत देता है। शराबी भी दुकानदार को दो नंबर का शराब नहीं देने और कीमत अधिक नहीं लेने के व्यवसाय धर्म की सीख देता है। अपराधी कभी भी अपने परिजनों को अपराधी नहीं बनाना चाहता। यानी बुरा व्यक्ति भी धर्म की दुहाई और सीख देता है। वह नहीं चाहता कि परिजन उसके मार्ग का अनुशरण करें। कैकई ने धर्म की आड़ में दशरथ को भगवान राम का वनगमन के लिए बाध्य कर दिया। स्वामी ने कहा कि एक धर्म और एक परमधर्म होता है। खेती व्यापार नौकरी, मकान और दुकान बनाना-चलाना धर्म है.जिसके द्वारा संसाधन व्यवस्था मिले है, उनके प्रति प्रेम एवं आदर की भावना करना परमधर्म है। यक्ष प्रश्न की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य घर-परिवार, पुत्र पुत्री, धन-वैभव और पद-प्रतिष्ठा को अपना मानते हैं, लेकिन उन सबको देने वाले, जिनके कारण वे इस दुनिया में हैं, उनको नहीं मानना ही आश्चर्य है। जो दैहिक, दैविक और भौतिक तापों का उन्मूलन करने वाले हैं, उन्हें भूलना नहीं चाहिए। सत्य शांति है और धर्म आनंद है। ऐसे सत्य एवं धर्म स्वरुप परमात्मा का नित्य वंदन करना चाहिए। परमात्मा धर्म के विग्रह (मूर्त्त रूप) हैं।

बाइक दुर्घटना में सवार 4 युवक घायल

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

मझिया मार्ग पर पिंडरा गांव के पास बाइक दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के चटनिया गांव निवासी स्वर्गीय शंभू उरांव का पुत्र राजू कुमार उरांव, प्रेम विश्वकर्मा का पुत्र बॉबी देवल विश्वकर्मा, सूर्य देव उरांव का पुत्र मोतीचंद उरांव एवं बौराहा गांव निवासी वीरेंद्र उरांव का पुत्र उत्तम उरांव शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि सभी लोग अपने घर से गढ़वा आ रहे थे। इसी दौरान पिंडरा गांव के पास एक साइकिल से उसकी बाइक में टक्कर हो गई। इससे बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

संक्षिप्त

जल-नल योजना का शाही ने किया शिलान्यास

केतार। विधायक भानु प्रताप शाही ने शुक्रवार को प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत में 7 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से जल-नल योजना के तहत जलमीनार का शिलान्यास किया। वहीं केतार पंचायत सचिवालय परिसर में स्थित 250 मिट्रिक टन की क्षमता वाले राशन गोदाम का उद्घाटन किया। जल नल योजना से दो हजार घरों में पेयजल के लिए पानी आपूर्ति होगी। मौके पर जिप सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद, सिताराम जयसवाल, रविंद्र सोनी,गौरव सिंह, अमित चंद्र चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

युवक को सांप ने काटा, हालत गंभीर

सिंघीताली। सिंघीताली में बुधवार की देर शाम में सर्पदंश से गुलाबचंद दास गंभीर रूप से घायल हो गया, गंभीरावस्था में परिजनों ने रात्रि आठ बजे के करीब स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया, जहां पर तैनात आयुष डॉक्टर नीतीश भारती ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। गंभीरावस्था में युवक ने बताया कि वह शाम में क्रिकेट खेलने के बाद लौटकर घर के बगल में चापाकल हांथ मुंह धोने जा रहे थे,तभी पैर में सर्प ने डंस लिया। उसने बताया कि कौन सर्प था उसे देख नहीं पाया।

महिला को सांप ने काटा, उपचाराधीन

गढ़वा। थाना क्षेत्र के पोटमा गांव निवासी मजलूम अंसारी की पत्नी सहीवन बीवी सांप काटने से जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में सहीवन बीवी ने बताया कि वह अपने घर में जमीन पर चटाई बिछाकर सोई हुई थी। इसी दौरान सांप ने उसके बाएं हाथ में काट लिया। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

किशोरी को सांप ने डसा, चल रहा इलाज

गढ़वा। गढ़वा थाना क्षेत्र के तिलदाग गांव निवासी राजेश्वर उरांव की पुत्री रजंती कुमारी को सांप ने डस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। रजंती कुमारी मक्का के फसल की निकाई गुड़ाई कर रही थी। इस दौरान सांप ने उसके दाएं पैर में डस लिया। इसके पश्चात उसके स्वजनों ने सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

हाई स्कूल में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

श्री बंशीधर नगर। राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को 62वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेंद्र पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक बिरेंद्र पांडेय ने कहा कि हमारे देश में लोकप्रिय खेलों में से एक फुटबॉल है, जो शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी खेला जाता है। फुटबॉल ही एकमात्र ऐसा खेल है जिसमें खिलाड़ियों के शरीर के सभी अंग क्रिया करती है। उन्होंने कहा कि अगर उचित प्लेटफॉर्म मिले तो हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी भी क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। फुटबॉल प्रतियोगिता विद्यालय के ग्रीन हाउस व येलो हाउस के बीच आयोजित हुआ। इसमें में ग्रीन हाउस ने 6-3 गोल से जीत हासिल की। मौके पर शिक्षक अमरेंद्र दास, दिलीप पाठक, दीपक मिश्रा, अभिषेक पाठक, अनंजय प्रसाद, संतोष कुमार, विजय कुमार, राधाकृष्ण पांडेय, सुमन रानी जायसवाल, मो सोहेल अहमद, प्रवेश टोप्पो, प्रियरंजन, मो होमेदुल्लाह, बली प्रसाद, रमेश प्रसाद यादव, धर्मेंद्र प्रसाद सहित सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

बीएलओ घर घर जाकर कर रहे सत्यापन कार्य

खरौंधी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, रांची के आलोक में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत बीएलओ द्वारा 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र अंतर्गत घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। बीडीओ गणेश महतो ने बताया की खरौंधी प्रखंड अंतर्गत सभी 48 मतदान केंद्रों के बीएलओ के द्वारा घर घर मतदाताओं का सत्यापन कार्य किया जा रहा है एवं मतदाताओं से संबंधित सभी सूचनाएं मतदाता रजिस्टर में एकत्रित की जा रही है। साथ ही सत्यापन कार्य के दौरान मतदाताओं के घर पर निर्वाचन आयोग का स्टिकर भी बीएलओ द्वारा उनके घरों पर चिपकाया जा रहा है। साथ ही बीएलओ के कार्य को पर्यवेक्षण करने वाली बीएलओ सुपरवाइजर को भी इस कार्य पर पैनी नजर रखते हुए बीएलओ को आवश्यक सहयोग किया जा रहा है।

इस्लामिक विद्वान डॉ. इकबाल नैयर की याद में कार्यक्रम कल

बालूमाथ। अंजुमन फरोग उर्दू के तत्वाधान में प्रख्यात इस्लामिक विद्वान डॉ. इकबाल नैयर काशमी की याद में करियर काउंसलिंग सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन होटल कजारिया में 23 जुलाई को किया जाएगा। अंजुमन फरोग उर्दू के कन्वीनर मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी ने बताया कि बालूमाथ की धरती पुत्र डॉक्टर इकबाल नैयर कासमी ने दीनी व तालिमी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग छाप छोड़ी है। दीनी तालीम व उर्दू जुबान के प्रसार को बदस्तूर जारी रखने के लिए अंजुमन फरोग उर्दू ने बालूमाथ एवं आसपास के क्षेत्र के छात्रों को दसवीं एवं 12वीं के बाद की शिक्षा के संबंध में करियर काउंसलिंग करेगी। दसवीं व 12वीं में उर्दू जुबान में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को अंजुमन फरोग उर्दू द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

एसपी ने की शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

नवीन मेल संवाददाता। चतरा/इटखोरी

इटखोरी थाना क्षेत्र के परसौनी में दो पक्षों के बीच हुए झड़प के बाद शुक्रवार को इटखोरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक एसपी राकेश रंजन के उपस्थिति में हुई। जिसमें विशेष रुप से एसडीओ मुमताज अंसारी, डीएसपी केदार राम, एसडीपीओ अविनाश कुमार, डीटीओ संतोष कुमार सिंह, बीडीओ अन्वेषा ओना, सीओ राम विनय शर्मा, थाना प्रभारी बिनोद कुमार यादव समेत इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के दोनों समुदाय की ओर से कई प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।

बैठक में मौजूद लोगों ने सबसे पहले परसौनी में हुई घटना की निंदा करते हुए कहा कि समाज में अशांति फैलाने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं कहा गया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अशांति फैलाने वालों लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। वैसे लोगों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा थाना क्षेत्र में आगे भी आपसी भाईचारा बनाए रखने की बात कही गई। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई। इसके अलावे कहा गया कि यदि क्षेत्र में कोई किसी तरह की अफवाह फैलाते हैं तो उसकी सूचना प्रशासन को दें। मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही परसौनी गांव में भी दो समुदाय के बीच व्याप्त तनाव को लेकर पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों और दोनों पक्ष के लोगों की बैठक हुई। जिसमें आपसी सहमति बनी कि गांव के लोग प्रेम और भाईचारे के साथ रहेंगे। मारपीट जैसी घटना फिर कभी नहीं घटे इस पर सहमति जताई। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि प्रेम व भाईचारे के साथ जीयें। अगर कोई भी व्यक्ति अपराध करेगा उसके ऊपर पुलिस कार्रवाई करेगी। अपराध करें ही नहीं, तो पुलिस क्यों आएगी। पुलिस के काम में कोई भी व्यक्ति बाधा न डालें।

संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की तैनाती

इटखोरी(चतरा)। साम्प्रदायिक विवाद को देखते हुए अप्रिय घटना से निपटने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। इटखोरी सहित जिले के प्रमुख संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। घटना स्थल और इसके आसपास के क्षेत्रों में भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। इस दौरान आने-जाने वाले हर लोगों पर पुलिस अपनी पैनी नजर रख रही है। हालांकि स्थिति पूरी तरह से पुलिस के नियंत्रण में है। दुसरी ओर उपायुक्त अबु इमरान व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने इटखोरी में साम्प्रदायिक घटना के आलोक में विधि व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु बीते देर रात ऑनलाइन बैठक कर एसडीओ सदर और एसडीपीओ अविनाश कुमार से क्षेत्र की शांति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए साम्प्रदायिक घटना को रोकने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने उक्त घटना को लेकर जिले के सभी प्रखंड को हाई अलर्ट में रहने का निर्देश दिया तथा कहा कि इस तरह की घटना को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। उन्होंने दोषियों को चिन्हित कर अविलंब ग्रिफ्तार करने का निर्देश दिया तथा कहा कि नामजद और प्राथमिक अभियुक्त अविलंब सरेंडर करें अन्यथा उनके खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

ग्यारहवें थाना प्रभारी के रूप में संजय सिंह ने किया पदभार ग्रहण

मयूरहंड(चतरा)। जिले के मयूरहंड थाना के ग्यारहवें थाना प्रभारी के रुप में संजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। 2012 बैच के पुलिस अवर निरीक्षक श्री सिंह ने निवर्तमान थाना प्रभारी रामवृक्ष राम से प्रभार लिया। सिंह ने कहा की थाना क्षेत्र में भूमि विवाद मामले बहुत हैं इसे विधि सम्मत कम करने की पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में विधि व्यवथा कायम रखने के साथ बेहतर पुलिसिंग बहाल करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस कार्य में क्षेत्र वासियों से सहयोग की अपील नए थाना प्रभारी ने की है। मौके पर सहायक अवर निरीक्षक शशि कांत ठाकुर के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

रमना थाना परिसर में किया गया पौधरोपण

नवीन मेल संवाददाता। रमना

संत जेपी स्कूल की ओर से रमना थाना परिसर में शुक्रवार को एक सौ इमारती, फलदार और छायादार पौधे लगाये गये। इस अवसर पर प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि रमना को हरा-भरा बनाने की दिशा में संत जेपी स्कूल की ओर से किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। सीओ सतीश कुमार सिन्हा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण ही मानव जीवन का आधार है। ऐसे में सभी लोगों को कम से कम पांच-पांच पौधे अवश्य लगाने चाहिएं। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने कहा कि बड़े पैमाने पर पौधरोपण कर ही हम आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दे सकते हैं। डॉ पारस नाथ ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पौधे लगाने और इसे बचाने के लिए लोगों में जागरूकता लाना है। मौके पर मुखिया दुलारी देवी आदि मौजूद थे।

झामुमो की बैठक में संयोजक मंडल का हुआ गठन

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया

प्रखंड मुख्यालय के बिलैती खैर पंचायत सचिवालय परिसर में झामुमो युवा जिला अध्यक्ष संजय छोटू सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में झामुमो युवा मोर्चा कमेटी को सशक्त एवं मजबूत करने को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडल का भी गठन किया गया, जिसमें भरत सिंह, रामबदन रवि, सुरेंद्र यादव, कन्हाई परहीया, महेंद्र सिंह, मुन्ना यादव, दिलीप परहीया रामेश्वर सिंह, रामवीर सिंह, अर्जुन सिंह, नितेश सिंह को शामिल किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी, उप प्रमुख मोहम्मद फारुख, राम सागर यादव, हीरामन सिंह, सतवंत यादव, रमेश यादव, रतन सिंह, चरकू परहिया, विभूति नारायण सिंह, बेलाल अंसारी, मनदीप यादव, रमेश यादव, सहित सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संजय छोटू सिंह ने कहा कि झामुमो बूथ स्तर तक पूरी तरीके से मजबूत है। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जब से सरकार बनी है तब से विपक्ष के लोग व केंद्र की भाजपा सरकार लोकप्रिय एवं जनप्रिय हेमंत सरकार को बदनाम करने के लिए दिन रात साजिश रच रही है। क्षेत्र में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों को विपक्षी दल केंद्र सरकार के बताकर यहां की भोली-भाली जनता को बरगलाने का काम कर रहा है। यहां की जनता ने पूर्व प्रतिनिधियों को पूरा अवसर दिया था। इनके समय में कुछ काम नहीं हुआ। अगर पूर्व की सरकार में काम हुआ है तो एक भी काम दिखा दें। जिस दिन विधायक निधि के काम की जांच होगी उस दिन पूर्व के जनप्रतिनिधियों को जेल जाने से कोई नहीं बचा सकता है। ऐसे जोक लड़ाई करने वाले प्रतिनिधियों से भोली भाली जनता को सावधान रहना चाहिएद्ध मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

आस्था

जिक्रे शोहदा-ए- कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया

'हजरत इमाम कयामत तक याद किये जायेंगे'

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या तीन कर्बला के मैदान में जिक्रे शोहदा-ए- कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के सदर तौहीद खान, मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदर मुराद खान (मुन्ना खान) खजांची लाल बाबू खान, नायब सदर शमीम खान उर्फ फुलटून खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सदर तौहिद खान ने कहा कि हजरत इमाम हसन हुसैन की शहादत के रूप में मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अपने ईमान, इस्लाम धर्म और इंसानियत के लिए जान न्योछावर करने वाले हजरत इमाम हुसैन कयामत तक लोगों के दिलों में याद किये जायेंगे। मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदर मुराद खान ने कहा कि जिक्रे शोहदा ए कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन एक तारीख से लेकर 7 तारीख तक किया गया है। बाहर से आए हुए वलमाओ के द्वारा तकरीर किया जाएगा। खजांची लालबाबू ने कहा कि इस्लाम धर्म प्रेम और भाईचारे से रहने का पैगाम देता है हर मुस्लिम को इसका अनुसरण करना चाहिए। मुफ्ती जुनैद मिस्बाही इलाहाबादी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की जिंदगी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हमे इस्लाम हजरत हुसैन की शहादत से मिला है उन्हें कभी भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन की शख्सियत से हमें हक के लिए लड़ने व जुल्म के आगे सिर नहीं झुकाने की सीख मिलती है। हालात चाहे जो हों सच्चाई की राह कभी नहीं छोड़नी चाहिए। कार्यक्रम अंत में सलातो सलाम पढ़कर अमन चैन की दुआ की गई। मौके पर मौलाना अब्दुल कादिर साहब, मौलाना पैगाम रजा, मौलाना आबिद हुसैन, सरपरस्त शमीम खान, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी सचिव इरफान खान, शेरमोहमद खान, डॉ मेराजुद्दीन खान, आजाद खान नेपाली, फिरोज खान, वाजुदिन अंसारी, डॉ सरफराज खान, अंसार खान, बबलू खान, अलाहु खान, अजूबा खान, मंसूर खान, फेराजूल खान, सोनु खान, अजहरुल खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

रास्ता विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

मेराल। थाना क्षेत्र के चेचरिया पंचायत के खोलरा गांव में रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। मारपीट की घटना को लेकर राम नरेश चौधरी ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के संबंध में दिए गए आवेदन के अनुसार राम नरेश चौधरी खेत जुताई के लिए अपना ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। इस दौरान राजबली सिंह द्वारा ट्रैक्टर रोकने के बाद दोनों ओर से वादद विवाद हुआ।

इसके बाद राजबली सिंह के पुत्र सुनील सिंह व उनके पुत्र तथा कुछ अज्ञात लोग घर पर आकर उसके साथ मारपीट की। इस घटना की जानकारी मेराल थाना को दी गयी। घटना की जानकारी पाकर मेराल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन करते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

हाय महंगाई, तू कहां से आई

देश में खाने व पीने के सामानों में अप्रत्याशित वृद्वि ने आम आदमी का जीना दुश्वार कर दिया है। अभी टमाटर की महंगाई का शोर थमा नहीं है कि गरम मसालों की महंगाई ने रसोई में आग लगा दी है। भोजन पकाने में हर दिन इस्तेमाल होने वाले मसालों का भाव आसमान पर है। अगर हाल यही रहा तो वह दिन दूर नहीं जब गरीबों की थाल में उबली हुई सब्जी ही बच जायेगी। बिना छौंके की दाल ही नसीब हो पायेगी। घर की रसोई से दाल के छौंका और सब्जी के मसालों की उठने वाली सुगंध के लिए भी तरसना पड़ सकता है। इस बाबत पलामू के एक खुदरा किराना दुकानदार प्रमोद कुमार कश्यप ने जो बताया उसके अनुसार जीरा का खुदरा भाव इन दिनों 650 से 720 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। एक दो माह पहले इसका भाव 300 से 350 रुपए था। इसी तरह भोजन का जायका बढ़ाने वाली काली मिर्च (मरीच) के भाव भी 560से 600रुपए प्रति किलो की दर पर आ गया है। जबकि धनिया 120, बड़ी इलाइची 1000एवं छोटी इलाइची 1600 रुपए प्रति किलो बिक रही है। अब हल्दी पीछे कइसे रहता उसने भी दाल और सब्जियों का रंग बदरंग करने की ठान ली है सो उसके भाव भी चढ़कर 110 से 150 रुपए किलो पर पहुंच गये हैं। लहसुन 100 से 150 रुपए खुदरा मिल रहा है। लाल और काली मिर्च के भाव बिना खाये ही मुँह में कड़वाहट बना दे रहे हैं। लाल मिर्च 260 रुपए तो हरी मिर्च 210 रुपए प्रति किलो मिल रही है। एमडीएम, मीट मसाला समेत अन्य उपयोगी मसाले भी महंगाई की चपेट में आ गये हैं। खुदरा दुकानदार प्रमोद बताते हैं कि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले गरीब परिवार के लोग दस -बीस रुपए लेकर गर्म मसाला खरीदने आते हैं। यह उनकी रोजमर्रा में शामिल है, लेकिन आसमान छूते गरम मसालों के दाम को देखते हुए गरीबों को गरम मसाला देना महंगा पड़ रहा है। बहरहाल टमाटर तो गरीबों की थाली से दूर है ही। अन्य सब्जियों की महंगाई ने पहले ही गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार की भोजन की थाल से संख्या और मात्रा कम कर रखी है और अब मसालों के बढ़े भाव ने तो थाल की बची खुची सब्जियों का स्वाद भी बिगाड़ना शुरू कर दिया है। दूसरी तरफ सब्जी मंडी में लोग टमाटर का दाम सुनते ही लोगों के मुंह से यही निकल रहा है, अरे इतना महंगा। वजह गर्मी के इस मौसम में टमाटर का भाव भी गर्म हो गया हैं। इन दिनों टमाटर के भाव 120 रुपए से 150 रूपये किलो हो गया हैं। लोग आश्चर्यचकित इसलिए हो रहे क्योंकि अचानक टमाटर के भाव में इजाफा हुआ हैं। पलामू में टमाटर की कीमत में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है। अचानक टमाटर के दामों में हुई इस बढ़ोत्तरी ने आम लोगों को हिला कर रख दिया है। टमाटर हर घर की किचन का एक अहम हिस्सा है। खाने की हर थाली में टमाटर होता ही होता है। अचानक दामों में हुए इस इजाफे ने लोगों के घर का बजट तक बिगाड़ दिया है। अचानक टमाटर के भाव में बढ़ोतरी की वजह पलामू समेत देश भर में मानसून आ गया है। बारिश पड़ना शुरू हो गई है। ऐसे में टमाटर समेत कई तरह की फसलें खराब हो गई हैं। इसका असर टमाटर पर पड़ा है। इसके दामों में अचानक इजाफा हुआ है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि इस बार गर्मी बहुत ज्यादा हुआ जिसके वजह से पैदावार भी बहुत कम हुई। सिर्फ टमाटर ही नहीं अन्य सब्जियों के दामों में भी इजाफा हुआ है। जिससे घर का खर्च चलाना काफी मुश्किल हो गया है। सब्जी की दुकान लगाने वाले आरिफ ने कहा कि पिछले 3 से 4 दिनों में टमाटर के दाम में इजाफा हुआ है मौजूदा समय में टमाटर 120 रुपए किलो बिक रहा है।

लहसुन 100 से 150 रुपए खुदरा मिल रहा है। लाल और काली मिर्च के भाव बिना खाये ही मुँह में कड़वाहट बना दे रहे हैं। लाल मिर्च 260 रुपए तो हरी मिर्च 210 रुपए प्रति किलो मिल रही है।

मित्रता के आकाश पर राफेल की ऊंची उड़ान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा सामरिक दृष्टि से भी बहुत उपयोगी रही। फ्रांस के साथ भारत के नब्बे हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदे हुए। चीन और पाकिस्तान पहले की तरह फिर परेशान हुए।

इन दिनों

भारतीय वायुसेना ने यूपीए सरकार के समय ही राफेल विमानों की खरीदा को अपरिहार्य बताया था। यह भी कहा गया था कि फ्रांस के साथ यह सौदा बिना समय गंवाए करना चाहिए। चीन की रक्षा तैयारियों के दृष्टिगत भारत को देर नहीं करनी चाहिए। लेकिन यूपीए सरकार इस पर कोई निर्णय नहीं कर सकी। नरेन्द्र मोदी सरकार ने वायुसेना और रक्षा विशेषज्ञों के सुझाव को गंभीरता से लिया। राफेल सौदे को पूरा किया गया। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस का हंगामा हैरान करने वाला रहा। चीन हमारा शत्रु है। वह नहीं चाहता था कि भारत को राफेल मिले। उसे पता था कि इससे भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ जायेगी। कांग्रेस ने भी राफेल सौदे पर निशाना लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन नरेन्द्र मोदी राष्ट्रहित में जो उचित समझते हैं, वही करते हैं। ऐसे विषयों पर विपक्षी हंगामे को वह नजरअंदाज करते हैं। राफेल सौदा भी सम्पन्न हुआ। तब भारत को छत्तीस राफेल मिले थे। उस अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह फ्रांस गये थे। उन्होंने भारतीय परम्परा के अनुरूप राफेल विमान का पूजन किया था। उस पर स्वास्तिक बनाया था। वैसे भारत की विपक्षी पार्टियों को यह भी पसन्द नहीं आया था। अब फिर राफेल की उड़ान आगे बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा सामरिक दृष्टि से भी बहुत उपयोगी रही। फ्रांस के साथ भारत के नब्बे हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदे हुए। चीन और पाकिस्तान पहले की तरह फिर परेशान हुए। इस समझौते के अंतर्गत भारत को 26 राफेल लड़ाकू विमान मिलेंगे। इसके अलावा तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों को भारत में बनाने पर सहमति बनी। इंडो-पैसेफिक क्षेत्र में चीन की गतिविधियों को देखते हुए भारत को भी रक्षा जरूरतों को पूरा करना था। भारतीय नौसेना ने आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमान खरीदने की सिफारिश की थी। नरेन्द्र मोदी की यात्रा से भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक और राजनीतिक सम्बन्ध सुदृढ़ हुए हैं। हिंद प्रशांत क्षेत्र और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और फ्रांस समान हित हैं। दोनों इस क्षेत्र में साझा रणनीति पर अमल के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रतिबद्धता के चलते भारत के विरोधी देशों को फ्रांस कोई हथियार नहीं देता है। इतना ही नहीं वह भारत विरोधियों के साथ मंच भी साझा नहीं करता है। प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा और 26 राफेल की चर्चा ने पुराना प्रसंग ताजा कर दिया। तब कांग्रेस के रुख से साफ था कि वह राफेल सौदे को पूरा नहीं होने देगी। कांग्रेस लगातार बाधा पैदा कर रही थी। चौकीदार चोर के नारे लगवाये जा रहे थे। निराधार सवाल पूछे जा रहे थे। सरकार सभी का तथ्यों के आधार पर जबाब दे रही थी। लेकिन कांग्रेस का मकसद तो हंगामा करना था। तब राफेल डील में एचएएल से निर्मित होने वाले लड़ाकू विमान की गारंटी लेने से मना कर दिया था। इस ऑफसेट पार्टनर नीति को पूर्व की यूपीए सरकार ने 2013 में बनाया था। राहुल अपनी सरकार के निष्फल दाम बता कर बहुत खुश होते हैं। लेकिन खरीदने में नाकाम क्यों रहे, इस सवाल का कोई जबाब नहीं देते। कांग्रेस सरकार पहले ही दस वर्ष की देर कर चुकी थी, इसलिए नरेन्द्र मोदी सरकार को इन पर तेजी से कार्य करना पड़ा। वर्ष 2016 में जो सौदा हुआ, उसके आधार पर बेयर एयर क्राफ्ट अर्थात युद्धक प्रणालियों से विहीन विमान का दाम यूपीए की कीमत से नौ प्रतिशत कम था और हथियारों से युक्त विमान यूपीए की तुलना में भी बिल प्रतिशत सस्ता था। कहा गया कि कांग्रेस को आफसेट के बारे में भी पता नहीं है। आफसेट का मतलब है कि किसी विदेशी से सौदा करते हैं तो कुछ सामान अपने देश में खरीदना होता है। राफेल में तीस से पचास प्रतिशत सामान भारत में खरीदने की बात है। कुल आफसेट उनतीस हजार करोड़ रुपये का है जबकि, राहुल एक लाख तीस करोड़ होने का आरोप लगा रहे है। आफसेट तय करने का काम विमान तैयार करने वाली कंपनी का है। राहुल गांधी राफेल खरीद प्रक्रिया जानने को बेताब थे। उसका भी जवाब मिल चुका था राफेल की खरीद के दौरान पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया। अनुबंधन वार्ता समिति, कीमत वार्ता समिति आदि की चौहत्तर बार बैठकें हुई। सुप्रीम कोर्ट को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद यह रक्षा खरीद परिषद में गया और फिर सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति की मंजूरी ली गई। यूपीए के रक्षामंत्री ने पूरी प्रक्रिया के बाद कहा था कि इस पर पुर्नविचार की आवश्यकता है। इसका जबाब राहुल को देना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद राहुल के सभी सवाल बेमानी हो गये थे। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार सरकार ने उसे विमानों के दाम सीलबंद लिफाफे में दिये थे। उसने इन्हें देखा और वह संतुष्ट है। कोर्ट ने फैसला दिया इस मामले में हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने राफेल पर जितने भी सवाल उठाये थे, उनका अनेक बार जबाब आ चुका था। फ्रांस सरकार ने उनकी बात को झूठा बताया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राफेल डील में कुछ भी गलत नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद राहुल गांधी से सच्चाई स्वीकार करने की अपेक्षा थी। राहुल चिल्ला रहे थे कि चौकीदार चोर है। लेकिन वह यह नहीं बता रहे थे कि नेशनल हेराल्ड,अगस्ता वेस्टलैंड से संबंधित लोगों को क्या कहा जाय। कुछ भी हो नरेन्द्र मोदी सरकार ने तब संकल्प से सिद्धि का प्रमाण दिया। पहले छत्तीस विमान भारतीय वायुसेना में शामिल हुए थे। अब छब्बीस विमान और शामिल होंगे। भारत और फ्रांस ने साझा बयान में कहा कि अफ्रीका, हिंद महासागर क्षेत्र, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया के देशों में विकास के लिए दोनों देश मिलकर काम करना जारी रखेंगे। दोनों देश स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अस्तित्व में विश्वास करते हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा शिव पुराण की

शिव का अर्थ है कल्याण। शिव के महात्मय से ओत-प्रोत से यह पुराण शिव पुराण कथा के नाम से प्रसिद्ध है। 18 पुराणों में कहीं शिव पुराण तो कहीं वायु पुराण का वर्णन आता है। शिव पुराण का सम्बन्ध शैव मत से है। इस पुराण में प्रमुख रूप से शिव-भक्ति और शिव-महिमा का प्रचार-प्रसार किया गया है। शिव सहज ही प्रसन्न हो जाने वाले एवं मनोवांछित फल देने वाले हैं। किन्तु 'शिव पुराण' में शिव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके रहन-सहन, विवाह और उनके पुत्रों की उत्पत्ति के विषय में विशेष रूप से बताया गया है।

शिव महिमा : भगवान शिव सदैव लोकोपकारी और हितकारी हैं। त्रिदेवों में इन्हें संहार का देवता भी माना गया है। अन्य देवताओं की पूजा-अर्चना की तुलना में शिवोपासना को अत्यन्त सरल माना गया है। अन्य देवताओं की भांति को सुगंधित पुष्पमालाओं और मीठे पकवानों की आवश्यकता नहीं पड़ती। शिव तो स्वच्छ जल, बिल्व पत्र, कंटीले और न खाये जाने वाले पौधों के फल यथा-धूतरा आदि से ही प्रसन्न हो जाते हैं। शिव को मनोरम वेशभूषा और अलंकारों की आवश्यकता भी नहीं है। वे तो औघड़ बाबा हैं। जटाजूट धारी, गले में लिपटे नाग और रुद्राक्ष की मालाएं, शरीर पर बाघम्बर, चिता की भस्म लगाये एवं हाथ में त्रिशूल पकड़े हुए वे सारे विश्व को अपनी पद्चाप तथा डमरू की कर्णभेदी ध्वनि से नचाते रहते हैं। इसीलिए उन्हें नटराज की संज्ञा भी दी गई है। उनकी वेशभूषा से 'जीवन' और 'मृत्यु' का बोध होता है। शीश पर गंगा और चन्द्र - जीवन एवं कला के द्योतम हैं। शरीर पर चिता की भस्म मृत्यु की प्रतीक है। यह जीवन गंगा की धारा की भांति चलते हुए अन्त में मृत्यु सागर में लीन हो जाता है।

(क्रमशः)

टमाटर से सबक ले मार्केट इंटरवेंशन को तैयार रहना जरुरी

लगभग हर साल अन्नदाता को रुलाने वाले टमाटर ने इस बार आम नागरिकों खासकर गृहणियों को बुरी तरह से झकझोर के रख दिया है। अब तक अनुभव यही रहा है कि प्याज आम उपभोक्ताओं को रुलाता रहा है तो सरकार बनने-बनाने में भी प्याज की अहम भूमिका रही है। संभवतः यह पहला मौका होगा जब टमाटर ने भाव दिखाये हैं और यहां तक कि देश के अधिकांश हिस्सों में टमाटर के भाव डेढ़ सौ से दो सौ रुपये तक को छूने व कई स्थानों पर तो इससे अधिक आसमान छूने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हालात यहां तक देखने को मिले हैं कि मंडियों से टमाटर चोरी हुआ। सुरक्षा के लिए बॉक्सर्स की सेवाएं ली गईं। हालांकि अब टमाटर के भावों में उतार का दौर शुरू हो गया है। केन्द्र सरकार भी एनसीसीएफ और नैफेड के माध्यम से आगे आई है। संभवतः अदरक के भाव भी चार सौ रुपये के आसपास जाने का यह पहला रिकॉर्ड होगा पर टमाटर ने सीधे-सीधे आम आदमी को प्रभावित किया है। पिछले दिनों ब्रिटेन में एकाएक भाव बढ़ने वाली वस्तुओं को कुछ समय तक नहीं खरीदने की सलाह सरकार द्वारा जारी की गई पर मजे की बात यह है कि हमारे देश में हालिया एक सर्वे के अनुसार टमाटर द्वारा लाल-नीली आंखें दिखाने के बावजूद केवल 15 प्रतिशत लोगों ने टमाटर को कुछ समय के लिए रसोई से बाहर रखने यानी की नहीं खरीदने का निर्णय किया, वहीं 82 फीसदी लोगों ने भले ही महंगा रहा हो पर टमाटर की खरीद से परहेज नहीं किया। दरअसल अब तक का अनुभव यह रहा है कि सीजन में एक समय ऐसा आता है जब टमाटर के मंडियों में भाव लागत तो छोड़ो मंडी में लाने ले जाने की लागत भी पड़ता नहीं खाती और हाइवे के किनारों पर टमाटर के ढ़ेर के ढ़ेर बिखरे हुए देखे जाते रहे हैं। हालांकि करीब-करीब इस समय टमाटर के भाव बढ़ते हैं पर इतने अधिक भावों में तेजी पहले लगभग नहीं ही देखी गई है। वैसे तो टमाटर की खेती समूचे देश में होती है पर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, गुजरात, पश्चिमी बंगाल आदि प्रमुख टमाटर उत्पादक प्रदेश हैं। दुनिया में टमाटर के उत्पादन में चीन शीर्ष पर है और एक मोटे अनुमान के अनुसार चीन में टमाटर का 5 करोड़ 64 लाख टन से अधिक सालाना उत्पादन होता है। चीन के बाद भारत टमाटर का सबसे अधिक यानी की दूसरे नंबर का प्रमुख उत्पादक प्रदेश है। मोटे अनुमान के अनुसार देश में करीब चार लाख टन टमाटर का सालाना उत्पादन होता है। यदि कुछ दिनों को छोड़ दिया जाय तो टमाटर के भावों को लेकर इतनी मारामारी नहीं रहती है। पर इस साल तो टमाटर ने सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। टमाटर दक्षिण अमेरिका के एंडीज और मैक्सिको से स्पेनिस कॉलोनीज होते हुए दुनिया के देशों में पहुंचा है। बदलते समय में कम से कम हमारे देश में छाछ, केरी, अमचूर, काचरी आदि परंपरागत खटाई की जगह सभी सब्जियों में टमाटर ने बना ली है। टमाटर के बिना सब्जी के स्वाद की कल्पना लगभग नहीं के बराबर रह गई है तो दूसरी और टमाटर कैचअप, प्यूरी और शॉश का अपना बड़ा बाजार विकसित हो चुका हैं।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

केन्द्र सरकार भी एनसीसीएफ और नैफेड के माध्यम से आगे आई है। संभवतः अदरक के भाव भी चार सौ रुपये के आसपास जाने का यह पहला रिकॉर्ड होगा पर टमाटर ने सीधे-सीधे आम आदमी को प्रभावित किया है।

मंहगाई

दरअसल औषधीय गुण के कारण भी टमाटर की मांग बढ़ी हैं। टमाटर में विटामिन सी, बी, के के साथ ही कोलिन आदि प्रचुर मात्रा में हैं। इसलिए स्वास्थ्य की दृष्टि से भी टमाटर की अपनी अहमियत है। प्याज-टमाटर ऐसे हैं जो आलू आदि दूसरी सब्जियों के साथ तो काम आते ही हैं केवल और केवल टमाटर और प्याज ही ऐसे हैं जो गरीब से गरीब की थाली में लगावन का काम करता है तो अमीर से अमीर की रसोई भी इनके बिना अधूरी है।

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

नौकरीशाही पर सत्तापक्षी होने का आरोप

लोकतंत्र के प्रमुख स्तंभों में से एक कार्यपालिका लगातार प्रश्नों के घेरों में रहती रही है, आजादी के अमृतकाल में भी कार्यपालिका के भ्रष्ट, लापरवाह एवं गैरजिम्मेदार होना नये भारत-सशक्त भारत की सबसे बड़ी बाधा है। नेताओं और नौकरशाहों के भ्रष्टाचार की आए दिन आने वाली खबरें यही बताती हैं कि केंद्रीय एजेंसियां डाल-डाल हैं तो भ्रष्टता का जाल पात-पात। विडम्बना तो यह है कि नेतृत्व करने वाली ताकतें भ्रष्टाचार में लिप्त है। मद्रास हाईकोर्ट की हाल ही में की गयी टिप्पणी नौकरशाहों की उस प्रवृत्ति को उजागर करने वाली है जिसमें वे सत्ताधारी दलों का पिछल्लगू बनकर काम करते हैं। तमिलनाडु के पूर्व सीएम एके पलानीस्वामी के खिलाफ हाईवे निविदा के मामले में नये सिरे से जांच के सरकार के आदेश को रद करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि संविधान लागू होने के 73 साल बाद कड़वी हकीकत यह है कि कार्यपालिका ने अपनी स्वतंत्रता लगभग खो दी है। सत्ता बदलाव के साथ ही कार्यपालिका की कार्यप्रणाली में बदलाव का यह उदाहरण अकेला नहीं है। कमोबेश सभी राज्यों में यह देखने में आता है कि सरकारी कार्यालयों में बदले की भावना से पूर्व सरकारों के कामकाज से जुड़े मामलों की जांच की फाइलें फिर से खंगालने का काम शुरू हो जाता है। न्यायपालिका की यह टिप्पणी जाहिर करती है कि सरकारें मौके-बेमौके अपने विरोधियों को सबक सिखाने के लिए जांच एजेंसियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही हैं। नौकरशाही को यों तो विधायिका की आंख, नाक व कान की संज्ञा दी जाती है। लेकिन हकीकत यह है कि सत्ता में बैठे लोग कार्यपालिका से जो काम कराना चाहते हैं उसी फाइल पर पंख लगते हैं। भले ही वह काम जायज हो या नाजायज। ऐसे में कार्यपालिका से जुड़े ज्यादातर लोग सरकारों के राजनीतिक एजेंडे के अनुरूप काम करने लगते हैं। राष्ट्र के संचालन, सुरक्षा, कानून और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कार्यपालिका महत्वपूर्ण स्तम्भ हैं जबकि नियमों की पालना व आम जनता को सुविधा देने में अफसरशाही ने लाल फीतों की बाधाएं बना रखी हैं। प्रशासकों की चादर इतनी मैली है कि लोगों ने उसका रंग ही काला मान लिया है। अगर कहीं कोई एक प्रतिशत ईमानदारी दिखती है तो आश्चर्य होता है कि यह कौन है? पर हल्दी की एक गांठ लेकर थोक व्यापार नहीं किया जा सकता है। नौकरशाह की सोच बन गई है कि सरकारी तनख्वाह तो केवल टेबल-कुर्सी पर बैठने के लिए मिलती है, काम के लिए तो और चाहिए। इसके लिये वे सत्ताधारी नेताओं एवं मंत्रियों के इशारों पर नाचते हैं। पदोन्नति, मलाईदार पदों पर नियुक्ति और अन्य तरीकों से दिया जाने वाला प्रलोभन प्रशासन तंत्र को सत्ता के पक्ष में करने के लिए काफी है, जबकि लोकतंत्र में लोकसेवकों से निष्पक्षता, ईमानदारी एवं कार्यदक्षता के आधार पर फैसले की उम्मीद की जाती है। नौकरशाह यदि सत्ताधारी दल के एजेंट के रूप में काम करते हुए दिखेंगे तो जाहिर है कार्यपालिका से जनता का भरोसा टूटेगा ही। ऐसे में कार्यपालिका के लिए अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए रखना जरूरी है। इसी कारण प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) के मौजूदा निदेशक संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल विस्तार को सर्वोच्च न्यायालय ने अवैध ठहराया है क्योंकि उनको 3 बार जो सेवा विस्तार दिया गया, इस तरह लगातार सेवा विस्तार देने का उद्देश्य क्या था? जबकि संजय कुमार मिश्रा की भ्रष्टाचारमुक्त कार्यप्रणाली के बावजूद उन पर लगातार उंगलियां उठती रही हैं।

ललित गर्ग

मद्रास हाईकोर्ट की हाल ही में की गयी टिप्पणी नौकरशाहों की उस प्रवृत्ति को उजागर करने वाली है जिसमें वे सत्ताधारी दलों का पिछल्लगू बनकर काम करते हैं।

राजनीति

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

बाल विवाह व बाल श्रम से मुक्ति के लिए 533 लोगों ने ली शपथ

बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज आदि समाजिक कुरीतियां समाज की कोढ़ : प्रीति

नवीन मेल संवाददाता

बरही । जिप सदस्या प्रीति कुमारी बाल विवाह, दहेज प्रथा, बाल श्रम आदि सामाजिक कृतियों को लेकर पूरी तरह गंभीर है. समाज से इसे जड़ से मिटाने के लिए कृत संकल्पित है. इसके लिए उन्होंने हजारीबाग के जन सेवा परिषद एवं नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के निर्देशन में कई कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को जागरूक करते हुए शपथ भी दिलवा रही है. बात चित के क्रम में उन्होने बताया कि यह सभी कुरीतियां समाज के लिए कोढ़ है, इसे हर हाल में समाप्त होनी चाहिए. इसके लिए वह प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों, सखी मंडल, पंचायतों इत्यादि में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रही है. जिसके तहत राजकीय मध्य विद्यालय बरही, प्राथमिक विद्यालय मल्लाह टोली, सखी मंडल बाराटांड़, रसोईया धमना पुराना पंचायत भवन सखी मंडल ,पूर्वी पंचायत ग्राम संगठन, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय आदि स्थानों पर करीब 533 लोगों

को कुरीतियों के खिलाफ शपथ दिलाई गई। इस दौरान उन्होंने बच्चो को इसके अवगुण और परिणाम भी बताए साथ ही बच्चियों को गुड टच और बाद टच की जानकारी भी दी. इससे बचने के उपाय और कानूनी प्रक्रियाओ से भी अवगत कराया. उन्होंने लोगो से बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण से मुक्त समाज बनाने का अपील किया. किसी भी परिस्थिति का सामना करना पड़े हम बच्चों से उनका बचपन नहीं छीनेंगे और जहां तक हो सके हम सब उनके भविष्य को संवारने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे जैसे शपथ भी दिलवाई. इस कार्यक्रम में इंदु कुमारी, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, सखी मंडल की रंगीना दीदी,राखी दीदी, पूजा दीदी आदि सभी सखी मंडल की दीदीयां मौजूद थी.

चौपारण में सरकार गिरोह ने फिर दी दस्तक

बरही। चौपारण प्रखंड के महाराजगंज चौक के समीप डॉ तौफीक आलम की क्लीनिक और कार पर 19 जुलाई की मध्यरात्रि लगभग 12 बजे फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ तौफीक आलम के पुत्र डॉ गजनफर ने बताया कि 20 जुलाई को दिन के लगभग 3 बजे उनके मोबाइल पर फोन करके बोला गया कि रात में उनके घर और कार पर गोली चली है, पैसा दो नहीं तो जान से मार देंगे. उसके बाद डॉ गजनफर डरे सहमे घटना की जानकारी घरवालों को दी. डॉ गजनफर ने यह भी बताया कि फोन पर घटना की जिम्मेदारी सरकार गिरोह ने ली है. डॉ गजनफर आलम ने बताया कि गोली फायरिंग की घटना उनकी क्लीनिक में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है. उसी के आधार पर विस्तार से जानकारी भी हुई. फुटेज खंगालने पर घटनास्थल से धमकी भरा एक पर्चा मिला है. उसमें लिखा है कि सभी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि पैसा नहीं दोगे, तो अगली बार मौत होगी. अभी गोली चली है, बाद में जान दोगे. वहीं थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर ने बताया कि घटना पर प्राथमिकी और कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है.

स्कूली छात्रों को पकड़ने से भड़का लोगों का आक्रोश

छोड़े गए छह लोग, दो को न्यायिक हिरासत में भेजा

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। चतरा पुलिस ने गुरुवार की रात चौपारण स्थित दैहर के आठ लोगों को पकड़ा, जिसमें कुछ स्कूली छात्र भी बताए जा रहे हैं. दैहर के ग्रामीणों ने चतरा पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाया है. ग्रामीण बता रहे हैं कि रात में कई घर में घुसकर दरवाजा तोड दिया गया. कुछ घरों मे महिलाएं सो रही थीं, तो उन्हें भी जबरदस्ती उठाकर तलाशी ली गई. बताने के बाद भी पुलिस ने ज्यादती की. पुलिस के अनुसार मामले को लेकर दैहर के कुछ लोगों को मामले में नामजद भी किया गया. परंतु रात में पुलिस की ज्यादती से ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं. इससे आक्रोशित दैहर के सैकड़ों महिला-पुरुष शुक्रवार की सुबह सड़क पर उतर कर दैहर मोड़ के समीप चौपारण-चतरा रोड जाम कर दिया. ग्रामीण सभी निर्दोष लोगों को छोड़ने की मांग कर रहे थे. ग्रामीण यह भी आरोप लगा रहे थे कि कांड चतरा जिले में हुआ है और पुलिस हजारीबाग जिले के ग्रामीण को परेशान कर रही है, जो न्याय सम्मत नहीं है. सूचना पाकर बरही डीएसपी, चौपारण थाना प्रभारी और पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव दैहर मोड़ पहुंचे. पूर्व विधायक ने चतरा एसपी से मोबाइल पर बात भी की. उसके बाद आठ में से छह लोगों को पूछताछ कर छोड़ दिया. वहीं दो लोगों नीरज दांगी और भूदेव दांगी के बेटे को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

हजारीबाग झामुमो जिला कमेटी भंग संयोजक मंडली गठित

हजारीबाग। झामुमो केंद्रीय समिति ने हजारीबाग जिला कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है. पार्टी ने 7 सदस्यीय हजारीबाग जिला संयोजक मंडली का गठन किया है. जिन्हें 30 दिनों के अंदर प्रखंड, पंचायत समितियों का गठन कर उसे सूची भेजने का निर्देश दिया गया है ताकि जिला समिति का गठन किया जा सके. संयोजक मंडली में संजीव बेदिया, कमल नयन सिंह,टेको चंद महतो, सोना राम मांझी, राम किशोर मुर्मू, इजहार अंसारी, नीलकंठ महतो आदि को शामिल किया गया है. हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंभु लाल यादव पर एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाया था. जिसके बाद हजारीबाग जिला कमेटी को पार्टी ने भंग कर दिया. वहीं पार्टी ने इसकी जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था. जिसमें फागू बेसरा, कमल नयन सिंह, संजीव बेदिया आदि शामिल थे. उन्होंने अपनी जांच प्रतिवेदन पार्टी को सौंपी थी. इसके बद ही साथ ही पार्टी ने हजारीबाग जिला कमेटी को भंग कर दिया, जबकि शंभु लाल यादव को 11 जुलाई को ही पार्टी से निलंबित करते हुए जांच कमेटी का गठन कर दिया था.

भाजपा नेता पर संपत्ति कब्जाने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग के प्रतिष्ठित अधिवक्ता स्व. अरुण कुमार श्रीवास्तव उर्फ मुन्ना बाबू के परिजन अपनी संपत्ति को बचाने के लिए इन दिनों पदाधिकारी के दफ्तरों का चक्कर काट रहे हैं. उनकी पत्नी शोभा श्रीवास्तव और बहू हेमा श्रीवास्तव ने भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद पर उनकी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है. उन्होंने अपने आनंदपुरी स्थित श्रीवास्तव कोठी में शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि जिस जमीन को विकसित कर दुकान बनाकर किराए में दिया गया था और अब 10 साल बीत जाने के बाद दुकान खाली नहीं किया जा रहा है. अपनी जमीन को बचाने के लिए उन्होंने पुलिस महानिदेशक, अपर सचिव, स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन, हजारीबाग एसपी और डीसी सभी से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा है. उन्होंने बताया कि उनके आवेदन पर संज्ञान नहीं लेने पर वह काफी दुखी हैं. उन्होंने कहा कि जिस संपत्ति को लेकर पिछले एक महीने से विवाद चल रहा है और मामला थाने तक पहुंचा है, लेकिन अब तक प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की. अब भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद और उनके परिवार के लोगों ने उस दुकान में फिर से काम लगा दिया है. ऐसे में उनकी मंशा स्पष्ट हो रही है कि वह जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं. पीड़िता शोभा श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है. जिस एग्रीमेंट का प्रदीप प्रसाद जिक्र कर रहे हैं, वह रजिस्टर्ड भी नहीं है और न ही उसका नोटरी किया गया है. वह 20 के स्टांप पर एग्रीमेंट पेपर दिखा रहे हैं. वर्ष 2011 में जमीन पर दुकान बनाई. फिर किराए पर दुकान बनाने में प्रदीप प्रसाद और उनके पति स्व. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने मिलकर खर्च किया था और आज वह खर्च पूरा हो चुका है. इस कारण उस दुकान को खाली करवाना चाहते हैं, ताकि जीवन यापन हो सके. उनका यह भी कहना है कि पति की मृत्यु के बाद आर्थिक स्थिति को देखते हुए परिवार के लोगों ने यह निर्णय लिया है कि उस पर घर बनाया जाए, ताकि कुछ पैसे की आमदनी हो सके. उनकी बहू हेमा श्रीवास्तव ने कहा कि वह लोग बैठ कर बात करना चाहते हैं, यह आपसी मामला है. इसमें दूसरे राजनेताओं की दखलदाजी नहीं होनी चाहिए. इसके बावजूद भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद अपनी दबंगई दिखा रहे हैं. उनका यह भी कहना कि वे लोग कानूनी प्रक्रिया से चल रहे हैं और एफआईआर दर्ज कराई गई है. अब कानून को अपना काम करना चाहिए. जिस तरह से फिर से कंस्ट्रक्शन का काम शुरू कर दिया गया है, उसे रोकना भी चाहिए. पिछले दिनों प्रदीप प्रसाद ने भी प्रेस वार्ता करके कहा था कि जो आरोप लगाया गया, वह सारा निराधार है. किसी भी व्यक्ति और महिला के साथ न तो मारपीट की गई है और न ही दुर्व्यवहार किया गया है. अगर दुकान के मालिक बात करें, तो हम लोग भी तैयार हैं.

पत्रकार परिषद की बैठक, एकता-मजबूती पर हुई चर्चा

बरही। अनुमंडल पत्रकार परिषद की एक आपातकालीन बैठक बरही स्थित उत्सव वाटिका में संपन्न हुई. जिसकी अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष संजय यादव व संचालन उपाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा ने किया. बैठक यह निर्णय लिया गया कि परिषद की एकता व मजबूती को बनाए रखना है. बाहरी संगठन के लोग परिषद के सदस्यों को गुमराह कर परिषद तोड़ने व कमजोर करने की साजिश कर रहे है जिसे आपसी एकजुटता से नाकाम करना है. सभी सदस्यों ने परिषद के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए पत्रकार हित मे संघर्ष करने का संकल्प लिया. यह भी तय हुआ कि जो भी सदस्य या पदाधिकारी अनुशासन का अनुपालन नही करेंगे परिषद उनके प्रति सख्त कार्रवाई करेगी. बैठक में जावेद इस्लाम, श्याम मोहन शर्मा, धनन्जय पाठक, डी मुन्ना प्रसाद, शंकर प्रसाद, शशि शेखर, अजय ठाकुर, किशोर राणा, उपेंद्र पाठक, अजय यादव, प्रभाकर पाठक, राजदेव गुप्ता, विजय मधेशिया, रामकृष्ण पांडेय, छोटी कुमार, जयदीप कुमार सिन्हा, अनुज सोनी, अमित कुमार सोनी, विपिन पांडेय, शोएब अख्तर, सुरेंद्र निषाद, कुनकुन सोनी, अजय कुशवाहा आदि मौजूद थे.

भुरकुंडा की कोमल सिंह बनीं मिसेज झारखंड

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ के भुरकुंडा बुध बाजार दोतल्ला पंचायत स्थित शिव नगर कॉलोनी निवासी कौशल किशोर सिंह की बेटी कोमल सिंह ने झारखंड नेक्स्ट टॉप मॉडल में अपना परचम लहराया है. उन्होंने शेलगाम फैशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम के फाइनल में मिसेज झारखंड का खिताब जीता है. कोमल ने कहा कि इस मुकाम को हासिल करने में उनकी सास व पति का अहम योगदान रहा है. इस खुशी के मोके पर विभिन्न स्थानों से उनके घर पहुंचकर लोगों ने उन्हें बधाई दी. भारतीय जनता युवा मोर्चा की रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष अंजु ठाकुर ने कोमल को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. वहीं, पंचायत प्रतिनिधि उप मुखिया प्रशांत कुमार, वार्ड सदस्य नीतू सिन्हा, रेणुका देवी, वीना देवी, अनीता देवी, दयामुनी मुर्मू ने मिसेज झारखंड बनने पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर बधाई व शुभकामनाएं दी. साथ ही उनके उज्जवल व स्वर्णिम भविष्य की कामना की. मौके पर कोमल के पति गौतम सिंह, आरती कुमारी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे.

बरकाकाना डीएवी में लाइब्रेरियन कार्यशाला

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। डीएवी बरकाकाना में जोन-डी के 12 स्कूलों के लाइब्रेरियन की कार्यशाला आयोजित की गई. दो दिवसीय कार्यशाला में विशेष प्रकार के ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर कोहा पर चर्चा की जा रही है. रिसोर्स पर्सन विनोद कुमार मिश्रा, अस्सिटेंट लाइब्रेरियन एनआईटी राउरकेला ने कार्यशाला में विशेष सत्र को संबोधित किया. मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी जोन- डी की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उर्मिला सिंह मौजूद रहीं. उर्मिला सिंह ने कार्यशाला की उपयोगिता के बारे बतलाते हुए कहा कि पुस्तकालय आज शिक्षा की रीड की हड्डी है. पुस्तकों का सही रखरखाव एवं समय-समय पर परिस्थितियों के अनुसार पुस्तकों का उचित चयन एक चुनौती भरा कार्य है. हमारे लाइब्रेरियन जब नई तकनीक से अवगत रहेंगे, तभी भविष्य में आने वाली चुनौतियों का मुकाबला कर सकेंगे. इस मौके पर डीएवी बचरा के प्राचार्य आरआर झा भी उपस्थित रहे. कार्यशाला में डीएवी कोडरमा, हजारीबाग, बरही, भरेचनगर, रजरप्पा, उरीमारी, पतरातू, गिद्दी, गांधीनगर के लाइब्रेरियन ने भाग लिया.

'लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द पूरा करें'

पीएम रोजगार सृजन योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ समाहरणालय ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना व प्रधानमंत्री शुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें रोबिन टोप्पो ने प्राप्त आवेदनों का जायजा लिया. साथ ही लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया. उन्होंने स्वीकृत, लंबित व खारिज किये गए आवेदनों से संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने की बात कही. बैठक के दौरान उन्होंने जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी व डीपीएम जेएसएलपीएस को उनके विभाग में शुक्ष्म खाद्य उद्योग से जुड़े लोगों की सूची जिला उद्योग केन्द्र को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने संबंधित सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा आवेदन सृजित कर लोगों को योजना से लाभान्वित करने की बात कही.

वन विभाग ने दो अवैध आरा मील को किया ध्वस्त, कारोबारियों में मचा हड़कप

बरकट्ठा। वन विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सलैया और चुगलामो में चल रहे दो अवैध आरा मील को ध्वस्त किया। छापामारी का नेतृत्व हजारीबाग एसीएफ एके प्रमार और बरही रेंजर कमलेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बताया की सलैया स्थित सुरेश प्रसाद एवं चुगलामो स्थित प्रकाश चौधरी के आरा मिल को ध्वस्त किया गया। छापामारी के दौरान आरा मशीन और लिपटस, महुआ लकड़ी का बोटा व पटरा जप्त किया गया। अभियान में बरही फॉरेस्टर अमर आनंद सरस्वति, बरकट्ठा फॉरेस्टर आनंद सिंह, वनरक्षी नाजिर हुसैन, राजेंद्र महतो व अन्य शामिल थे। इस कार्रवाई से आरा मिल संचालकों में हड़कप मचा हुआ है।

करियातपुर में केमिकल से लदा टैंकर पलटा कोई हताहत नहीं, चालक व उपचालक सुरक्षित

बरही । जीटी रोड स्थित करियातपुर चौक पर केमिकल से भरे टैंकर संख्या यूपी17एटी 1794 पलटने से अफरा तफरी मच गया. मुखिया मनोज कुमार के अनुसार टैंकर बंगाल की ओर से आ रहा था. करियातपुर चौक के पास अचानक टैंकर का ब्रेक फेल हो से अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया. जिससे टैंकर के पीछे का दोनो टायर ब्लास्ट हो गया और टैंकर पलट गया. जिससे जीटी रोड सहित आस पास क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई. इस दुर्घटना में चालक और उपचलाक गाड़ी में फंस गए. जिसे स्थानीय लोगो की मदद से निकाला गया. पूरे क्षेत्र में केमिकल बहने से आने जाने वाले लोगो को परेशानी का सामना कारण पड़ा तेल लेने के लिए स्थल की ओर भागने लगे. कुछ ही देर बाद प्रशासन भी पहुंचकर टैंकर को सड़क से हटाने का काम किया गया. इस घटना में किसी की भी हताहत होने की जानकारी नही मिली है. चालक और उपचालक दोनो सुरक्षित हैं.

प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप प्रतियोगिता आज

बरही। शनिवार को प्रखंड मैदान में 62वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा. जानकारी सहायक अध्यापक सह आयोजन समिति के संजय दुबे व मनोज घोष ने संयुक्त रूप से दिया. उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के दशवीं से बारहवीं के विद्यार्थी भाग लेंगे. जो पूर्वाह्न 10 बजे से प्रारंभ होगा. इस अवसर पर विभिन्न विद्यालय के टीम सहित शिक्षक इत्यादि मौजूद रहेंगे.

बातचीत

पूर्व विधायक ने किया जनता दरबार का आयोजन, कहा

जनसमस्याओं के निराकरण के लिए 24 घंटे हैं तैयार

नवीन मेल संवाददाता

बरही । पूर्व विधायक सह संयुक्त बिहार के पूर्व कबीना मंत्री मनोज कुमार यादव अपने आवास जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याओं से अवगत हुआ. इस दौरान विस क्षेत्र से कई फरियादी दरबार में पहुंचे और अपने समस्याओं से उन्हे अवगत कराया. पूर्व विधायक ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनी और ऑन द स्पॉट पदाधिकारियों से निष्पादन हेतु वार्ता किया. यह पूर्व विधायक का दूसरा जनता दरबार था. अपने व्यस्ततम रूटीन के बाबजूद जनसमस्याओं के लिए जनता के लिए जनता दरबार लगाने के लिए फरियादियों ने पूर्व विधायक का अभार जताया. पूर्व विधायक ने कहा कि जनकल्याण कार्य हो या जनहित का मामला उन्होंने प्राथमिकता के साथ हर संभव निष्पादन करने का काम किया है. जनसेवा के लिए सिर्फ पद की ही चाहत उचित नही है. वह हमेशा जनता दरबार के साथ क्षेत्र भ्रमण कर जनसमस्याओं का समाधान करने का काम किया है. इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, अशोक यादव, युगल यादव, सेवानिवृत्त रेंजर दिलीप एक्का, विशेश्वर यादव, विनोद यादव, रामदेव यादव, रुपेश राम, अमरेंद्र यादव, राजेश यादव, गुलेन्द्र यादव, कैलाश केशरी, पवन केशरी, चन्दन केशरी, बिरजू ठाकुर, संतोष प्रजापति सहित कई फरियादी मौजूद थे.

भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरूआत करेंगी



एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2023-2024 सत्र के अपने अभियान का आगाज भुवनेश्वर में चीन के खिलाफ करेगी जबकि पुरूष टीम का सामना स्पेन से होगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने बृहस्पतिवार को पांचवें प्रो लीग के कार्यक्रम की घोषणा की। भारतीय खिलाड़ियों का मानना है कि इस टूर्नामेंट से उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी में मदद मिलेगी। दोनों टीमें अपने अभियान की शुरूआत भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम पर करेंगी। एफआईएच नेशंस लीग चैम्पियन भारतीय महिला टीम छह फरवरी को चीन के खिलाफ भुवनेश्वर में खेलेगी। इसके बाद उसे नीदरलैंड, आस्ट्रेलिया और अमेरिका से खेलना है। राउरकेला में उसका सामना चीन, नीदरलैंड, आस्ट्रेलिया और अमेरिका से फिर होगा। घरेलू मैचों के बाद भारतीय महिला टीम बेल्जियम और ब्रिटेन में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन का सामना करेगी। वहीं पुरूष टीम 10 फरवरी को कलिंगा स्टेडियम पर पहले मैच में स्पेन से खेलेगी। पिछले सत्र में भारत चौथे स्थान पर रहा था और इस बार नजरें पोडियम पर रहेंगी। भारत घरेलू मैचों में स्पेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड से खेलने के बाद बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन में अर्जेंटीना और बेल्जियम से खेलेगा।

महिला फुटबॉल विश्व कप में न्यूजीलैंड की पहली जीत के बाद जश्न का माहौल

आकलैंड। सह मेजबान न्यूजीलैंड की महिला फुटबॉल टीम ने विश्व कप में पहली जीत दर्ज करते हुए ग्रुप ए में नॉर्वे जैसी मजबूत टीम को 1 . 0 से हराया और इसके बाद पूरे देश में मानों जश्न का माहौल है। अभी तक कीवी टीम महिला विश्व कप फुटबॉल में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी थी। अब जीत के साथ आगाज करके उसने नॉकआउट में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर लिया है। रग्बी के लिये अपनी दीवानगी के लिए मशहूर न्यूजीलैंड में पहली बार एक फुटबॉल मैच देखने के लिए 42000 से अधिक दर्शक स्टेडियम में पहुंचे। प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने लॉकर रूम में जाकर खिलाड़ियों को बधाई दी। इअ न्यूजीलैंड को मंगलवार को वेलिंगटन में फिलीपीन के खिलाफ खेलना है जबकि नॉर्वे की टीम हैमिल्टन में स्विटजरलैंड से खेलेगी। न्यूजीलैड के लिए विजयी गोल दूसरे हाफ की शुरूआत में हन्ना विलकिंसन ने किया।

NEWS इन ब्रीफ

कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में सात्विक और चिराग

योसु : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को जापान के युगो कोबायाशी और ताकुरो होकी को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सात्विक-चिराग ने अपने जापानी प्रतिद्वंदियों को 21-14, 21-17 से हराने के लिए सिर्फ 40 मिनट का समय लिया। सेमीफाइनल में विश्व नंबर तीन भारतीय जोड़ी विश्व नंबर दो चीन के लियांग वेंग किंग और वांग चैंग से भिड़ेगी। यह कोबायाशी और होकी के विरुद्ध सात्विक-चिराग की तीसरी जीत थी जिसके लिए उन्हें जरा भी मशक्कत नहीं करनी पड़ी। इस मुकाबले का मुख्य आकर्षण सात्विक का आक्रामक रवैया रहा जिन्होंने एक बार फिर 500 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से स्मैश मारा।

अदिति-पजारी की टीम ने ग्रेट लेक्स आमंत्रण टूर्नामेंट में कट हासिल किया

मिडलैंड (अमेरिका)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और उनकी जोड़ीदार पजारी अन्नारूकर्ण ने एलपीजीए के एकमात्र टीम टूर्नामेंट ग्रेट लेक्स आमंत्रण में कट में प्रवेश किया। अदिति और पजारी दोनों ने मिलकर 70-66 के कार्ड खेले जिससे वे संयुक्त 29वें स्थान पर चल रही हैं। शीर्ष 34 टीमें कट में जगह बनाएंगी। अदिति का एलपीजीए में अच्छा सत्र रहा है जिसमें वह एक बार उप विजेता रहीं और एलईटी में भी एक बार जीत दर्ज करने में सफल रही थीं। ग्रेट लेक्स आमंत्रण टूर्नामेंट के बाद अदिति इवियन चैम्पियनशिप और महिला ओपन में मेजर्स टूर्नामेंट खेलेंगी।

कोहली ने लगाया 29वां टेस्ट शतक

चार साल से अधिक समय से चले आ रहे इंतजार को किया खत्म

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली, जिन्होंने अपना आखिरी विदेशी शतक दिसंबर 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगाया था, ने आखिरकार अपना 29वां टेस्ट शतक पूरा कर लंबे समय से चले आ रहे इंतजार को खत्म किया। यह शतक वेस्टइंडीज में दूसरे टेस्ट की पहली पारी में आया। कुल मिलाकर, यह सभी प्रारूपों में उनका 76वां शतक है। कोहली ने वनडे में 46, टेस्ट में 29 और टी20क में 1 शतक लगाया है। दाएं हाथ के बल्लेबाज कोहली ने पहले मैच में 76 रन बनाए थे, लेकिन इसे तीन अंकों के स्कोर में नहीं बदल सके। हालाँकि, वह दूसरे टेस्ट मैच में कहीं अधिक संयमित दिखे और पहले दिन 87 रन बनाकर नाबाद रहे। समाचार लिखे जाने तक कोहली 109 रन बनाकर खेल रहे हैं, वहीं रवींद्र जडेजा ने भी अपना अर्धशतक पूरा किया।दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 142 रनों की साझेदारी हो चुकी है। भारत ने 92 ओवर में 4 विकेट पर 324 रन बना लिए हैं। भारत पहला मैच पारी और 141 रन से जीतकर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

रोहित-जायसवाल ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

दो शतकीय साझेदारी करने वाली चौथी जोड़ी बनी

एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन

कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की नई भारतीय सलामी जोड़ी ने गुरुवार को एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। यह जोड़ी विदेशी टेस्ट मैचों में दो शतकीय साझेदारी पूरी करने वाली चौथी जोड़ी बन गई है। जायसवाल-रोहित ने पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। पहले टेस्ट में दोहरी शतकीय साझेदारी के बाद,जायसवाल-रोहित ने दूसरे टेस्ट में अपना अच्छा फॉर्म जारी रखा और 139 रनों की ओपनिंग साझेदारी की।

किसी विदेशी श्रृंखला में दो शतकीय साझेदारी पूरी करने वाली पहली सलामी जोड़ी 1979 में इंग्लैंड के खिलाफ सुनील गावस्कर और चेतन चौहान की थी। इसके बाद 2004 में ऑस्ट्रेलिया में वीरेंद्र सहवाग और आकाश चोपड़ा और 2006 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सहवाग और वसीम जाफर ने यह कारनामा किया था।

लगातार शतकीय साझेदारी करने वाली भारतीय जोड़ी सहवाग और मुरली विजय की है, जिन्होंने साल 2008 से 2009 तक यह कारनामा किया था। उनके बाद गावस्कर और फारुख इंजीनियर (1973-74), गावस्कर और अंशुमन गायकवाड़ (1976), गावस्कर और अरुण लाल (1982) और सदगोप्पन रमेश और देवांग गांधी (1999) की जोड़ियां हैं। मैच की बात करें तो भारत ने यहां क्वीन्स पार्क ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 4 विकेट पर 288 रन बना लिए हैं। दिन का खेल खत्म होने पर विराट कोहली 87 और रवींद्र जडेजा 36 रन बनाकर खेल रहे हैं।

पाक के मुख्य चयनकर्ता बनने की दौड़ में मोहम्मद हफीज आगे

एजेंसी। कराची

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और आल राउंडर मोहम्मद हफीज राष्ट्रीय टीम के मुख्य चयनकर्ता बनने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। श्रीलंका के मौजूदा दौरे के समाप्त होने के बाद उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो हफीज पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की क्रिकेट प्रबंधन समिति के नये चेयरमैन जका अशरफ ने उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त करना चाहते हैं, यह पद जून से खाली पड़ा है। सूत्र ने पीटीआई से कहा, जका ने पूर्व कप्तान राशिद लतीफ और हफीज से मुलाकात की और उनसे मुख्य चनकर्ता बनने के बारे में बात की। राशिद इस पद पर काबिज होने के इच्छुक नहीं थे लेकिन हफीज ने इस पद के लिए अपनी उपलब्धता जाहिर की थी। "

आयरलैंड सीरीज के लिए भारत को मिलेगा नया टी20 कप्तान

हार्दिक पांड्या को मिलेगा आराम

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय टीम 18 अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए आयरलैंड का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आयरलैंड का दौरा करने के लिए भारत की दूसरी पंक्ति की टीम उतारने की उम्मीद है। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को तीन मैचों की श्रृंखला के लिए टीम का नेतृत्व करने की उम्मीद थी। हालांकि हालिया रिपोर्टों से पता चला है कि पांड्या को आराम दिया जा सकता है, इसके पीछे उनका कार्यभार मुख्य कारण है।

पांड्या का कार्यभार प्रबंधन भारतीय टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है, क्योंकि वह आगामी विश्व कप टीम और एशिया कप 2023 का भी अभिन्न हिस्सा हो सकते हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है और सब कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के बाद पांड्या कैसा महसूस कर रहे हैं। रिपोर्ट में बीसीसीआई सूत्र के हवाले से कहा गया, 'अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है और यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि वेस्टइंडीज में वनडे और टी20 के बाद हार्दिक कैसा महसूस कर रहे हैं। इसमें यात्रा शामिल है और फ्लोरिडा से डबलिन के लिए उड़ान भरने से पहले केवल तीन दिनों का एक छोटा सा बदलाव होगा। विश्व कप प्राथमिक महत्व का है, इसलिए किसी को अपने कार्यभार को ध्यान में रखना होगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह विश्व कप में रोहित के उप-कप्तान होंगे।'

पीकेएल ने कबड्डी खिलाड़ियों की जिंदगी बदल दी है : मंजीत छिल्लर

एजेंसी। नई दिल्ली

जैसे-जैसे प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के अगले संस्करण की नीलामी का समय नजदीक आ रहा है, खिलाड़ी लीग के 10वें सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसने कबडडी के खेल को एक नई पहचान दी है। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) इस साल अपने ऐतिहासिक दसवें सीजन को पूरा करने के कगार पर है, कबड्डी सर्किट में सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में से एक और सीजन 2 में एमवीपी विजेता - मंजीत छिल्लर, जिन्होंने प्रो कबड्डी लीग का उदय सीजन 1 से 9 तक देखा है , से इस बारे में बात की गई कि कैसे पीकेएल ने उनके जीवन को बदल दिया है। जब छिल्लर से

सीजन 10 के प्रति उनके उत्साह के बारे में पूछा गया तो वह अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। आयोजकों ने छिल्लर के हवाले से कहा, ₹यह बहुत अच्छा एहसास है। मैं पहले सीजन से ही प्रो कबड्डी लीग का हिस्सा रहा हूं। मैंने यह भी सपना देखा था कि मुझे 10वें सीजन में भाग लेने का मौका मिलेगा, लेकिन दुर्भाग्य से, आठवें सीजन के बाद मुझे संन्यास लेना पड़ा। यह लीग में भाग लेने वाले सभी कबड्डी खिलाड़ियों के लिए भावनात्मक क्षण है।" पीकेएल के दूसरे सीजन में 67 रेड पॉइंट और 40 टैकल पॉइंट हासिल करने वाले ऑलराउंडर ने भी प्रो कबड्डी लीग की अपनी सबसे अच्छी यादों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ₹मुझे लगता है कि प्रो कबड्डी में मेरा सबसे अच्छा पल आठवें सीजन में दबंग दिल्ली के.सी. के साथ लीग जीतना था। उस समय तक, मेरे पास प्रो कबड्डी लीग खिताब को छोड़कर सभी प्रकार के पदक थे। यह लंबे समय से मेरा लक्ष्य था।" पीकेएल सितंबर में एक भव्य पीकेएल सीजन 10 नीलामी के माध्यम से ऐतिहासिक दसवें सीजन की मेजबानी की दिशा में अपना पहला कदम उठाएगा। 'पहली बार पीकेएल नीलामी का हिस्सा बनने के अपने अनुभव को याद करते हुए छिल्लर ने कहा, मैंने हमेशा नाम कमाने के लिए कबड्डी खेली है, और जब पहला सीजन शुरू होने वाला था, तो मैं बस इसका हिस्सा बनना चाहता था। नीलामी तब हुई जब हम बेंगलुरु में भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा थे और पूरी टीम एक साथ बैठी थी।

महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 — खिलाड़ियों की नीलामी 22 जुलाई को

700 से अधिक खिलाड़ियों की लगेगी बोली

एजेंसी। बेंगलुरु

फैनकोड द्वारा संचालित बहुप्रतीक्षित श्रीराम कैपिटल महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 के दूसरे संस्करण की शुरूआत 13 अगस्त से हो रही है। इस साल टूर्नामेंट के फ्रेंचाइजी-आधारित मॉडल पर लौटने के साथ ही खिलाड़ियों की नीलामी 22 जुलाई को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा में गत चैंपियन गुलबर्गा मिस्टिक्स, पिछले साल की उपविजेता बेंगलुरु ब्लास्टर्स, मैसूर वॉरियर्स और हुबली टाइगर्स होंगे। इस वर्ष दो नई फ्रेंचाइजी भी शामिल होंगी, जिनका नाम मंगलुरु ड्रैगन्स और शिवमोग्गा लायंस है।

प्रत्येक टीम के प्रतिनिधि खिलाड़ियों की कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली नीलामी में भविष्य की प्रतिभाओं को उजागर करते हुए कर्नाटक के कुछ सबसे प्रमुख क्रिकेटरों के पीछे जाने के लिए उत्सुक होंगे। चैंपियनशिप टीम

बनाने के लिए प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास 50 लाख का पर्स होगा।

खिलाड़ियों को चार श्रेणियों में बांटा जाएगा। श्रेणी ए में भारत और आईपीएल के खिलाड़ी शामिल होंगे, श्रेणी बी में सभी वरिष्ठ खिलाड़ी शामिल होंगे जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी, रणजी ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जैसे बीसीसीआई राज्य टूर्नामेंट खेले हैं, जबकि श्रेणी सी में अन्य सभी बीसीसीआई टूर्नामेंट के खिलाड़ी शामिल होंगे। श्रेणी डी केएससीए के सभी पंजीकृत खिलाड़ियों के लिए आरक्षित है। नीलामी में यह निर्धारित किया गया है कि प्रत्येक टीम में अपने संबंधित क्षेत्र के दो खिलाड़ियों के अलावा कम से कम 16 खिलाड़ी और 18 से अधिक खिलाड़ी नहीं होने चाहिए। नीलामी में कर्नाटक के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें अपन्ना केपी, अभिनव मनोहर, करिअप्पा केसी, देवदत्त पडिक्कल, कृष्णप्पा गौतम, करुण नायर, मनीष पांडे, मयंक अग्रवाल, अभिमन्यु मिथुन, प्रवीण दुबे, रोनित मोरे, श्रेयस गोपाल, सुचित जे, विशाक विजय कुमार शामिल हैं। नीलामी से पहले, महाराजा ट्रॉफी के आयुक्त और केएससीए के उपाध्यक्ष बीके संपत कुमार ने कहा, "पिछला संस्करण जबरदस्त सफल रहा था, हमने देखा कि कई युवा खिलाड़ियों ने मौके का फायदा उठाया। यह टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य है; हम कर्नाटक के और अधिक युवाओं को अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते देखना चाहते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "इस साल हमने सुनिश्चित किया है कि नीलामी सबसे पेशेवर तरीके से आयोजित की जाएगी, जिसमें 700 से अधिक खिलाड़ी नीलामी में शामिल होंगे।"

अग्रवाल, पडीक्कल व पांडे की लगेगी बोली, 14 अगस्त से शुरू होगा टूर्नामेंट

कर्नाटक के बड़े खिलाड़ी जैसे मयंक अग्रवाल, देवदत्त पडीक्कल और मनीष पांडे उन 700 क्रिकेटरों में शामिल हैं जिनमें से छह टीमें महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 से पहले शनिवार को यहां होने वाली नीलामी में खिलाड़ियों को चुनेंगी। इस साल का टूर्नामेंट 14 से 30 अगस्त तक एक ही स्थल एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जायेगा। मेंगलुरु ड्रैगन्स और शिवामोग्गा लायंस दो टीमों को टूर्नामेंट में शामिल किया गया है जिससे प्रतिभागी टीमों की संख्या छह तक पहुंच गयी है। इसमें गत चैम्पियन गुलबर्गा मिस्टिक्स, उप विजेता बेंगलुरु ब्लास्टर्स, मैसुरू वारियर्स और हुबली टाइगर्स पहले से खेल रही थीं।

प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास 50 लाख रुपये की

राशि होगी और उन्हें कम से कम 16 खिलाड़ियों को खरीदना होगा और टीम 18 से ज्यादा खिलाड़ियों की नहीं होगी। चार वर्ग ए, बी, सी और डी में खिलाड़ियों को बांटा गया है।

NEWS इन ब्रीफ

पूर्वोत्तर के राज्य जीएसटी संग्रह, हस्तांतरण के सफल उदाहरण

गुवाहाटी। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संग्रह और हस्तांतरण का सफल उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि राज्य वित्त पर आरबीआई की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार पूर्वोत्तर के आठ राज्यों ने जीएसटी में 27.5 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर्ज की है। सीतारमण केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों और कर्मचारियों के एक कार्यक्रम में बोल रही थीं। इस कार्यक्रम का आयोजन विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार देने के लिए किया गया था।

मोदी सरकार का बड़ा फैसला, गैर-बासमती चावल के निर्यात पर लगाई रोक

नई दिल्ली। सरकार ने आगामी त्योहारों के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा कीमतों को काबू में रखने के लिए बृहस्पतिवार को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गैर-बासमती उसना चावल और बासमती चावल की निर्यात नीति में कोई बदलाव नहीं होगा। कुल निर्यात में दोनों किस्मों का हिस्सा बड़ा है। देश से निर्यात होने वाले कुल चावल में गैर-बासमती सफेद चावल की हिस्सेदारी लगभग 25 प्रतिशत है। भारत से गैर-बासमती सफेद चावल का कुल निर्यात वित्तवर्ष 2022-23 में 42 लाख डॉलर का हुआ था, जबकि इससे पिछले वर्ष में निर्यात 26.2 लाख डॉलर का था।

शेयर बायबैक में छापना चाहते हैं नोट

लार्सन एंड टुब्रो व इंडियामार्ट विचार करेगी

एजेंसी। नई दिल्ली

अगर आप शेयर बायबैक फायदा उठाना पसंद करते हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। दो कंपनियां शेयर बायबैक की योजना बना रही हैं। पहली है इंजीनियरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो। और दूसरी है ऑनलाइन बिजनस-टू-बिजनस मार्केटप्लेस इंडियामार्ट। एलएंडटी ने विगत गुरुवार को कहा कि वह अगले हफ्ते होने वाली बोर्ड मीटिंग में शेयर बायबैक पर विचार करेगी। यह कंपनी के इतिहास में पहला शेयर बायबैक होगा। कंपनी के शेयर बायबैक प्लान की खबर के बाद एलएंडटी के शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है।

25 जुलाई को होगी बैठक : जून तिमाही के परिणामों को मंजूरी देने के लिए एलएंडटी बोर्ड की बैठक 25 जुलाई को हो रही है। बैठक के दौरान कंपनी एक्ट, 2013 और सेबी (बायबैक एंड सिक्युरिटीज) रेगुलेशंस 2018 के तहत इक्विटी शेयरों के बायबैक पर विचार करेगी। इसके अलवा मीटिंग में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इक्विटी शेयरों पर स्पेशल डिविडेंड पर भी विचार किया जाएगा।

2 अगस्त हो सकती है रिकॉर्ड डेट एलएंडटी ने कहा, 'यदि मंजूरी मिल जाती है तो इस डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट बुधवार, 2 अगस्त 2023 होगी।' इस बीच कंपनी ने यह भी घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने इसके पूर्ण स्वामित्व वाली दो सब्सिडियरीज- एलएंडटी इनोवेशन कैंपस (चेन्नई) लिमिटेड और एलएंडटी सीवुड्स लिमिटेड के विलय को मंजूरी दे दी है।

52 वीक हाई पर कंपनी का शेयर

लार्सन एंट टुब्रो का शेयर शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में बढ़त के साथ ट्रेड करता दिखा। कंपनी का शेयर बीएसई पर करीब 11 बजे 2.65 फीसदी या 66 रुपये बढ़कर 2555.60 पर ट्रेड करता दिखा। यह शुरूआती कारोबार में अधिकतम 2572.80 रुपये तक गया था। यह इस शेयर का 52 वीक हाई भी है। वहीं, इसका 52 वीक लो 1715 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप बीएसई पर 3,59,517.40 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

इंडियामार्ट ने दी शेयर बायबैक को मंजूरी :उधर इंडियामार्ट के बोर्ड ने शेयर बायबैक प्लान को मंजूरी दे दी है।

घी-मक्खन के घट सकते हैं दाम, जीएसटी दरों में कटौती कर सकती है सरकार

नई दिल्ली। टमाटर और सब्जियों की महंगाई की मार झेल रही जनता को आने वाले दिनों में घी और मक्खन की कीमतों में थोड़ी राहत मिल सकती है। दरअसल सरकार घी और मक्खन पर माल एवं सेवा कर यानी जी.एस.टी. की दरों को कम करने का प्रस्ताव लाने वाली है। सूत्रों का कहना है कि घी और मक्खन दोनों पर 12 फीसद की दर से जी.एस.टी. लगता है और केंद्र सरकार इसे घटाकर पांच फीसद करने की तैयारी कर रही है। दूध की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं और लोगों को इससे भी राहत नहीं मिल पाई है। पिछले एक साल में दूध 10.1 फीसद और 3 साल में 21.9 फीसद महंगा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने सरकार से घी और मक्खन पर जी.एस.टी. कम करने का अनुरोध किया है।

दुनिया के टॉप अमीरों ने एक झटके में गंवाएं 35,27,13,95,00,000

नई दिल्ली। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक वह 234 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे बड़े रईस बने हुए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर फ्रांस के अरबपति बर्नार्ड आरनॉल्ट हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 1.57 अरब डॉलर की गिरावट आई और अब यह 201 अरब डॉलर रह गई है। बेजोस 155 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में तीसरे, बिल गेट्स (138 अरब डॉलर) चौथे और लैरी एलिसन (131 अरब डॉलर) पांचवें नंबर पर हैं। एलिसन की नेटवर्थ में गुरुवार को 3.66 अरब डॉलर की गिरावट आई। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अमेरिका के स्टीव बालमर 120 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ छठे नंबर पर हैं। गुरुवार को उन्होंने 2.60 अरब डॉलर गंवाए। बफे 116 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ सातवें, जकरबर्ग (110 अरब डॉलर) आठवें, लैरी पेज (109 अरब डॉलर) नौवें और सर्गेई ब्रिन (104 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी 99.5 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में 11वें नंबर पर बने हुए हैं। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी 60.9 अरब डॉलर के साथ 22वें नंबर पर हैं।

डीमर्जर के बाद जियो फाइनैंशयल बनी 20 अरब डॉलर की कंपनी, अडानी और टाटा को भी छोड़ा पीछे

नई दिल्ली। जियो फाइनैंशल सर्विसेज लिमिटेड रिलायंस इंडस्ट्रीज से अलग हो गई है। मुकेश अंबानी की इस फाइनैंशल सर्विस कंपनी का डीमर्जर से पहले एनएसई ने स्पेशल प्री-ओपेन सेशन आयोजित किया। इस दौरान जियो फाइनैंशल की प्राइस डिस्कवरी हुई और इसका शेयर प्राइस 261.85 रुपये फिक्स होने के बाद इसकी वैल्यू 20 अरब डॉलर से अधिक आंकी गई है। यह वैल्यूएशन कंपनी को अडानी समूह की कंपनियों, कोल इंडिया और इंडियन ऑयल से भी आगे खड़ा कर देता है। मार्केट में डीमर्जर होते ही कंपनी का शेयर प्राइस विश्लेषकों की उम्मीद से कहीं ज्यादा ही उछल गया। जेएफएस के शेयर की कीमत विश्लेषकों के अनुमान 160-190 रुपये से कहीं ज्यादा है। शेयर होल्डर्स को उनके पास मौजूद प्रत्येक रिलायंस शेयर पर एक जेएफएस का शेयर मिलेगा। इसे निफ्टी 50 सहित प्रमुख भारतीय इंडक्स में शामिल किया जाएगा, लेकिन लिस्टिंग होने तक ट्रेड नहीं होगा। मतलब जेएफएसएल के शेयर कारोबार के लिए निकट भविष्य में उपलब्ध होंगे। बुधवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के बंद भाव 2,841.85 रुपये और गुरुवार को बाजार में नियमित कारोबार शुरू होने के पहले आयोजित एक घंटे के विशेष सत्र के अंत में रहे 2,580 रुपये के भाव के अंतर यानी 261.85 रुपये कंपनी के शेयर का मूल्य तय किया गया है। इस आधार पर जेएफएसएल इस आधार पर जेएफएसएल के शेयरों का कुल मूल्य 1,66,000 करोड़ रुपये यानी 20 अरब डॉलर से अधिक होगा। इस मार्केट कैप के साथ जियो फाइनैंशल सर्विसेज मार्केट कैप के हिसाब से देश की 32वीं मूल्यवान कंपनी बन जाएगी।

वैश्विक सुस्ती से भारत को घरेलू खपत दे रही स्वाभाविक सहारा : अजय बंगा

नई दिल्ली। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि वैश्विक सुस्ती के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था को उसकी घरेलू खपत से स्वाभाविक सहारा मिल रहा है क्योंकि देश की जीडीपी का बड़ा हिस्सा घरेलू मांग पर आधारित है। बंगा ने यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने जी20 सम्मेलन और भारत एवं विश्व बैंक के बीच सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हमने जी20 बैठक से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की। हमने इस बात पर भी चर्चा की कि विश्व बैंक और भारत किस तरह से जी20 से इतर भी काम कर सकते हैं। विश्व बैंक के लिए भारत पोर्टफोलियो के लिहाज से सबसे बड़ा बाजार है और हमारे तमाम हित यहां से जुड़े हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था का दुनिया में बजेगा डंका, विशेषज्ञों ने कहा-

बड़ी ताकत बनने की ओर देश कर लेगा अमेरिका की बराबरी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और टिप्पणीकार मार्टिन वुल्फ ने एक लेख में कहा है कि पश्चिमी देशों के नेता सोच-विचार कर भारत पर दांव लगा रहे हैं। इंडियन इकॉनमी निश्चित रूप से दुनिया में तेजी से एक बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर है और 2050 तक इसका आकार अमेरिका के बराबर होगा। वुल्फ ने द फाइनैशल टाइम्स में लिखे लेख में कहा, मैं मानता हूं कि भारत 2050 तक प्रति व्यक्ति जीडीपी की

ग्रोथ को पांच प्रतिशत या इसके आसपास बनाए रख सकता है। बेहतर नीतियों से ग्रोथ इससे ऊंची भी रह सकती है। हालांकि, यह इससे कुछ कम भी रह सकती है। उन्होंने कहा कि भारत ह्यचीन प्लस वन स्ट्रेटिजी को अपनाने वाली कंपनियों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। बड़े घरेलू बाजार की वजह से इस मामले में दूसरे प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में भारत लाभ की स्थिति में है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी है। पर्चेजिंग पावर के मामले में यह तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 2050 तक देश की जनसंख्या 1.67 अरब पर पहुंच जाएगी। अभी भारत की आबादी 1.43 अरब है। वुल्फ ने कहा कि देश के बैंकों का बही-खाता बेहतर हो गया है।

विदेश

पाकिस्तान में बारिश से 101 की मौत, 180 घायल

इस्लामाबाद। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने कहा कि 25 जून को मानसून का मौसम शुरू होने के बाद से पाकिस्तान में कम से कम 101 लोग मारे गए हैं और 180 अन्य घायल हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एनडीएमए के अनुसार, पंजाब प्रांत 57 मौतों और 118 चोटों के साथ सबसे ज्यादा प्रभावित है। गुरुवार शाम तक, भारी बारिश के कारण प्रांतीय राजधानी लाहौर सहित पंजाब में 53 घर भी नष्ट हो गए। लाहौर में मूसलाधार बारिश को पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने रिकॉर्ड तोड़करार दिया, इससे शहर में बाढ़ आ गई, कई इलाके जलमग्न हो गए और सड़क यातायात घंटों तक बाधित रहा। रावलपिंडी में भी बुधवार को 12 घंटे से अधिक समय तक भारी बारिश हुई, इसके परिणामस्वरूप नदियों और नालों में जल स्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ गया और स्थानीय नगरपालिका प्राधिकरण को किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने में मदद के लिए सेना बुलानी पड़ी।

कनाडा में जंगल की आग से जूझते हुए हेलीकॉप्टर पायलट की मौत

एजेंसी। ओटावा

कनाडा के अलबर्टा प्रांत में जंगल की आग से जुझते हुए दुर्घटना में एक हेलीकॉप्टर पायलट की मौत हो गई। देश में रिकॉर्ड गर्मी के बीच होने वाली यह तीसरी मौत है। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि पीस नदी क्षेत्र में मैनिंग शहर के दक्षिण-पूर्व में हुई दुर्घटना में घायल हुए 41 वर्षीय पायलट की मौत हो गई, हालांकि घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचे वनकर्मियों ने जान बचाने की कोशिश की थी। बीबीसी ने कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड (टीएसबी) के प्रवक्ता क्रिस क्रेपस्की के हवाले से बताया कि अधिकारियों को सबसे पहले गुरुवार शाम 6.15 बजे दुर्घटनास्थल पर एक इमरजेंसी

बीकन से ट्रांसमिशन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि हेलीकॉप्टर पायलट की किन चरणों में मौत हुई होगी, यह तब हुआ होगा जब वह पानी उठा रहा था या पानी छोड़ रहा था। हम यही पता लगाने की कोशिश करे रहे है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ट्विटर पर कहा, ₹मुझे यह सुनकर दुख हुआ कि जंगल की आग से जूझ रहे एक और कनाडाई व्यक्ति की जान चली गई। हम अपने प्रांत और अपने देश के प्रति उनकी सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। पिछले हफ्ते, ब्रिटिश कोलंबिया के रेवेलस्टोक के पास एक पेड़ गिरने से 19 वर्षीय फायरफाइटर डेविन गेल की मौत हो गई थी। वर्तमान में, पूरे कनाडा में लगभग 900 आग की घटनाएं हुई हैं, जिनमें 553 ऐसी हैं जिन्हें नियंत्रण से बाहर माना जा रहा है। देश ने एक साल में जंगल की आग से जलने वाले सबसे बड़े क्षेत्र के अपने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस साल अब तक, जंगल की आग ने कनाडा में 24 मिलियन एकड़ से अधिक भूमि को नष्ट कर दिया है। यह क्षेत्र लगभग आइसलैंड या अमेरिकी राज्य इंडियाना के आकार का है। आग से निकलने वाले धुएं के कारण अमेरिका के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता संबंधी सलाह दी गई है और लाखों अमेरिकियों को चेतावनियां दी गई हैं।

चीन अमेरिका के साथ बेहतर रिश्तों पर चर्चा को तैयार : शी चिनफिंग

एजेंसी। बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर से कहा कि उनका देश अमेरिका के साथ पटरी से उतरे रिश्तों को ठीक करने के लिए चर्चा को तैयार है। उन्होंने बुजुर्ग अमेरिकी राजनयिक से संबंधों को सुधारने में मदद करने का आग्रह किया जैसा उन्होंने 50 साल पहले दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्तों को स्थापित कर किया था। किसिंजर फिलहाल बीजिंग की यात्रा पर हैं। वह अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और वित्त मंत्री जेनेट येलेन की इस महीने हुई यात्रा के बाद यहां आए हैं। उनके अलावा वाशिंगटन के शीर्ष जलवायु दूत जोन कैरी भी रिश्तों को सुधारने के लिए चीन की यात्रा कर चुके हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी चीन के खिलाफ सख्त नीतियां अपनाई हैं जिसमें व्यापार और तकनीकी प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ क्वाड और ऑकस जैसे प्रभावशाली रणनीतिक समूहों का गठन शामिल है। क्वाड में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं जबकि ऑकस में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन शामिल हैं। इन्हें लेकर चीन का कहना है कि इन समूहों का मकसद उसके उदय को रोकना है। चिनफिंग चीन की यात्रा आए अमेरिकी अधिकारियों से मिलने से बचते हैं लेकिन वह किसिंजर से मिलने के लिए बीजिंग के दिआओयुताई राजकीय अतिथि गृह पहुंचे और चीन-अमेरिका के रिश्तों में सुधार करने के लिए उनकी मदद मांगी।

प्रदर्शन

कनाडा में फिर फीका रहा जनमत संग्रह

भारतीय समुदायों में तनाव पैदा कर रह है खालिस्तानी

एजेंसी। वाशिंगटन

कनाडा में खालिस्तानियों का बीते रविवार को हुआ जनमत संग्रह फिर फीका रहा। बताया जा रहा कि भारत द्वारा कनाडा सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के कारण जनमत संग्रह में आने वाले सिख समुदाय के लोगों की संख्या घटती जा रही है। जिस हिसाब से इस जनमत संग्रह का प्रचार किया गया था, उस हिसाब से इसमें हिस्सा लेने वालों की संख्या मुट्ठी भर रह गई है। इस जनमत संग्रह को भारत द्वारा प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एस.जे.एफ.) द्वारा ही करवाया गया था। सूत्रों का कहना है कि चंद खालिस्तानी जनमत संग्रह के नाम पर भारतीय समुदाय के लोगों में तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत ने इस बार करवाए गए जनमत संग्रह पर भी आपत्ति जताई थी। बताया जा रहा है कि पिछले साल ब्रैम्पटन में हुए जनमत संग्रह में प्रशासन ने सार्वजनिक सामुदायिक केंद्र का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन इस बार भारत के दबाव के चलते एस.जे.एफ. को आयोजन के

लिए ऐसी जगह देने से इनकार कर दिया गया। हालांकि एस.जे.एफ. ने दावा किया था कि यह जनमत संग्रह उन लोगों के लिए करवाया जा रहा है जो पहले वोट देने से चूक गए थे। मतदान केंद्र का नाम कनाडाई निवासी मोहिंदर सिंह कूनर के नाम पर रखा गया है, जिसे 1989 को भारत-पाकिस्तान सीमा के पास राजस्थान में सीमा सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। कूनर का आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स और इंटरनेशनल सिख यूथ से सीधा संबंध था। ये दोनों संगठन कनाडा में आतंकवादी संगठनों के रूप में प्रतिबंधित हैं। जनमत संग्रह में फेल होने का एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि पंजाब से भारत पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावकों ने उन्हें इस तरह की भारत विरोधी गतिविधियों में हिस्सा लेने से इनकार दिया था। दूसरी ओर पंजाब सरकार ने भी कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों को लेकर कड़ा रुख अपनाना शुरू कर दिया है। पंजाब से कनाडा पढ़ने जाने वाले छात्र यदि वहां भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाते हैं तो उन्हें कनाडा की नागरिकता के लिए सरकार से मिलने वाली क्लियरेंस में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का संगठन एस.जे.एफ.पंजाब से कनाडा पढ़ाई के लिए जाने वाले सिख समुदाय के बच्चों को गुमराह कर अपनी खालिस्तानी राजनीति को जीवंत रखना चाहते हैं। गौरतलब है कि हाल ही में असोसियेट टाइम्स द्वारा करवाए गए सर्वे में पाया गया है कि खालिस्तानी समर्थक विदेशों में सिख समुदाय के लोगों से भारत में खालिस्तान आंदोलन चलाने के पैसा एकत्रित करते हैं।

रूस ने यूक्रेन में लगातार तीसरी रात किए हवाई हमले

कीव। रूस ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी रात यूक्रेन के दक्षिणी शहरों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए। युद्धकालीन समझौते की समाप्ति पर विवाद के बाद दक्षिण बंदरगाह शहर ओडेसा एक बार फिर रूस के निशाने पर है। कुछ दिन पहले ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को प्रमुख काला सागर बंदरगाह से अनाज भेजने की अनुमति दी थी। हालांकि, बाद में पुतिन ने कहा कि मॉस्को ह्यकाला सागर अनाज पहल' में अपनी सहभागिता रोकेगा। इस पहल से दुनिया तक खाद्यान्न का निर्यात बढ़ा और कई ऐसे देशों तक अनाज पहुंचा जो भुखमरी का सामना कर रहे थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि ओडेसा में हुए हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हुई तथा काला सागर के करीब एक शहर मायकोलाइव में एक बच्चा सहित कम से कम 19 लोग घायल हुए। हाल ही में रूस और क्रीमिया प्रायद्वीप को जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण पुल पर हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया था।

पेज एक के शेष

अपराध पर...

खुली छूट दी हुई है परंतु अपराध नियंत्रण पर सफलता क्यों नहीं मिल रहा है? मौके पर मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों से वर्तमान समय में राज्य के भीतर हो रही अपराधिक घटनाओं एवं अपराध नियंत्रण हेतु कानून व्यवस्था की स्थिति की पूरी जानकारी ली और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में राज्य के अंदर अपराध के चेहरे हर दिन बदल रहे हैं। नए-नए अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। कई अपराध सुनियोजित तरीके से किए जा रहे हैं। कुछ लोग राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। पुलिस विभाग राज्य में सुनियोजित अपराधिक गतिविधियों एवं नए-नए अपराधों पर शिकंजा क्यों नहीं कस पा रही है, इस पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई साथ ही मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को सूचना तंत्र को मजबूत करने का कड़ा निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए, कोताही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस प्रशासन के समक्ष नई-नई चुनौतियां आ रही हैं। पुलिस विभाग इन चुनौतियों से निपटने में किसी तरह की लापरवाही न बरतें, अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, अपराधियों पर किसी भी बड़े समूह का आश्रय क्यों न प्राप्त हुआ हो, पुलिस बिना किसी दबाव के कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। किसी भी हाल में राज्य में अपराध का ग्राफ ऊपर नहीं जाना चाहिए। अपराधियों का मनोबल तोड़ने का काम पुलिस विभाग अवश्य करे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपकी सूझबूझ, आपकी कार्यशैली, आपका सूचना तंत्र, आपकी क्रिएटिविटी एवं सतर्कता से अपराधिक घटनाओं पर तत्काल लगाम लगाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हो सकता है कि आने वाले समय में सुनियोजित अपराध की घटनाएं बढ़ेंगी, आपके सामने कई चुनौतियां भी आ सकती हैं, वर्तमान चुनौतियों से निपटने के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति भी पुलिस विभाग तैयार करे। मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

ज्ञानवापी व मथुरा मंदिर-मस्जिद मुद्दे ...

है कि मस्जिद श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थान पर बना है, इसलिए उसे वहां से हटाया जाए। 30 सितंबर 2020 मथुरा के एक सिविल कोर्ट ने हिंदू पक्ष की इस याचिका को ये कहकर खारिज कर दी थी कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट, 1991 के तहत इस केस की सुनवाई नहीं हो सकती। हिंदू पक्ष ने इसके खिलाफ जिला न्यायालय में अपील की। मई 2022 में मथुरा कोर्ट ने सिविल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए कहा कि ये मामला सुनवाई योग्य है। मामला अभी ट्रायल कोर्ट में चल ही रहा था कि हिंदू पक्ष उच्च न्यायालय चला गया और मामले को उच्च न्यायालय में ट्रांसफर करने की मांग की। हिंदू पक्ष ने दलील दी कि मामला भगवान कृष्ण के करोड़ों भक्तों से जुड़ा है और राष्ट्रीय महत्व का है। इस वर्ष फरवरी में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के ट्रांसफर की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया और मई में मामले को उच्च न्यायालय में ट्रांसफर करने की मंजूरी दे दी।

प्रतिबंधित संगठन...

संगठन का पर्चा चंदा रसीद, तीन मोबाइल और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। इस बाइक को जून महीने में खूंटी थाना क्षेत्र से चुराया गया था। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने शुक्रवार शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि सुबह एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली कि पीएलएफआई के एरिया कमांडर राडुग बोदरा उर्फ लम्बू अपने दस्ते के सदस्यों के साथ ठेकेदारों से लेवी वसूलने और रंगदारी मांगने के लिए भ्रमणशील है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एएसपी अभियान रमेश कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जंगल के समीप मोटरसाइकिल पर सवार दो उग्रवादियों को खदेड़कर पकड़ा गया, जबकि एरिया कमांडर सहित अन्य पांच-छह उग्रवादी भागने में सफल रहे। गिरफ्तार सुधीर बोदरा के विरूद्ध पिछले वर्ष मूरहू थाने में एक मामला दर्ज है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ



एससी ने मंत्री सेंथिल बालाजी मामले में ईडी को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु के गिरफ्तार मंत्री वी. सेंथिल बालाजी और उनकी पत्नी द्वारा मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर नोटिस जारी किया है, जिसमें नौकरियों के लिए कथित नकदी घोटाले के सिलसिले में द्रमुक नेता को हिरासत में लेने के ईडी के अधिकार को बरकरार रखा गया था। न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ मामले की जांच करने के लिए सहमत हुई और याचिकाओं पर ईडी से जवाब मांगा। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख तय की।

छग : झीरम हमले में शामिल 3 नक्सलियों ने किया समर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज तीन नक्सलियों ने आत्म समर्पण कर दिया। तीनों नक्सली झीरम घाटी हमले में शामिल थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक के सामने तीनों नक्सलियों ने सरेंडर किया है। तीनों पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। झीरम घाटी में 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा नक्सली हमला हुआ था। इस हमले में नक्सलियों ने 32 लोगों की बर्बरता से हत्या कर दी थी।

दिल्ली हाईकोर्ट रद्द किया आलोक कुमार के खिलाफ ट्रायल कोर्ट का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें दिल्ली पुलिस को विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) नेता आलोक कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। 2019 में वीएचपी रैली के दौरान कथित तौर पर नफरत भरा भाषण देने के लिए एक सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष मंदर ने शिकायत दर्ज कराई थी। न्यायमूर्ति योगेश खन्ना ने 20 मार्च, 2020 को ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी, जब वीएचपी नेता आलोक कुमार ने अदालत से इसे रद्द करने की मांग की थी।

जी20 श्रम व रोजगार मंत्रियों की बैठक में पीएम मोदी बोले

टेक्नोलॉजी पर फोकस करने की जरूरत है

एजेंसी। नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के इंदौर में हो रही जी20 सम्मेलन के तहत श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। जी20 श्रम मंत्रियों की बैठक में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह चौथी औद्योगिक क्रांति का युग है, जहां प्रौद्योगिकी रोजगार के लिए मुख्य चालक बन गई है और रहेगी। इंदौर में आयोजित बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'स्किलिंग, री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग भविष्य के कार्यबल के लिए मंत्र हैं। भारत में दुनिया में कुशल कार्यबल के सबसे बड़े प्रदाताओं में से एक बनने की क्षमता है। हमें प्रत्येक देश की अद्वितीय आर्थिक क्षमताओं, शक्तियों और चुनौतियों पर विचार करना चाहिए। एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण अपनाना सामाजिक सुरक्षा के स्थायी वित्तपोषण के लिए उपयुक्त नहीं है। प्रधान मंत्री ने पिछले ऐसे प्रौद्योगिकी-आधारित परिवर्तन के दौरान अनगिनत प्रौद्योगिकी नौकरियां पैदा करने में भारत की क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विकास के वैश्वीकरण और कौशल को सही अर्थों में साझा करने में जी20 की भूमिका पर भी जोर दिया। मोदी ने कौशल और योग्यता आवश्यकताओं के आधार पर व्यवसायों के अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ को शुरू करने के लिए सदस्य देशों के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वय के नए मॉडल और प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी की आवश्यकता है। प्रधान मंत्री ने शुरूआत के लिए नियोक्ताओं और श्रमिकों के संबंध में आंकड़े, सूचना और डेटा साझा करने का सुझाव दिया, जो दुनिया भर के देशों को बेहतर कौशल, कार्यबल योजना और लाभकारी रोजगार के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियां बनाने के लिए सशक्त बनाएगा। उन्होंने बताया कि भले ही लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना 2030 एजेंडा का एक प्रमुख पहलू है, अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा अपनाई गई वर्तमान रूपरेखा केवल उन लाभों के लिए है, जो कुछ संकीर्ण तरीकों से संरचित हैं, जबकि अन्य रूपों में प्रदान किए गए कई लाभ इसके अंतर्गत शामिल नहीं हैं। मोदी ने रेखांकित किया कि भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज की सही तस्वीर समझने के लिए, सार्वभौमिक सार्वजनिक स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, बीमा और पेंशन कार्यक्रमों जैसे लाभों को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

पीएम मोदी आज रोजगार मेले में 70 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री आज सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 70,000 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इन व्यक्तियों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि रोजगार मेला देशभर में 44 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों व केंद्रशासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। देशभर से चुने गए नए कर्मचारी राजस्व विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, जल संसाधन विभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और गृह मंत्रालय सहित सरकार के विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में नियुक्त किये जाएंगे। प्रधानमंत्री की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में रोजगार मेला एक कदम है। आशा है कि रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तीकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

श्रीलंका के साथ विकासात्मक साझेदारी को मजबूत करने के लिए भारत तत्पर : राष्ट्रपति

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के नेतृत्व में श्रीलंका के साथ अपनी विकासात्मक साझेदारी को जारी रखने और मजबूत करने के लिए तत्पर है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे गुरुवार को भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे थे। भारत में राष्ट्रपति विक्रमसिंघे का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि श्रीलंका भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति और सागर (क्षेत्र में सभी की सुरक्षा और विकास) विजन में एक विशेष स्थान रखता है। पिछले एक वर्ष में श्रीलंका को उसकी आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत का बहु-आयामी समर्थन, श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय संबंधों के प्रति भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत जरूरत की घड़ी में हमेशा श्रीलंका के साथ खड़ा रहा है और भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमारी साझेदारी हमारे दोनों देशों और बड़े हिंद महासागर क्षेत्र के आम लोगों के लिए स्थायी और फायदेमंद है। दोनों नेताओं ने कहा कि भारत और श्रीलंका कई क्षेत्रों में कई प्रमुख परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं, और भारत-श्रीलंका विकास साझेदारी ने श्रीलंकाई लोगों के जीवन को सकारात्मक तरीके से प्रभावित किया है।

अभी और कम होंगे टमाटर के दाम : अश्विनी चौबे

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता और सार्वजनिक वितरण मामलों के राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि महाराष्ट्र के शहर नासिक, नारायणगांव, औरंगाबाद क्षेत्र सहित मध्य प्रदेश में टमाटर की नई फसल आने के बाद अब इसके मूल्य में गिरावट आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम और कोलार (कर्नाटक) में सफेद मक्खी की बीमारी के कारण टमाटर की उपज प्रभावित हो गई थी। इसके कारण इसके भाव चढ़ गए थे। फिलहाल आम लोगों के लिए सरकार 70 रुपये प्रति किलों में टमाटर उपलब्ध करवा रही है। चौबे से शुक्रवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ और राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ रियायती दरों में लोगों को टमाटर उपलब्ध करवा रहे हैं। अभी दिल्ली-एनसीआर सहित अन्य जगहों पर 70 रुपये प्रति किलो में टमाटर उपलब्ध करवाया जा रह है। खपत के हिसाब से उपज न होने के कारण इसके दाम में अचानक वृद्धि हुई थी। फिलहाल अभी स्थिति पहले की तुलना में ठीक हुई है।

सीमा हैदर ने भारत की नागरिकता दिलाने की राष्ट्रपति से लगाई गुहार



एजेंसी। नई दिल्ली

पबजी खेलते-खेलते भारत के सचिन के प्यार में आई पाकिस्तान की सीमा हैदर ने भारत की नागरिकता दिलाने की गुहार लगाई है। सीमा हैदर ने वकील एपी सिंह के जरिये राष्ट्रपति को अर्जी दाखिल कर भारत की नागरिकता देने की मांग की है। अर्जी में भारत की नागरिकता देने की मांग करते हुए कहा गया है कि भारत में कई अभिनेता और अभिनेत्रियों को नागरिकता दी गई है। ऐसे में जब उसने हिन्दू धर्म की रीति रिवाज से शादी कर ली है और अब वह बुलंदशहर में रह रही है तो उसे भी भारत की नागरिकता दी जाए। एपी सिंह के मुताबिक सीमा के ऊपर तमाम आरोप लगाए जा रहे हैं। कोई उसे आतंकवादी करार दे रहा है, कोई आईएसआई का एजेंट बता रहा है तो कोई घुसपैठिया कह रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वो अपने चार मासूम बच्चों के साथ हिन्दू धर्म अपनाने और सचिन के साथ नेपाल में हिन्दू रीति रिवाज से शादी करने के बाद भारत आई है। इसे मानवता और प्रेम के दृष्टिकोण से भी देखना चाहिए।

जबलपुर समेत देशभर में 17 ठिकानों पर सीबीआई का छापा

एमईएस निर्माण कार्यों में करोड़ों की गड़बड़ी का मामला

एजेंसी। जबलपुर

जबलपुर में सेना की एमईएस के निर्माण कार्यों में 16.24 करोड़ रुपये की गड़बड़ी के मामले में सीबीआई ने छापेमारी की है। मामले से जुड़े अधिकारियों और ठेकेदारों के ठिकानों पर शुक्रवार सुबह से छापामारी की जा रही है। छापेमारी में घोटाले से जुड़े दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक छापेमारी जारी है। सीबीआई के अनुसार, जबलपुर की मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस में निर्माण कार्य के लिए 59 ठेके हुए थे। आरोप है कि बिना निर्माण किए ही ठेकेदारों को पूरा पैसा दे दिया गया। इसकी शिकायत पर शुक्रवार सुबह जबलपुर, दिल्ली, राजस्थान, शिलांग और उत्तर प्रदेश समेत देशभर में सेना के इंजीनियरिंग विभाग के आठ अधिकारियों के साथ नौ ठेकेदारों की फर्मों पर भी छापे की कार्रवाई की जा रही है। ये फर्म सिविल मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल कामों से जुड़ी हुई हैं। मामले में सीबीआई ने 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही गलत तरीके से भुगतान हासिल करने वाली फर्मों को भी आरोपित बनाया गया है। देशभर में 17 ठिकानों पर यह कार्रवाई की जा रही है। सीबीआई की टीमें जबलपुर, जोधपुर, प्रयागराज और शिलांग में स्थित लोक सेवकों और निजी फर्मों के 17 स्थानों पर तलाशी ले रही हैं। सीबीआई ने आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120-बी, 420, 465, 466, 468 और 471 के साथ-साथ 13(2) आर/डब्ल्यू 13(1)(ए) पी.सी. के तहत। अधिनियम, 1988 (2018 में संशोधित) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

रैंप वॉक के लिए नेटिजेंस ने एक्ट्रेस आलिया भट्ट को किया ट्रोल

करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की इस समय खूब चर्चा हो रही है। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट फिलहाल फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। हाल ही में दोनों मनीष मल्होत्रा के रैंप वॉक शो में शामिल हुए। मनीष मल्होत्रा के 'ब्राइडल कॉउचर शो' रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें रणवीर सिंह के कॉन्फिडेंस की तो सभी ने सराहना की, लेकिन आलिया भट्ट को बड़ा ब्लिंग लहंगा पहनने को लेकर ट्रोल किया जा रहा है। मनीष मल्होत्रा के शो में रणवीर सिंह सफेद और क्रीम शेरवानी में नजर आए, जबकि आलिया भट्ट ने ग्रे और सिल्वर लहंगा पहनी थी। वॉक के दौरान दोनों ने कैमरे के सामने पोज भी दिए, लेकिन आलिया भट्ट अपनी ड्रेस उठाते हुए बेहद सावधानी से चलती नजर आईं।

'द ट्रायल' : नोयोनिका पर काजोल ने कहा- एक महिला सब कुछ अकेले नहीं संभाल सकती

वेब-सीरीज 'द ट्रायल' में अभिनेत्री काजोल का किरदार 'नोयोनिका' हर महिला को अपेक्षाओं से गुजरने का उदाहरण देता है, जो जीवन को संतुलित करने में आने वाली चुनौतियों से मेल खाता है। आज के समाज में महिलाओं पर अक्सर भारी सामाजिक दबाव डालकर कई भूमिकाओं में उत्कृष्टता हासिल करने की उम्मीद रखी जाती है। महिलाओं को हमेशा पालन-पोषण करने वाली मां और समर्पित साझेदार बनने से लेकर अपने करियर में सफलता हासिल करने और घरेलू जिम्मेदारियों को निभाते हुए पाया गया है। सीरीज में 'नोयोनिका' की यात्रा इन महिलाओं के अनुभव को दशार्ती है। इस बारे में बात करते हुए काजोल ने कहा, ₹नोयोनिका के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि हर महिला खुद को उससे पहचानती है। जीवन के हर बिंदु पर महिलाओं को अच्छी मां, एक अच्छी पत्नी और अच्छा इंसान बनने की भूमिकाओं को पूरी तरह से निभाना सिखाया जाता है। काजोल ने कहा,₹यही वह पल था जहां नोयोनिका को लगा कि वह हर चीज में परफेक्ट है और उसी समय उसकी दुनिया ढह गई। तब उसे एहसास हुआ कि वह हर चीज में अच्छी नहीं हो सकती, वह एक अच्छी पत्नी, एक अच्छी मां नहीं बन सकती।

मुद्दा मणिपुर हिंसा: कांग्रेस सहित विपक्षी दलों का भारी हंगामा

लोस कार्यवाही 24 जुलाई तक स्थगित

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में मणिपुर में हिंसा को लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों का भारी हंगामा शुक्रवार को भी जारी रहा, जिसके कारण सदन में कोई कामकाज नहीं हो पाया और सदन की कार्यवाही 24 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने एक बार के स्थगन के बाद 12 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए एवं नारे लगाते हुए सदन के बीचो-बीच आ गये। अग्रवाल ने जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाए, लेकिन इस दौरान भी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दोहराया कि सरकार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा चाहती, लेकिन विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं है। उनका कहना था कि सरकार लगातार स्पष्ट कर रही है कि वह इस मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार है। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों को शांत रहने, लोकहित के मुद्दों पर चर्चा करने और अपनी सीटों पर बैठने का आग्रह किया, लेकिन हंगामा कर रहे सदस्यों ने उनकी एक नहीं सुनी। हंगामा बढ़ता गया इसे देखते हुए श्री अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह 11 बजे अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू किया, विपक्षी सदस्य तख्तियां लेकर नारेबाजी और हंगामा करने लगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हंगामे के बीच सदन को आश्वस्त किया कि सरकार विपक्ष की मांग के अनुसार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

विपक्ष संसद में चर्चा से भाग रहा है, कार्यवाही नहीं चलने दे रहा : अनुराग

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कांग्रेस नीत विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर चर्चा कराना चाहती है और चर्चा में भाग भी लेना चाहती है, लेकिन विपक्ष चर्चा से भाग रहा और संसद की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा। सूचना प्रसारण मंत्री ठाकुर ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि संसद के पिछले कुछ सत्रों का उदाहरण देखें तो यह स्पष्ट होता है कि विपक्ष कोई न कोई बहाना बनाकर यह प्रयास करता है कि चर्चा न हो, संसद न चले। लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराये गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के परोक्ष संदर्भ में ठाकुर ने कहा कि कुछ लोग सदन के सदस्य नहीं रहे हैं, ऐसे में उनकी मंशा तो यह है कि इसके बाद सदन चले ही नहीं। उन्होंने कहा, सरकार चर्चा के लिए तैयार होती है तब भी सदन नहीं चलने दिया जाता। आखिर विपक्ष चर्चा से क्यों भाग रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि देश की जनता संसद सत्र को काफी उम्मीद की नजरों से देखती है, लेकिन जब विपक्षी दल मुद्दों को नहीं उठाने देते, चर्चा नहीं होने देते हैं तब उनकी (विपक्ष की) भूमिका पर स्वयं सवाल उठते हैं।

वरुण-जान्हवी की परफॉर्मेंस देख फैंस भी बोले 'बवाल' हो गया

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की फिल्म 'बवाल' ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। फिल्म में जान्हवी कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं। रिलीज होते ही यह फिल्म इंटरनेट की दुनिया में ट्रेंड करने लगी। इस फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर की परफॉर्मेंस ने सभी का ध्यान खींचा है। दोनों पहली बार किसी फिल्म में साथ काम कर रहे हैं। वरुण और जान्हवी की 'बवाल' को ट्विटर पर अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। एक्टर वरुण धवन और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की फिल्म 'बवाल' ने ओटीटी पर खूब धमाल मचाया है। इस फिल्म में वरुण और जान्हवी पति-पत्नी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पूरी फिल्म में प्यार, तकरार और रिश्तों में तकरार देखने को मिलती है।

अमिताभ बच्चन ने गुजराती फिल्म 'ट्रॉन एक्का' का ट्रेलर जारी किया

मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने शुक्रवार को आनंद पंडित की अगली गुजराती फिल्म 'ट्रॉन एक्का' का ट्रेलर जारी किया। 'ट्रॉन एक्का' की घोषणा के बाद से ही प्रशंसक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि यश सोनी मल्हार ठाकर और मित्रा गढ़वी का जादुई संयोजन इस बार क्या कमाल दिखाएगा। अब ट्रेलर की झलक देखकर फिल्म को लेकर प्रशंसकों की उम्मीदें और बढ़ गई है। ट्रेलर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बिग बी ने लिखा, "भयानक तिकड़ी एक बार फिर गुदगुदा देने वाली कॉमेडी के साथ वापस आ रही है। अपना दिमाग चकराने के लिए तैयार हो जाइए। मेरे प्रिय मित्र आनंद पंडित को सफलता की ढेर सारी शुभकामनाएं। कहानी तीन अनजान युवाओं के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक साधारण-मध्यम वर्गीय घर को गुप्त जुए के अड्डे में बदलकर पैसा कमाने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक सिचुएशनल कॉमेडी है और ट्रेलर भी कहानी की मजेदार और अराजक ऊर्जा को प्रदर्शित करता है।